**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 42.4 | 29.9 |
| जमशेदपुर | 42.6 | 23.4 |
| डालटनगंज | 41.8 | 22.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 03 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 18 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


मोदी बोले- कांग्रेस करती है मुस्लिम तुष्टीकरण

## सोच रहा हूं- भ्रष्टाचारियों से जब्त पैसे जनता को लौटा दूं...


**आगरा।** यूपी के आगरा में पीएम नरेंद्र मोदी रैली को संबोधित किया. कहा, भ्रष्टाचार पर लगातार कार्रवाई हो रही है. भ्रष्टाचारियों से पैसा लौटाया जा रहा. मैं सोच रहा हूं कि भ्रष्टाचारियों से आया पैसा जनता को लौटा दूं. कुछ लोग विरोध में बौखला गए हैं. लोगों की शक्ति विपक्ष को पसंद नहीं है. विपक्ष वोट बैंक की राजनीति कर रहा. बिना भेदभाव के विकास मोदी की गारंटी है. हम तुष्टीकरण की राजनीति नहीं करते. विपक्ष पर करारा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर हम आरक्षण नहीं देंगे. कांग्रेस ने ठान लिया है कि वह धर्म के आधार पर रिजर्वेशन लाकर रहेगी. इसके लिए कांग्रेस ने तरीका निकाला है कि 27% का ओबीसी का जो कोटा है, उसमें से चोरी कर लिया जाए. उसे छीन लिया जाए और धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया जाए. संविधान इस बात की इजाजत नहीं देता है. कांग्रेस और विपक्ष पर मुस्लिम तुष्टीकरण का आरोप लगाया.



राहुल गांधी ने की आम लोगों से अपील

## संविधान व लोकतंत्र बचाने के लिए कांग्रेस को वोट करें

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले लोगों का आह्वान किया कि वे लोकतंत्र एवं संविधान बचाने तथा पार्टी के क्रांतिकारी मेनिफेस्टो के लिए वोट करें.एक वीडियो संदेश में आरोप लगाया कि भाजपा संविधान व लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है. यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है. एक तरफ भाजपा-आरएसएस हैं, जो लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं. दूसरी तरफ कांग्रेस और इंडिया गठबंधन संविधान और लोकतंत्र को बचा रहे हैं.दो यात्राओं के दौरान आप से बात करके और आपके दिल के अंदर जो था, उसको सुनकर हमने घोषणापत्र बनाया. यह आपका घोषणापत्र है. हमने इसे बनाया, लेकिन आवाज आपकी है. पीएम मोदी ने 22-25 लोगों को अरबपति बनाया है, लेकिन हम करोड़ों महिलाओं और युवाओं को लखपति बनाने जा रहे हैं.



खरगे ने पीएम मांगा मिलने का समय, कहा

## उनको समझाएंगे कि मोदी जी, गलतबयानी तो न करें

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को पीएम मोदी को पत्र लिख कर कहा कि वह उनसे मिलकर अपने मेनिफेस्टो के बारे में सही जानकारी देना चाहते हैं, ताकि पीएम के रूप में वह ऐसा कोई बयान न दें, जो गलत हो. खरगे ने मोदी द्वारा प्रचार में कांग्रेस पर धन बांटने और विरासत कर संबंधी आरोप लगाए जाने के बाद यह पत्र लिखा है. खरगे ने कहा, आपकी भाषा और भाषणों से मैं बिल्कुल भी हैरान नहीं हूं. पहले चरण भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आपसे और भाजपा नेताओं से ऐसी बातें करने की उम्मीद भी थी. संदर्भ से हट कर कुछ शब्दों को पकड़ना और फिर सांप्रदायिक विभाजन पैदा करना मोदी की आदत बन गई है. आप ऐसी बातें करके पद की गरिमा कम कर रहे हैं जब यह सब (चुनाव) पूरा हो जाएगा तो लोग यह याद रखेंगे कि प्रधानमंत्री ने हार के डर से इस तरह की अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था.



संजय सिंह ने लिखा पीएम को पत्र, कहा

## केजरीवाल के लिए तिहाड़ जेल टॉर्चर हाउस बन गयी

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी और उपराज्यपाल वीके सक्सेना को चिट्ठी लिखी है. उन्होंने चिट्ठी में कहा कि तिहाड़ जेल अरविंद केजरीवाल के लिए टॉर्चर रूम बन गई है. इस चिट्ठी में कहा कि सूत्रों से उन्हें पता चला है कि पीएमओ 24 घंटे केजरीवाल पर नजर रख रहा. ऐसा लग रहा कोई जासूस केजरीवाल की जासूसी कर रहा. केजरीवाल को 23 दिन तक इंसुलिन नहीं दी गई. दिल्ली के लोगों की सेवा करना क्या केजरीवाल का अपराध है? उनसे ये व्यक्तिगत दुश्मनी क्यों? क्या आप विपक्ष के नेता की जान लेकर उसे खत्म करना चाहते हैं. मुझे दुख है पीएमओ और एलजी की निगरानी में ये सब हो रहा है. संजय सिंह ने कहा कि क्या होगा अगर कल केजरीवाल पर भी इस तरह का हमला हो जाए. हमें तिहाड़ जेल में सीएम की सुरक्षा को लेकर फिक्र हो रही है. केजरीवाल की जान को खतरा है.



### 'जय श्रीराम' लिखने से ही पास हो गए छात्र!

**जौनपुर।** यूपी वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी के फार्मेसी विभाग के छात्र अब एग्जाम कॉपी पर जय श्रीराम लिख कर पास हो रहे हैं. आरटीआई से जब कॉपियों की प्रतियां मिलीं तो सबके होश उड़ गए. शिकायतकर्ता का आरोप है कि पैसा लेकर छात्रों को पास किया गया. वहीं जब मामला समझ में आया तो विवि जांच करने में जुट गया है. छात्र नेता दिव्यांशु सिंह ने कुलपति से लेकर पीएम तक शिकायत की कि कुछ कर्मियों की मिलीभगत से फिसड्डी छात्रों को भी अच्छे अंक देकर पास कर दिया गया. इसके बाद पुनः मूल्यांकन कराया गया, तो अंक में भिन्नता पाई गई. इसके बाद शिकायतकर्ता ने आरटीआई से छात्रों की कॉपी मांगी, तो हैरान रह गये. कॉपियों में जय श्रीराम, जय हनुमान लिखे मिले. और ये सब अच्छे नंबरों से पास कर दिये गये थे. विवि अब जांच करवा रहा है.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,900 |
| चांदी (किलो) | 85,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### पटना के होटल में आग से छह की मौत

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में गुरुवार को भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य की हालात गंभीर बनी हुई है. एसपी (पटना सेंट्रल) चंद्र प्रकाश ने बताया कि मृतकों की पहचान करने के बाद उनके परिजनों को सूचित किया जाएगा. उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों की जांच के लिए विशेष टीम बुलायी गयी है. पेज 11 भी देखें

#### व्हाट्सएप पर मिलेगी केस की जानकारी

**नयी दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने डिजिटलीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए गुरुवार को घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से अधिवक्ताओं को वाद सूची और मामलों को दाखिल करने व सूचीबद्ध करने की जानकारी साझा करेगा. उन्होंने कहा कि इसका बहुत प्रभावशाली असर होगा और इससे कागज व पृथ्वी को बचाने में भी मदद मिलेगी. - पेज 12 भी देखें

#### केजरीवाल शराब घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता: ईडी

**नयी दिल्ली।** ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता हैं और तथ्य आधारित अपराध के लिए किसी की भी गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा का उल्लंघन नहीं कर सकती है.

#### अखिलेश ने कन्नौज से किया नामांकन

**कन्नौज (उप्र)।** सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को को कन्नौज लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया. इस तरह कई दिनों से उनके चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम लग गया है.-पेज 12 भी देखें



### हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ में जाति प्रमाण पत्र से संबंधित मामले में सुनवाई, दिया निर्देश

# उन्हें जारी करें नोटिस, जिनकी नियुक्ति प्रभावित हो सकती है

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची**

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) और झारखंड पब्लिक सर्विस कमिशन (जेपीएससी) में जाति प्रमाण पत्र से संबंधित शर्त और नियमों को चुनौती देनेवाली याचिका पर हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ में गुरुवार को सुनवाई हुई. झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस राजेश शंकर की फुल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए वैसे अभ्यर्थियों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है जिनकी नियुक्ति इस मामले के आदेश से प्रभावित हो सकती है.साथ ही कोर्ट ने इसके लिए आम सूचना जारी करने का भी निर्देश दिया. मामले में जेपीएससी की ओर से वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार सिन्हा एवं जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार और राकेश रंजन ने पक्ष रखा. मामले की अगली सुनवाई 27 जून को होगी.


**पूर्ण पीठ तीन बिंदुओं पर सुनवाई कर रही है :** झारखंड हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ जाति प्रमाण पत्र से संबंधित तीन बिंदुओं पर सुनवाई कर रही है. कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की खंडपीठ ने इस मामले में तीन बिंदु निर्धारित करते हुए इसे वृहद पीठ में सुनवाई के लिए भेजा था. इस बेंच के पास जो तीन बिंदु सुनवाई के लिए हैं, उनमें एक है कि क्या जेपीएससी या जेएसएससी की ओर से निर्धारित फार्मेट में ही जाति प्रमाण पत्र होना चाहिए. विज्ञापन में दी गयी अंतिम तिथि के बाद जारी जाति प्रमाण पत्र मान्य होगा या नहीं. सुप्रीम कोर्ट के राम कुमार जीजोरिया के मामले में दिया गया आदेश इस तरह के मामले में लागू होगा या नहीं. इस संबंध में डा. नूतन इंदवार सहित 43 याचिकाएं दाखिल की गई हैं.

**जाति प्रमाण पत्र से संबंधित शर्तों व नियमों को दी गई है चुनौती :** जेएसएससी और जेपीएससी द्वारा जाति प्रमाण पत्र से संबंधित जो शर्तें लगाई गईं हैं और जो नियम तय किए गए हैं, उसे लेकर डॉ. नूतन इंदवार सहित 40 अन्य प्रार्थियों की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में अपील दाखिल की गई है. याचिका में कहा गया है कि नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में प्रार्थियों ने रिजर्व कैटेगरी में आवेदन दिया था, लेकिन आयोग ने उनकी जाति प्रमाण पत्र को माना ही नहीं और सारे अभ्यर्थियों को सामान्य श्रेणी में शामिल कर लिया, जबकि इन्होंने अपनी श्रेणी में निर्धारित कट ऑप मार्क्स से ज्यादा अंक प्राप्त किया है. बता दें कि जेपीएससी और जेएसएससी की ओर से दंत चिकित्सक, शिक्षक और रेडियो ऑपरेटर सहित अन्य पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया था.

### अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामला

## हाईकोर्ट से राहुल गांधी को बड़ी राहत

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट ने चाईबासा सिविल कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है. साथ ही अदालत ने निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर भी रोक लगा दी है. वहीं जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने इस केस के सूचक को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. बता दें कि यह मामला भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में देश के गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ बयान देने से जुड़ा है. दरअसल चाईबासा सिविल कोर्ट ने 27 फरवरी को अवमानना मामले में सुनवाई करते हुए राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था. जिसके खिलाफ राहुल गांधी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दखिल की थी. राहुल गांधी की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय ने बहस की.



### लोकसभा चुनाव

# दूसरे चरण का मतदान आज

### 13 राज्य, 89 सीटें

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 89 सीट पर शुक्रवार को मतदान होगा. मतदान की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं. दूसरे चरण में केरल की वायनाड सीट भी शामिल है, जहां से कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं. केरल की सभी 20 सीट के अलावा कर्नाटक की 28 में से 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र व यूपी की 8-8, मध्य प्रदेश की 7, असम व बिहार की 5-5, छत्तीसगढ़ व बंगाल की 3-3 और मणिपुर, त्रिपुरा व जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीट पर मतदान होगा. दूसरे चरण में आउटर मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र से चार सहित कुल 1206 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं.



**मैदान में बड़े चेहरे:** कांग्रेस के राहुल गांधी, शशि थरूर, भूपेश बघेल, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, अभिनेता अरुण गोविल, डीके सुरेश (कांग्रेस), एचडी कुमारस्वामी (जद-सेक्युलर), हेमा मालिनी, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और गजेंद्र सिंह शेखावत, तेजस्वी आदि.

कुल प्रत्याशी 1202

पुरुष प्रत्याशी 1098 | महिला प्रत्याशी 102

कुल मतदाता 15.88 करोड़

मतदान केंद्र 1.67 लाख

मतदानकर्मी 16.01 लाख

## ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह है भाजपा : सीएम

**संवाददाता। गुमला**

सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह पूंजीपतियों की पार्टी है. पीएम मोदी पूंजीपतियों के लिए वोट मांग रहे हैं. गरीबों की उन्हें चिंता नहीं है. हेमंत सोरेन पीएम आवास योजना का पैसा मांगते रह गए, लेकिन मोदी ने पैसा नहीं दिया. गरीबों का घर बनाने के लिए हमने अबुआ आवास योजना देने का काम किया. लोहरदगा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कांग्रेस नेता सुखदेव भगत के नामांकन में शामिल होने आए सीएम ने सभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं. उन्होंने कहा कि मोदी झूठ की गारंटी दे रहे हैं. पेट्रोलियम के मूल्य में तीन गुना वृद्धि हो गया, वो महंगाई की बात करते हैं. हर चमकने वाली वस्तु सोना नहीं होती. मोदी झारखंड को वनांचल कहते है, आदिवासी को वनवासी. बहरुपिए को पहचानिए. सीएम ने सुखदेव को जिताने का आह्वान किया. मंच पर बंधु तिर्की, विधायक नेहा शिल्पी उपस्थित थे. मंचीय कार्यक्रम में मंत्री रामेश्वर उरांव, आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर,विधायक भूषण तिर्की, जिग्गा सुसारन होरो, गीता श्री उरांव, रमा खलखो आदि शामिल थे. हवाई अड्डे पर सीएम चंपाई सोरेन का स्वागत विधायक भूषण तिर्की ने कार्यकर्ताओं के साथ बुके देकर किया.



सुखदेव भगत के नामांकन के बाद जनसभा में इंडिया गंठबंधन के नेता.

### त्रिकोणीय संघर्ष में फंसी लोहरदगा सीट कांग्रेस के सुखदेव भगत ने भरा पर्चा

#### समीर उरांव, चमरा लिंडा व सुखदेव भगत के बीच मुकाबला

**रांची।** लोहरदगा सीट त्रिकोणीय संघर्ष में फंस गयी है. गुरुवार को कांग्रेस के सुखदेव भगत ने पर्चा भरा. पर्चा दाखिल करने के बाद भगत ने कहा, अभी विवेक से काम लेने का समय है. चमरा लिंडा ने बिना सोचे-समझे पर्चा भर दिया है. उनसे गलती हुई है. बताते चलें कि झामुमो विधायक चमरा लिंडा के नामांकन के बाद उहापोह की स्थिति बन गई है. राजनीतिक गलियारों में इसकी भी चर्चा हो रही है कि पूर्व मंत्री एनोस एक्का की झारखंड पार्टी भी चमरा को सपोर्ट दे सकती है. इससे भी इंडिया गठबंधन के सुखदेव के लिए और मुश्किल हालात पैदा हो सकते हैं. चमरा लिंडा 2009 और 2014 में कांग्रेस को हराने में अपनी अहम भूमिका निभाई थी. इस लिहाज से चमरा लिंडा के कारण 2024 का चुनाव भी कांग्रेस के लिए मुश्किल भरा रहेगा.



# चीन ने फिर हदें पार कीं !

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

### सियाचिन के पास सड़क बना रहा ड्रैगन, सैटेलाइट इमेज से खुली पोल, रक्षा मंत्री दो बार कर चुके हैं यात्रा

चीन ने फिर से हदें पार की हैं. अब वह पीओके में सियाचिन ग्लेशियर के पास सड़क बना रहा है. इसका खुलासा सैटेलाइट इमेज के जरिए हुआ है. यह सड़क कंक्रीट की है. भारत को इस पर आपत्ति है. सड़क अवैध रूप से कब्जाए कश्मीर में यानी दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धस्थल सियाचिन के उत्तर में बन रही है. न्यूज चैनल इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, पीओके से एक हिस्सा चीन के पास 1963 में गया. वहां शक्सगम में चीन हाईवे जी-219 का विस्तार कर रहा है. यह इलाका चीन के शिनजियांग से सटा हुआ है. यह सियाचिन ग्लेशियर के इंदिरा कोल से 50 किलोमीटर दूर उत्तर दिशा की तरफ स्थित है.



**यूरोपीयन स्पेस एजेंसी ने ली तस्वीर :** सैटेलाइट तस्वीरें यूरोपीयन स्पेस एजेंसी ने ली हैं. पता चला कि पिछले साल जून से अगस्त के बीच यह सड़क बनी है. उसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो बार सियाचिन का दौरा कर चुके हैं. भारतीय सेना के पूर्व कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राकेश शर्मा ने बताया कि चीन की ओर से बनी सड़क पूरी तरह से अवैध है. -शेष पेज 7 पर

### सेंसेक्स एक बार फिर 74,000 के पार



**मुंबई।** बैंक, वित्तीय एवं धातु शेयरों में तगड़ी खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही. सेंसेक्स 487 अंक बढ़ कर एक बार फिर 74,000 अंक के पार पहुंच गया, जबकि निफ्टी 22,550 के ऊपर बंद हुआ.

# जुबां से कुछ न बोले, पर तिरंगा जानता सब है

### प्रसंगवश



**बैजनाथ मिश्र**

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

**कांग्रेस ही वंशवादी राजनीति की जननी है.आज भी कांग्रेस का मतलब गांधी परिवार है. चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त करने -कराने का श्रीगणेश इंदिरा गांधी ने ही शुरू किया था.**

रांची में रविवार को संपन्न भारी भरकम रैली में संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हुंकार भरी गयी. पिछले शुक्रवार (19 अप्रैल) को पहले चरण के मतदान के दौरान भी सोशल मीडिया पर लोकतंत्र हावी रहा. अलग-अलग उपमाओं, रुपकों के साथ लोकतंत्र पर खतरा निरूपित किया गया. मदर ऑफ डेमोक्रेसी पर मर्डर ऑफ डेमोक्रेसी चस्पां किया गया. लेकिन टोटल वोटिंग सवा फीसदी घट गयी. अब इसके अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं. वह भी अपने-अपने हिसाब से. लेकिन इतना तो साफ है कि लोकतंत्र बचाने के लिए मतदाताओं का हुजूम नहीं उमड़ा. उमड़ता भी कैसे ? जिन गिरोहों के कारिंदों, वित्तपोषित महानुभावों ने जिनके लिए यह अभियान चलाया, उनकी साख ही गिरवी पड़ चुकी है. जिन्हें अपने बेटे-बेटियों, घर-परिवार और नाते-रिश्तेदारों के अलावा कोई दमदार उम्मीदवार दिखाई नहीं देता है, उनकी लोकतंत्र की दुहाई सुहाती कम कचोटती ज्यादा है. अपने बिहार में ही देख लीजिए ! सर्वेंट क्वार्टर से महल में बिराजे महाराज की पत्नी विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष हैं, तो बेटा विधानसभा में यही कुर्सी सुशोभित कर रहा है. दूसरा बेटा विधायक है ही. अब दो बेटियां लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं. यह बताना जरूरी नहीं है कि वह चार मामलों में सजायाफ्ता हैं और दूसरे गंभीर मामले में भी सजा हो सकती है. लोकतंत्र बचाओ मुहिम के एक किरदार उत्तरप्रदेश में हैं. पत्नी लोकसभा की प्रत्याशी हैं. वे स्वयं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं. चार चाचाओं के बेटे चार लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाये गये हैं ताकि लोकतंत्र सुरक्षित रह सके. ये महानुभाव भी अपने पिता की बदौलत ही पार्टी के मुखिया और सर्वेसर्वा हैं.

दक्षिण में एक परिवार निधिधारी है. इस परिवार की सभी निधियां विधानसभा में सुशोभित हैं और राज्य की सत्ता का सूत्र संचालित कर रही हैं. लोकसभा चुनाव में भी करीब आधा दर्जन रिश्तेदार ताल ठोंक रहे हैं. बंगाल में लोकतंत्र का इतना विस्तार नहीं हुआ है. हुआ केवल यह है कि बुआ को भतीजे के अलावा कोई योग्य नेता दिखाई नहीं देता है. छिटपुट उदाहरण तो हर राज्य में बिखरे पड़े हैं. अपना झारखंड भी इसी लोकतांत्रिक शैली में मशगूल है. लेकिन कहिए तो भड़क जाएंगे और सामनेवाली टीम से उदाहरण परोसने लगेंगे. लेकिन यह सवाल गौण कर जाएंगे कि क्या मुख्य मुकाबले वाली पार्टी वंशवादी दल है ? कांग्रेस के बारे में तो कुछ कहना-लिखना ही फिजूल है, क्योंकि गांधी के जमाने में ही उनकी सहमति से मोतीलाल नेहरू ने जवाहरलाल नेहरू को अध्यक्ष पद हस्तांतरित किया था और महान लोकतांत्रिक कहे जानेवाले नेहरू ने भी वही परंपरा जारी रखते हुए इंदिरा गांधी को अध्यक्ष पद सौंप दिया था. दरअसल कांग्रेस ही वंशवादी राजनीति की जननी है. आज भी कांग्रेस का मतलब यही परिवार है. चुनी हुई सरकारों को संविधान की रक्षा के लिए बर्खास्त करने-कराने का श्रीगणेश इंदिरा गांधी की अध्यक्षतावाली कांग्रेस ने किया था. इसकी पूरी सूची है कि किन प्रधानमंत्रियों ने कितनी सरकारों का गला घोंटा. लेकिन संविधान कभी खतरे में नहीं पड़ा. आज है, क्योंकि वर्तमान प्रधानमंत्री कायर और बुजदिल हैं. उन्होंने दस वर्षों में कोई राज्य सरकार बर्खास्त ही नहीं की.

-शेष पेज 7 पर

## मोदी और राहुल को ईसी ने भेजा नोटिस, मांगा जवाब

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

चुनाव आयोग ने पीएम नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कथित तौर पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघनों का संज्ञान लिया है. भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने एक-दूसरे के नेताओं पर धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर नफरत एवं विभाजन फैलाने का आरोप लगाया था.

आयोग ने भाजपा-कांग्रेस को नोटिस जारी कर 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा है. जन प्रतिनिधित्व एक्ट की धारा 77 के तहत पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार ठहराया है. पीएम मोदी और राहुल गांधी के खिलाफ आरोपों का जवाब क्रमशः भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मांगा गया है.

### आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन का मामला

कांग्रेस ने मोदी के बांसवाड़ा में दिए गए बयान पर शिकायत की थी. मोदी ने कहा था कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का सर्वे कर घुसपैठियों (मुसलमानों) में बांटने वाली है. शिकायत पर चुनाव आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस भेजा है. शिकायत में कांग्रेस ने कहा था कि मोदी ने अपने भाषण में आरोप लगाया है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति मुसलमानों को बांटना चाहती है और विपक्षी दल महिलाओं के मंगलसूत्र को भी नहीं छोड़ेगा.

## प्रवासी मजदूरों से संपर्क साधेगा चुनाव आयोग

**रांची।** चुनाव आयोग राज्य के प्रवासी मजदूरों से संपर्क कर उन्हें वोट के लिए प्रेरित करेगा. इसे लेकर गुरुवार को चुनाव आयोग कार्यालय में श्रम विभाग से बैठक कर निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रवासी मजदूरों का डेटा आयोग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. श्रम विभाग की ओर से बैठक में बताया गया कि उनकेपास 1 लाख 70 हजार प्रवासी मजदूरों का डेटा है. उनके मोबाइल नंबर भी हैं. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को उनके मोबाइल नंबर पर बल्क मैसेज भेजकर उनसे चुनाव महापर्व में भागीदारी करने और मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा. दूसरी ओर बैठक में शामिल गृह विभाग के अधिकारियों से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वे विभिन्न सिक्युरिटी एजेंसियों से संपर्क कर उसमें कार्यरत कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करें. बताया कि उनके पास 416 सिक्युरिटी एजेंसियों का डेटा है.

# रफ्तार धीमी: किसानों से सिर्फ 16.62 लाख क्विंटल धान की हुई खरीदारी

**60 लाख क्विंटल धान खरीदारी का है लक्ष्य**

**174.16**

**करोड़ अब तक किसानों को भुगतान हो चुका है**

रवि भारती। रांची

किसानों से धान अधिप्राप्ति की रफ्तार धीमी पड़ गई है. राज्य सरकार ने धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य 60 लाख क्विंटल रखा है. इसके विरुद्ध अब तक किसानों ने 16 लाख 62 हजार 617 क्विंटल ही धान जमा किया है. इसके एवज में किसानों के बीच 174 करोड़, 16 लाख 25 हजार 513 रुपए का भुगतान किया जा चुका है.



### 3.72 लाख किसानों को भेजा गया था एसएमएस

सरकार की ओर से 3 लाख 72 हजार 614 किसानों को एसएमएस भेजा गया था. इसके विरुद्ध 24,934 किसानों ने ही धान की बिक्री की. इस हिसाब से तीन लाख 47 हजार 680 किसानों ने अब तक धान की बिक्री नहीं की है. खाद्य आपूर्ति विभाग के अनुसार तय समय पर लक्ष्य के अनुसार धान की अधिप्राप्ति कर ली जाएगी.

**सबसे पीछे लोहरदगा और दुमका :** धान की अधिप्राप्ति में लोहरदगा और दुमका जिला सबसे पीछे हैं. लोहरदगा में 124 किसानों ने 7665 क्विंटल धान की बिक्री की है. वहीं दुमका में 8115 क्विंटल धान की बिक्री हुई है. सरायकेला खरसांवा में भी 15119 क्विंटल धान की अधिप्राप्ति हुई है.

**किस जिले से कितने क्विंटल धान की खरीदारी हुई**

| जिला | धान (क्विंटल में) | जिला | धान (क्विंटल में) |
|---|---|---|---|
| रांची | 114167 .41 | गोड्डा | 45057 .13 |
| साहिबगंज | 23723 .37 | गुमला | 39296 .17 |
| सरायकेला-खरसांवा | 15119 .77 | हजारीबाग | 237257 .21 |
| पश्चिम सिंहभूम | 33690 .88 | जामताड़ा | 28358 .81 |
| बोकारो | 18874 .74 | कोडरमा | 26537 .46 |
| चतरा | 44910 .66 | लातेहार | 18992 .3 |
| देवघर | 22257 .29 | लोहरदगा | 7665 .79 |
| धनबाद | 17654 .28 | पाकुड़ | 41638 .63 |
| दुमका | 8115 .79 | पलामू | 41390 .76 |
| पूर्वी सिंहभूम | 608190 .3 | रामगढ़ | 71521 .48 |
| गढ़वा | 69165 .06 | खूंटी | 16384 .63 |
| गिरिडीह | 97503 .18 | | |

### धान की बिक्री में पूर्वी सिंहभूम के किसान आगे रहे

धान की बिक्री में पूर्वी सिंहभूम के किसान आगे हैं. इस जिले के 5742 किसानों ने छह लाख 8 हजार 190 क्विंटल धान की बिक्री की है. हजारीबाग जिले के किसानों ने दो लाख 37 हजार 257 क्विंटल धान की बिक्री की. राजधानी रांची के किसानों ने एक लाख 14 हजार 167 क्विंटल धान की बिक्री की.

## सरयू राय ने राज्यपाल और सीएम को भेजा स्मार पत्र, दी जानकारी

- ढुल्लू महतो ने सरकार और ग्रामीणों की 200 एकड़ जमीन पर किया है जबरन कब्जा
- सरयू राय ने राज्यपाल और सीएम चंपाई सोरेन को भी भेजा स्मार पत्र
- जमीन को जेल से भी ऊंची बाउंड्री से घेरा है

प्रमुख संवाददाता। रांची

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को एक स्मार पत्र भेजा है. जिसमें धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के घोषित प्रत्याशी ढुल्लू महतो के बारे में लिखा है. कहा है कि ढुल्लू महतो बाघमारा से विधायक हैं. स्मार पत्र में ग्रामीणों पर उनके द्वारा किए गए अत्याचार का संक्षिप्त ब्यौरा संलग्न है. ग्रामवासी भी इससे अछूते नहीं हैं. उन्होंने ग्रामीणों और सरकार की करीब 200 एकड़ जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है. जेल की ऊंची दीवार बनाकर बाउंड्री की गई है.

**ग्रामीण सड़क को भी घेरा :** सौंपे गए स्मार पत्र में सरयू राय ने कहा है कि एक ग्रामीण पथ को भी बाउंड्री के भीतर कर उस पर बड़ा सा गेट लगा दिया है. इस स्मार पत्र में ग्रामीणों के नाम सहित आंखों देखा ब्यौरा दिया गया है जो स्वतः स्पष्ट है. राय ने ग्रामीणों की रैयती जमीन पर से कब्जा हटाने और सरकारी जमीन एवं सरकारी परिसंपत्ति को कब्जा मुक्त कराने की मांग राज्यपाल और मुख्यमंत्री से की है. उन्होंने कहा है कि राज्यपाल फिलहाल राज्य से बाहर हैं और मुख्यमंत्री भी राजधानी से बाहर है. उनके आने पर उनसे मिलकर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराएंगे.

### झामुमो के समीर मोहंती और भाजपा के विद्युत वरण होंगे आमने-सामने

# जमशेदपुर सीट से झामुमो ने समीर मोहंती पर खेला दांव



प्रमुख संवाददाता। रांची

जमशेदपुर संसदीय सीट से झामुमो ने समीर मोहंती को अपना उम्मीदवार बनाया है. समीर मोहंती फिलहाल बहरागोड़ा से झामुमो के विधायक हैं. इस तरह अब इंडिया गठबंधन ने झारखंड के सभी सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है. इन सीट पर पहले से कई नामों की चर्चा हो रही थी. जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य के नाम भी आगे चल रहा था. लेकिन गुरुवार को समीर मोहंती के नाम पर पार्टी ने मुहर लगा दी है.

**30 अप्रैल को परचा दाखिल करेंगे विद्युत वरण महतो :** जमशेदपुर के लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी सह वर्तमान सांसद विद्युत वरण महतो 30 अप्रैल को अपना नामांकन दाखिल करेंगे. नामांकन के पहले सुबह 11 बजे से साकची बोधी मंदिर में भाजपा की आमसभा होगी, जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा समेत कई दिग्गज शामिल होंगे.



**चार विस सीटों पर है झामुमो का कब्जा**

लोकसभा क्षेत्र में बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पुर्वी और जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा सीटें शामिल हैं. इन छह विधानसभा सीटों में से 4 पर झामुमो, एक पर कांग्रेस और एक पर निर्दलीय विधायक हैं. जमशेदपुर लोकसभा सीट पर 1957 से अब तक 18 बार चुनाव हुए हैं जिसमें 6 बार बीजेपी और 11 बार दूसरे दलों ने जीत दर्ज की है. 2004 में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुनील महतो और 2007 के उपचुनाव में सुमन महतो यहां से सांसद चुनी गईं. इसके बाद 2009 में बीजेपी के अर्जुन मुंडा यहां से सांसद चुने गए. 2011 में हुए उपचुनाव में झारखंड विकास मोर्चा के अजय कुमार ने इस सीट पर कब्जा जमाया. इसके बाद 2014 और 2019 के चुनावों में यहां से बीजेपी के विद्युत वरण महतो लगातार दो बार सांसद चुने गए.

### गोपीन सोरेन नौ मई को करेंगे पर्चा दाखिल

## राजमहल सीट से माकपा ने भी ठोंकी ताल, गोपीन सोरेन होंगे उम्मीदवार

संवाददाता। रांची

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की राज्य कमेटी ने राजमहल सीट पर अपना प्रत्याशी देने का फैसला लिया है. पार्टी ने गोपीन सोरेन को उम्मीदवार बनाया है. गोपीन नौ मई को पर्चा दाखिल करेंगे. पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने बताया कि राज्य की राजनीतिक परिस्थिति को देखते हुए सीपीआई (एम) ने केवल एक सीट पर ही चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है. राजमहल लोकसभा सीट पर पार्टी के चुनाव अभियान की तैयारी बहुत पहले से ही चल रही है. पार्टी का इस इलाके में अपना जनाधार भी है. पिछले दो वर्षों से यहां के ज्वलंत जनमुद्दों पर पार्टी द्वारा लगातार आंदोलन चलाया जा रहा है. वहीं इस सीट से झामुमो से विजय हांसदा और बीजेपी से ताला मरांडी उम्मीदवार हैं.

**13 सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को समर्थन :** राज्य सचिव प्रकाश विपल्व ने बताया कि इंडिया गठबंधन के एक प्रमुख घटक होने के नाते और राजनीतिक जिम्मेवारी को समझते हुए राज्य की 14 लोकसभा सीटों में



से एक राजमहल सीट के अलावा अन्य 13 संसदीय सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को समर्थन दिए जाने का जल्द ही एलान किया जाएगा. 18 वीं लोकसभा का चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश की राजनीति जिस चौराहे पर खड़ी है. इस चुनाव का नतीजा उसकी दिशा तय करेगा. इस चुनाव में हमारे संविधान का धर्मनिरपेक्ष चरित्र, जनवाद और देश का संघीय ढांचा सभी कुछ दाव पर लगा हुआ है. पिछले 10 सालों से केंद्र में जिस पार्टी की सरकार है, उसने केवल जनता को बांटने और हमारे देश के लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के साथ-साथ देश की राष्ट्रीय संपत्ति की लूट में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है.

### शीट शेयरिंग पर किसी ने चर्चा नहीं की

प्रकाश विपल्व ने कहा कि राजमहल के सांसद की निष्क्रियता और इस लोकसभा क्षेत्र के ज्वलंत समस्याओं के प्रति उनकी उदासीनता के चलते मतदाताओं में भारी आक्रोश है. संताल परगना में कॉर्पोरेट घरानों द्वारा यहां उपलब्ध खनिज की लूट के लिए आदिवासियों और अन्य गरीबों की जमीन हथियाने के खिलाफ पार्टी ने उम्मीदवार उतारने का फैसला लिया है. यहां के आम मतदाताओं का कहना है कि यह प्रत्याशी भाजपा को हराने में सक्षम नहीं है. वहीं इंडिया गठबंधन में शामिल दलों ने शीट शेयरिंग पर कभी चर्चा नहीं की. इंडिया गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के बीच सीट शेयरिंग आंशिक रूप से ही हुआ है. झारखंड में वामदलों के प्रति गठबंधन की उदासीनता और उनके साथ राजनीतिक संवाद नहीं किया जाना गठबंधन के नेतृत्व की कमजोरी है, जिसके जिम्मेवार वामदल नहीं हैं.

### गांडेय विधानसभा उपचुनाव

## झामुमो ने कल्पना को बनाया प्रत्याशी, 29 को भरेंगी पर्चा



प्रमुख संवाददाता। रांची

झामुमो ने गुरुवार को गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए कल्पना सोरेन को उम्मीदवार घोषित कर दिया है. वे 29 अप्रैल को कल्पना सोरेन गांडेय से नामांकन दाखिल करेंगी. मतदान 20 मई को होगा. बताते चलें कि गिरिडीह जिले की गांडेय सीट झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद खाली हुई है. 31 दिसंबर को विधानसभा सचिवालय की ओर से आदेश जारी कर कहा गया था कि विधायक सरफराज अहमद का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है. यह सीट 31 दिसंबर, 2023 से खाली है. पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन चुनावी राजनीति में पहले ही कदम रख चुकी हैं. इंडिया गठबंधन की चुनावी रैलियों में कल्पना लगातार दिखती रही हैं. अब उनकी उम्मीदवारों के ऐलान के बाद तस्वीर बिल्कुल साफ हो गई है.

**झामुमो ने क्या कहा :** झामुमो ने कहा, लोकसभा आम चुनाव और गांडेय विधानसभा उपचुनाव 2024 में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाती है. जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्रसे समीर मोहंती चुनाव लड़ेंगे. वहीं गांडेय विधानसभा सीट से कल्पना सोरेन को उम्मीदवार बनाया गया है.

### कल्पना सोरेन ने शुरू कर दी थी तैयारी

बता दें कि नाम के ऐलान से पहले से ही कल्पना सोरेन ने गांडेय सीट पर अपनी तैयारी शुरू कर दी थी. ये सीट झारखंड के गिरिडीह जिले के अंतर्गत आती है. पिछले दिनों वहां कल्पना ने झामुमो के कार्यकर्ता सम्मलेन को भी संबोधित किया था.

### सीएम की दौड़ में भी आया था नाम

हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से पहले ही कल्पना सोरेन के नाम की चर्चा ने झारखंड की सियासत में जोर पकड़ लिया था. जब हेमंत सोरेन को ईडी गिरफ्तार कर सकती है की चर्चा हुई थी, तो उन्होंने पार्टी नेताओं की एक बैठक अपने आवास पर बुलाई थी. उस बैठक में कल्पना सोरेन भी शामिल हुई थीं. उस बैठक में कल्पना सोरेन की तस्वीर वायरल हो गई थीं. तब से ही ये चर्चा होने की लगी कि अब कल्पना ही अपने पति की राजनीति को आगे ले जाएंगी. हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद नया सीएम कौन होगा, जब इस पर सोच विचार शुरू हुआ तो कल्पना सोरेन का नाम रेस में सबसे आगे था. लेकिन हेमंत सोरेन ने खूब सोच विचार किया और अंत में ये फैसला हुआ कि कल्पना फिलहाल सीएम नहीं बनेंगी. तब जाकर झारखंड टाइगर के नाम से मशहूर चंपाई सोरेन को राज्य के सीएम की कुर्सी पर बिठाया गया

### आठ टीमों के युवा खिलाड़ी दिखाएंगे अपना कौशल

## रांची में 30 से 9 मई तक पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग

खेल संवाददाता। रांची

30 अप्रैल से 9 मई तक पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का आयोजन रांची में होगा. इसको लेकर गुरुवार को हॉकी इंडिया के महासचिव भोला सिंह ने रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 के महत्व के बारे में बात की. लीग का चरण 1 रांची में 30 अप्रैल से 9 मई तक आयोजित किया जाएगा, जो भारत में महिला हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा. अपनी तरह की यह पहली लीग देश की शीर्ष महिला हॉकी प्रतिभाओं का एक रोमांचक प्रदर्शन होने का वादा करती है. दो चरणों में ढांचाबद्ध, एनडब्ल्यूएचएल का लक्ष्य खेल को ऊपर उठाना और दोनों स्थापित और महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए एक मंच प्रदान करना है. युवा प्रतिभाओं को निखारने के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर और जोर देते हुए, लीग में अंडर-21 आयु वर्ग की खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा. यह समावेश भविष्य की पीढ़ी के हॉकी सितारों पर मजबूत फोकस सुनिश्चित करता है.

**भोला सिंह ने एनडब्ल्यूएचएल के महत्व पर प्रकाश डाला:** "राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का शुभारंभ भारत में महिला खेलों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है. यह लीग हमारी शीर्ष महिला हॉकी प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने और उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच प्रदान करती है. यह न केवल कुलीन प्रतिस्पर्धा के लिए जगह बनाएगा बल्कि युवा लड़कियों को हॉकी के लिए अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रेरित करेगा.



**उद्घाटन चरण में हाल में संपन्न 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष आठ टीमें शामिल होंगी**

- हॉकी हरियाणा
- हॉकी महाराष्ट्र
- हॉकी झारखंड (मेजबान)
- हॉकी मप्र
- हॉकी बंगाल
- हॉकी मिजोरम
- मणिपुर हॉकी
- हॉकी एसो ओडिशा

**महिला हॉकी लीग गेमचेंजर साबित होगी**

*राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग न केवल महिला हॉकी के लिए बार बढ़ाकर बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करके भी एक गेम-चेंजर बनने का वादा करती है. यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय टीम के लिए प्रतिभाओं की पहचान और पोषण के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में भी काम करेगी.*

## छह जिलों से पंजाब में सबसे अधिक होती है अफीम और डोडा की सप्लाई

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड के छह जिलों से सबसे अधिक पंजाब में ड्रग्स (अफीम और डोडा) की सप्लाई होती है. पंजाब में ड्रग्स के खिलाफ चलाये जा रहे अभियानों में बरामद ड्रग्स के स्रोत झारखंड के रांची, चाईबासा, चतरा, पलामू, खूंटी और लातेहार जिलों में पाये गये हैं. पंजाब पुलिस के स्पेशल डायरेक्टर जनरल ने झारखंड पुलिस को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है. इसके बाद झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सबंधित जिलों के एसपी को पत्र लिखकर कहा अपने-अपने जिलों में अफीम-डोडा उत्पादन, परिवहन और तस्करी को रोकने के कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है.



### खूंटी में सबसे अधिक 296 अफीम-डोडा उत्पादन के हॉट स्पॉट चिह्नित किये गये हैं

खूंटी जिले में सबसे अधिक 296 अफीम और डोडा के उत्पादन के हॉट स्पॉट चिह्नित किये गये हैं. लातेहार में अफीम और डोडा के कारोबार से जुड़े सबसे अधिक 106 लोग और जमशेदपुर में सबसे अधिक 16 विक्रय केंद्र चिह्नित किये गये हैं

### पिछले पांच सालों में 15 थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत सबसे अधिक मामले दर्ज हुए

बता दें कि पिछले पांच सालों में झारखंड के सात जिलों के 15 थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत सबसे अधिक मामले दर्ज हुए हैं. इसमें चतरा जिले के सदर थाना में 118, कुंदा थाना में 84, लावालौंग थाना में 73, गुमला जिले के गुमला थाना में 71, खूंटी जिले के मरांगदाहा थाना में 62, सरायकेला जिले के आदित्यपुर थाना में 61, चतरा जिले के वशिष्ठनगर थाना में 61, खूंटी के अड़की में 47, जमशेदपुर के मानगो में 47, सीतारामडेरा में 46, खूंटी के मुरहू में 42, रांची के सुखदेवनगर में 42, चतरा के प्रतापपुर में 41 और हजारीबाग में 36 मामले शामिल हैं.

## दो आईपीएस का हुआ तबादला, चंदन झा बने स्पेशल ब्रांच के एसपी

- प्रतीक्षारत अजीत पीटर डुंगडुंग को जैप-1 का कमांडेंट बनाया गया है



**रांची।** चुनाव आयोग की सहमति के बाद राज्य सरकार ने दो आईपीएस का तबादला किया है. जेएपीटीसी पदमा एसपी के पद पर पदस्थापित चंदन झा को स्पेशल ब्रांच का एसपी बनाया गया है. वहीं पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत अजीत पीटर डुंगडुंग को जैप-1 कमांडेंट बनाया गया है. इससे संबंधित अधिसूचना गुरुवार की देर शाम जारी कर दी गई है.

**मौसम का मिजाज** झारखंड में अगले पांच दिनों तक चलेगा हीट वेव, येलो अलर्ट जारी


## झारखंड में पारा हाई, तापमान पहुंचा 44 डिग्री सेल्सियस

- राज्य के 11 जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार है

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में राजनीतिक तपिश के साथ गर्मी का भी पारा हाई हो गया है. मौसम विभाग के अनुसार, राज्यभर में अगले पांच दिनों तक हीट वेब चलने की आशंका जताई गई है. इसके लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है. अगले तीन दिनों में दो से तीन डिग्री तापमान में इजाफा हो सकता है. वहीं राज्य के 11 जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया है. सबसे अधिक संथाल परगना के गोड्डा का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा.

### 26 को इन जगहों पर हीट वेव की चेतावनी



मौसम विभाग के अनुसार, 26 अप्रैल को कोल्हान के तीनों जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले में उष्ण लहर रहेगी. उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के बोकारो एवं धनबाद जिलों के साथ-साथ संथाल परगना के जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिलों में कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति देखी जाएगी. 27 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, बोकारो, धनबाद, देवघर,जामताड़ा,दुमका,पाकुड़, गोड्डा और साहेबगंज में हीट वेव चलने की संभावना है.

### 28 और 29 कहां-कहां हीट वेव की चेतावनी

28अप्रैल को राज्य के 24 में से 14 जिलों में हीट वेव चलने की आशंका जताई गई है. जिसमें, पूर्वी सिंहभूम,पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, रामगढ़, बोकारो, धनबाद,रांची, खूंटी, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज. 29 अप्रैल को पलामू, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम,पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, रामगढ़, बोकारो,धनबाद रांची,खूंटी, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज शामिल हैं.

**इन जिलों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस से पार**

- पूर्वी सिंहभूम में 43 .7 डिग्री सेल्सियस
- पलामू में 41.5 डिग्री सेल्सियस
- देवघर में 41.1 डिग्री सेल्सियस
- गढ़वा में 41.1 डिग्री सेल्सियस
- जामताड़ा में 41.9 डिग्री सेल्सियस
- पाकुड़ में 43 .4 डिग्री सेल्सियस
- सरायकेला में 43 .4 डिग्री सेल्सियस
- साहिबगंज में 41.4 डिग्री सेल्सियस
- सिमडेगा में 40 .2 डिग्री सेल्सियस
- पश्चिमी सिंहभूम में 40 .6 डिग्री सेल्सियस
- गोड्डा- 44 डिग्री सेल्सियस

## आखिर कौन है ऋषि,जिसके इशारे पर हो रहा अवैध कोयले का कारोबार

संवाददाता। रांची

**मंगलवार की रात चरही से निकला था दो ट्रक**

सूचना है कि मंगलवार (23 अप्रैल) को दिन में चरही इलाके के चनारो स्थित पोरा फैक्टरी से दो ट्रकों पर अवैध कोयला लोड किया गया. इसके बाद रात में दोनों ट्रकों को डेहरी के मंडियों में भेज दिया गया. इससे पहले भी हर एक-दो दिन पर अवैध कोयला लदे ट्रकों को निकाला जाता रहा है.

हजारीबाग के गिद्दी, चुरचू और बड़कागांव थाना क्षेत्र में अवैध कोयला का कारोबार रुक-रुककर या फिर एक या दो दिन रुककर जारी है. ताकि ऐसा लगे कि इस अवैध कारोबार में जिम्मेदार अफसरों की कोई सहभागिता नहीं है. पर यह सच नहीं है. इस बार तो कुछ अलग ही हुआ है. जिम्मेदारों ने एडवांस में अपनी कमाई वसूल ली है. लेकिन इन सबके बीच एक नाम चर्चा में आया है. वह नाम ऋषि है. बताया जाता है कि उसी के इशारे पर पूरा खेल खेला जा रहा है. कभी बड़कागांव से, तो कभी चरही से तो कभी गिद्दी थाना क्षेत्र से. कहा जाता है कि ऋषि को सत्ता शीर्ष तक पहुंच रखने वाले एक व्यक्ति का वरदहस्त प्राप्त है. हालांकि यह नाम असली है या नकली, इस बात पर संदेह है. ऋषि के अलावा सोनू, रवि, सरफराज, तबारक, चंदन आदि के नाम भी काफी चर्चा में हैं.

**20 अप्रैल को वन विभाग की टीम ने मारा था छापा :** इससे पहले भी बड़कागांव थाना क्षेत्र से अवैध कोयला कारोबार होने की सूचना वन विभाग को मिली थी. पिछले शनिवार को वन विभाग के एसीएफ एके परमार व आरफओ केके सिंह के नेतृत्व में हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र स्थित लुरंगा में छापेमारी की गयी. इस दौरान छापेमारी टीम ने दो लोडिंग प्वाइंट से 22 ट्रैक्टर और एक हाईवा पर लोड अवैध कोयला जब्त किया. जानकारी के अनुसार, कोयला मंडी भेजने के लिए जमा किया गया था.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 03 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~2~~ ● वर्ष : 2, अंक : 18

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## ब्रीफ खबरें

### मैं कोई बाहरी नहीं गोड्डा का बेटा: प्रदीप

**गोड्डा।** पूर्व घोषित प्रत्याशी दीपिका पांडेय सिंह से छिनकर कांग्रेस का टिकट पानेवाले पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव गुरुवार को महगामा विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे. टिकट मिलने के बाद पहली बार जनसंपर्क अभियान के तहत महगामा अनुमंडल मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया. इस अवसर पर प्रदीप यादव ने कहा कि मैं गोड्डा की जनता की सेवा करने के लिए आया हूं. मैं कोई बाहरी व्यक्ति नहीं, बल्कि यहां का बेटा हूं. वहीं, एक ऐसे व्यक्ति को पिछले 15 वर्षों से चुनकर दिल्ली भेजा जा रहा है, जिसने 15 मिनट भी गोड्डा में रात नहीं गुजारी है.

### सीसीएल ढोरी एरिया में डीजल टैंकर में आग

**कथारा/बोकारो।** बेरमो के सीसीएल ढोरी एरिया के एसडीओ सीएम परियोजना के कारीपानी में गुरुवार शाम एक डीजल टैंकर में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई. गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. आग की लपटें इतनी खतरनाक थी कि इसकी जद में आने से कोई भी इंसान जलकर खाक हो जाता. दो साल पहले इसी तरह की घटना में एसडीओसीएम परियोजना में एक व्यक्ति की जलकर मौत हो गई थी. लोग बीएलए कंपनी के साथ सीसीएल प्रबंधन पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं कि आखिर इन चीजों पर ध्यान क्यों नहीं दिया जाता है.

### एसएसएलएनटी की छात्रा ने फंदे से झूलकर दी जान

**धनबाद।** थाना क्षेत्र के झाड़ूडीह के रहने वाले राजेश कुमार गोप की पुत्री डोली कुमारी ने बाथरूम में फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली. डोली कुमारी एसएसएलएनटी कॉलेज में स्नातक की छात्रा थी. धनबाद थाने को दिये गये आवेदन में राजेश ने बताया कि वह बैंकमोड़ में काम करता है. गुरुवार को काम पर आया था, तभी घर से फोन आया कि बेटी फंदे से झूल गई है. तत्काल काम छोड़ कर वहां गया और बेटी को अस्पताल ले गया. वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. आत्महत्या के कारणों के बारे में राजेश ने अनभिज्ञता जाहिर की है.

### एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक की बेधड़क हो रही बिक्री

**धनबाद।** राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद के सदस्यों की टीम द्वारा जिले में बिक रहे एक्सपायर कोल्ड ड्रिंक का खुलासा किया है. परिषद के अध्यक्ष लखन विश्वकर्मा ने बताया कि कंबाइंड बिल्डिंग के समीप दुकान से उन्होंने लाहौरी जीरा खरीदा और उसे हम सभी ने मिलकर पी लिया. फिर अचानक हमारी नजर बोतल पर अंकित एक्सपायरी डेट पर पड़ी, तो हम सभी चौंक गए. 300 एमएल की उस कोल्ड ड्रिंक्स का एक्सपायरी डेट 16/12/2023 लिखा हुआ था. इसके बाद दुकानदार से पूछने पर उसने कहा कि ये माल हीरापुर से कोई बिट्टू नाम का आदमी देकर जाता है, बिल मांगने पर उसने कच्चा बिल दिखाया.

---

**पर्यावरण संरक्षण की मुहिम:** बाघमारा और कतरास की मिट्टी बेहतर होने के कारण यहां की ईंटों की पूरे जिले में डिमांड

# लापरवाही व रिश्वत के ईंधन से पक रही हैं ईंटें, बेखौफ संचालित हो रहे भट्ठे

■ ईंट की डिमांड पूरी करने के लिए संलाचित हो रहे कई अवैध ईंट भट्ठे

■ मिट्टी काट कर जमीन कर रहे बर्बाद पेड़-पौधों को भी पहुंचा रहे नुकसान

**राम पांडेय। कतरास**

बाघमारा और कतरास के इलाकों में भी अवैध ईंट भट्ठों का संचालन बेखौफ हो रहा है. यहां दर्जनों की संख्या में अवैध ईंट भट्ठे चल रहे हैं. बाघमारा की मिट्टी बेहतर होने के कारण यहां की ईंटों की काफी डिमांड है. इस कारण यहां भट्ठों का संचालन अन्य क्षेत्रों से कहीं अधिक है. इन ईंट भट्ठों में महकमा की लापरवाही और रिश्वतखोरी का ईंधन डालकर यहां खूब ईंटें पकाई जा रही हैं. सिर्फ कतरास, बाघमारा ही नहीं, बल्कि पूरे जिले में यहां के भट्ठों में पकी ईंटें बिकने के लिए पहुंच रही हैं.



**सालों से किया जा रहा है अवैध चिमनी व बंगला ईंट भट्ठे का संचालन**

रामकनाली ओपी के लालचक, फाटामाहुल, खपचाटांड, दास टोला और रामकनाली सहित अन्य स्थानों में सालों से बड़ी संख्या में अनियमित रूप से अवैध चिमनी व बंगला ईंट भट्ठे का संचालन किया जा रहा है. ईंट भट्ठे में चोरी का कोयला खपाया जा रहा है. नियम के खिलाफ जमीन की मिट्टी की खुदाई के साथ-साथ जंगल की भी कटाई की जा रही है. इसके बाद भी शासन-प्रशासन द्वारा इस पर अंकुश लगाने की दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है. क्षेत्र अंतर्गत दर्जनों छोटे-बड़े ईंट भट्ठों का संचालन बिना किसी अनुमति के किया जा रहा है.

### बीसीसीएल से चोरी किये गये कोयले का हो रहा है उपयोग

अधिकांश ईंट भट्ठों में बीसीसीएल के चोरी के कोयले का उपयोग किया जाता है. जानकारी के अनुसार कच्चे ईंटों को पकाने के लिए कई टन कोयले की आवश्यकता होती है. ऐसे में ईंट भट्ठों के संचालक रामकानाली, मोदीडीह, बुट्टू बाबू बंगला इलाके से बीसीसीएल के कोयले को साइकिल और बाइक से चोरी कर मंगवाते हैं. अवैध रूप से संचालित ईंटा भट्ठों के कारण लालचक, फाटामाहुल, खपचाटांड के जंगल को काफी नुकसान पहुचा रहा है.

### बेखौफ काटे जा रहे हैं पेड़ वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ा

अवैध ईंट भट्ठा संचालकों द्वारा मिट्टी की आवश्यकता पूरी करने के लिए बड़े-छोटे पेड़ों को बेखौफ काटा जा रहा है. इसके कारण वायु प्रदूषण का खतरा भी बढ़ गया है. बढ़ते प्रदूषण के कारण बुजुर्ग और बच्चे कई तरह की बीमारियां के भी शिकार हो रहे हैं. क्षेत्र में संचालित अवैध ईंटा भट्ठा संचालक प्रकृति का दोहन कर रहे हैं. इसके बावजूद इनके खिलाफ खनिज विभाग या स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जाना, महकमे पर सवाल खड़ा करता है.

---

चिरकुंडा में राइजिंग पाइप फटने के कारण पानी के लिए हाहाकर मचा

# पानी के लिए तरस रही 50 हजार की आबादी

■ पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त

सिटी मैनेजर का दावा शुक्रवार तक होने लगेगी जलापूर्ति

**संवाददाता। मैथन**

चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय के समीप बुधवार को राइजिंग पाइप फट जाने के कारण चिरकुंडा क्षेत्र के करीब 50 हजार की आबादी एक बूंद पानी के लिए तरस रही है. इस भीषण गर्मी में उमस और तपिश ने तो लोगों का जीना मुहाल कर ही दिया था, उसपर से जलसंकट ने लोगों की परेशानी को और बढ़ा दिया है. लगातार पाइप में आ रही खराबी के कारण पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों का आक्रोश सातवें आसमान पर है.

लोगों का आरोप है कि चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है. इधर भीषण गर्मी में पेयजल संकट को देखते हुए नगर परिषद के पदाधिकारी पाइपलाइन की मरम्मती कार्य को युद्ध स्तर पर कराने में लगे हुए हैं. विभाग के कर्मी अनूप कुमार ने बताया कि राइजिंग पाइप फट जाने के कारण क्षेत्र के लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है. मरम्मती कार्य जारी है. वहीं नगर परिषद के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने इस बात को माना कि करीब 50 हजार की आबादी पाइप फट जाने के कारण प्रभावित है. युद्ध स्तर पर कार्य जारी है. शुक्रवार तक पाइपलाइन का काम पूरा हो जाएगा और जल आपूर्ति बहाल हो जाएगी.



### डीवीसी ने टैंकर से शुरू की जलापूर्ति

**मैथन।** डीवीसी प्रबंधन ने सीएसआर के तहत मैथन परियोजना के आसपास के पेयजल संकट वाले गांवों में गुरुवार से टैंकर से जलापूर्ति का कार्य शुरू कर दिया है. डीवीसी के उप महाप्रबंधक (प्रशासन) सह एचआर हेड अनूप पुरकायस्थ, वरीय प्रबंधक (असैनिक) लोमस कुमार व सीएसआर प्रबंधक डॉ. कौशलेंद्र कुमार ने नारियल फोड़ कर व हरी झंडी दिखा कर टैंकर को रवाना किया. कंपनी अपने सीएसआर के तहत क्षेत्र के पोराडीहा, टूनापाड़ा, बड़जोड़, मंगलमारा, कालीमाटी, मेढ़ा बाउरी टोला व अन्य दो टोला गोंगना एवं पोयलाडीह सहित 10 गांवों के 12 टोलों में प्रतिदिन 5000 लीटर जल क्षमतावाले टैंकर से जलापूर्ति कराएगी. यह काम आगामी 10 जुलाई तक नियमित जारी रहेगा. गुरुवार को पहला टैंकर पोड़ाडीह गांव के लिए रवाना किया गया. मौके पर डीवीसी मैथन के जनसंपर्क अधिकारी अरविंद कुमार सिंह, मैथन डिवीजन के प्रबंधक (सिविल) वंदन राय, उपप्रबंधक राजेश कुमार, कनीय अभियंता उत्पल साहा, सीएसआर के ब्रजमोहन महतो आदि मौजूद थे.



**तोपचांची के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, कहा-**

### पानी नहीं, तो इस बार वोट नहीं

**तोपचांची।** गर्मी बढ़ने के साथ ही तोपचांची प्रखंड में पेयजल संकट गहराता जा रहा है. कई पंचायतों के लोगों ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी दिखाई. जिला प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि पानी की समस्या दूर नहीं हुई, तो इस बार लोकसभा चुनाव में वे लोग मतदान नहीं करेंगे. प्रदर्शन कर रहे श्रीरामपुर पंचायत के हीरापुर के ग्रामीणों ने ने बताया कि दुर्गा मंदिर के समीप बनी जल मीनार शोभा की वस्तु बन कर रह गई है. इस जल मीनार से पानी की आपूर्ति कभी नहीं हुई. यहां तक कि पाइपलाइन तक नहीं बिछाई गयी है.

**मतारी पंचायत में सबसे ज्यादा परेशानी :** मतारी पंचायत में छह से अधिक जल मीनारें लगायी गयी हैं. सिर्फ स्ट्रक्चर खड़ा कर छोड़ दिया गया है. ग्रामीणों को इस भीषण गर्मी में योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है और उन्हें पानी की भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है. ग्रामीण गोपाल पांडेय ने बताया कि हमें सरकार से सिर्फ पानी चाहिए. उन्होंने कहा इस बार हम लोगों ने तय किया है कि किसी भी राजनीतिक पार्टी को वोट नहीं देंगे. जल नहीं तो वोट नहीं.



**समस्या का जल्द होगा समाधान : एसडीओ**

एसडीओ जनार्दन प्रसाद सिंह ने बताया कि पेयजल से संबंधित योजनाओं का कार्य प्रगति पर है. बहुत जल्द सभी योजनाओं को चालू कर दिया जाएगा. क्षेत्र का सर्वे किया गया है और प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जा रहा है. गर्मी में जलस्तर नीचे जाने के कारण पानी की समस्या उत्पन्न हुई है. हीरापुर में भी योजनाएं चालू करने के लिए ठेकेदार को निर्देश दिया गया है.

---

एमजीएम अस्पताल का अजीबो-गरीब कारनामा

# लापरवाही: जिंदा इंसान को कागजों पर बता दिया मृत



**संवाददाता। जमशेदपुर**

लौह नगरी के बड़े अस्पताल में शुमार एमजीएम का अजीबो-गरीब कारनामा सामने आया है. इस अस्पताल ने एक जिंदा इंसान को मृत घोषित कर उसका मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया है. अब सरायकेला खरसावां जिले के कपाली ओपी क्षेत्र के तमोलिया निवासी फुचु हेंब्रम खुद को जिंदा साबित करने के लिए एमजीएम अस्पताल के चक्कार काट रहे हैं.

जानकारी के मुताबिक, यह गड़बड़झाला फुचु के जीजा हलधर माझी की मौत के बाद हुआ है. फुचु ने बताया कि उसने अपने जीजा हलधर माझी को 30 मार्च को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया था. वहां इलाज के दौरान एक अप्रैल को उसके जीजा की मौत हो गयी थी. इसके बाद जब वह अपने जीजा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एमजीएम अस्पताल गया, तो वहां उसे जानकारी मिली कि कागजात में उसे ही मृत घोषित कर दिया गया है. अब वह नाम सुधारने के लिए कई बार अस्पताल के चक्कर काट रहा है, पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है. अंत में उसने भाजपा नेता विमल बैठा से संपर्क किया जिसके बाद अब एमजीएम प्रबंधन द्वारा एफिडेविट मांगा जा रहा है.

**पीड़ित ने अस्पताल अधीक्षक को दिया आवेदन :** फुचु ने एमजीएम अस्पताल अधीक्षक के नाम एक आवेदन दिया है. इसमें उसने बताया है कि उसका नाम फुचु हेंब्रम है और वह जिंदा है. मगर उसे अस्पताल प्रबंधन ने मृत घोषित कर दिया है. उसने अस्पताल अधीक्षक से प्रबंधन की ओर से हुई भूल को सुधार करने की मांग की है.

**खास बातें**

- खुद को जिंदा साबित करने के लिए चक्कर लगा रहा फुचु
- जीजा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के दौरान मिली जानकारी

---

जमशेदपुर कोर्ट में अधिवक्ताओं ने किया हंगामा, जमकर नारेबाजी की

# पार्क तोड़ कर ई-कोर्ट बनाने का विरोध

**संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर कोर्ट परिसर में गुरुवार को अधिवक्ताओं ने हंगामा शुरु कर दिया. अधिवक्ताओं ने कार्य का बहिष्कार करते हुए जज हाय-हाय के नारे भी लगाए. दरअसर, बीते दिनों कोर्ट परिसर में विधायक फंड से बने पार्क को ई-कोर्ट बनाने के लिए तोड़ दिया गया था. बीती रात उक्त स्थल पर एक कंटेनर रख दिया था, जिसे कोर्ट का सर्वर रूम बनाया जाना है. इसी को लेकर अधिवक्ताओं का आक्रोश बढ़ गया और एकजुट होकर नारेबाजी शुरु कर दी. हड़ताल पर जाने तक की चेतावनी तक दे डाली.



### पार्क बनाने की मांग

वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश झा ने बताया कि जमशेदपुर कोर्ट परिसर में लगभग 15 लाख की लागत से पार्क का निर्माण कराया गया था, जिसे बीते दिनों तोड़ दिया गया था. अधिवक्ताओं की मांग है कि पार्क से ई-कोर्ट का कंटेनर हटा कर पार्क को पहले की तरह बना दिया जाए.

### कोर्ट में लिफ्ट खराब

अधिवक्ताओं का कहना है कि कोर्ट में आम जनता के लिए कोई सुविधा नहीं है. यहां दो लिफ्ट लगी हैं. दोनों खराब थीं. अधिवक्ताओं ने विरोध किया, अपनी बात रखी, तब जाकर एक लिफ्ट बनाई गई. अभी भी एक लिफ्ट खराब है. कोर्ट के किसी भी फ्लोर में बाथरूम तक नहीं है.


---

डैनीदह चेकडैम में नहाने के दौरान हादसा, गांव में पसरा मातम

# चेकडैम में डूबने से दो सगी बहनों की मौत

**संवाददाता। पलामू**

छतरपुर थाना क्षेत्र के डैनीदह चेकडैम में डूबने से दो सगी बहनों की गुरुवार को मौत हो गयी. दोनों मृत बच्चियों की पहचान नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड छह के रामगढ़ मस्जिद टोला निवासी रशीद अंसारी की बेटी साजदा खातून (10) व हाजरा खातून (8) के रूप में हुई है. घटना की जानकारी मिलने के बाद छतरपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया. ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक, दिन के करीब 12 बजे गांव की चार-पांच लड़किया डैनीदह चेकडैम के किनारे महुआ चुनने के लिए गयी थीं. इसके बाद सभी चेकडैम में नहाने चली गयीं. इस क्रम में दोनों बहनें गहरे पानी में चली गईं. साथ मे गयीं लड़कियों ने कुछ देर तक उनके निकलने का इंतजार किया, लेकिन दोनों बाहर नहीं निकलीं. इसके बाद लड़कियां दौड़कर घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी. परिजनों के साथ गांव वालों द्वारा चेकडैम में काफी खोजबीन के बाद दोनों बच्चियों का शव मिला. शव निकालने के बाद छतरपुर थाना को सूचना दी गई.



छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों बच्चियों महुआ चुनने के बाद नहा रही थीं. इसी क्रम में डूबने के कारण दोनों की मौत हो गयी. इधर, घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. वहीं, गांव में मातम पसरा हुआ है.

**दुखद घटना**

- डैनीदह चेकडैम के किनारे महुआ चुनने गयी थीं बच्चियां
- पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

---

**जनजीवन प्रभावित** दो दिनों की राहत के बाद फिर से आग के गोले बरसाने लगा सूरज, लोगों का बुरा हाल

# धनबाद में पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार, सड़कों पर सन्नाटा पसरा

- पूरे कोयलांचल में पांच दिनों तक जारी रहेगा लू का कहर
- तापमान में दो डिग्री और इजाफा होने के आसार

**संवाददाता। धनबाद**



दो दिनों की राहत के बाद फिर से सूरज आग के गोले बरसाने लगा है. धनबाद में गुरुवार को पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया. गर्मी ने एक बार फिर अपने भीषण रूप से यहां के बाशिंदों को रूबरू करा दिया है. भीषण गर्मी और धूप के कारण दिन के 10 बजे से ही सड़कें वीरान हो गईं. सुबह नौ-दस बजे से ही पारा 38 डिग्री तक पहुंच गया था. जैसे-जैसे सूरज सिर तक पहुंचा, तापमान में बढ़ोतरी होती गई और एक बजे तक पारा 42 डिग्री तक पहुंच गया. गर्मी का यह रूप शाम करीब पांच बजे तक एकसमान देखने को मिला. पूरे कोयलांचल में लू चलती रही. पांच बजे के बाद पारा गिरने की शुरूआत हुई. वहीं, दोपहर में लू चलने के साथ ही अत्यधिक जरूरी काम से निकलने वाले या फिर स्कूल वाहन ही सड़कों पर दौड़ते दिखे. जबकि, बस स्टैंड, सड़क और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी सन्नाटा कायम रहा. मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि ये भीषण गर्मी अभी लगातार कई दिनों तक रहेगी और पारा के चढ़ने का दौर भी जारी रहेगा. तापमान दो डिग्री और ऊपर चढ़ने की आशंका जताई गई है. मौसम वैज्ञानिकों ने पूरे झारखंड में आने वाले चार-पांच दिनों तक मौसम में किसी तरह के बदलाव नहीं होने की बात कही है. ऐसे में शुक्रवार को तापमान में और तेजी आ सकती है.

### भीषण गर्मी के बीच बिजली के भी खूब नखरे

इस भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए लोग पूरी तरह से बिजली उपकरणों पर निर्भर हैं. लेकिन गर्मी के साथ-साथ बिजली रानी भी खूब नखरे दिखा रही है. शहर में कई-कई घंटों तक बिजली गायब रह रही है. इसका सीधा असर जनजीवन पर पड़ रहा है. दुकानदार भी ठंडे पेयजल पदार्थ को बिजली नहीं रहने के कारण ठीक से ठंडा भी नहीं कर पा रहे हैं. धनबाद के जेपी नगर राजकमल प्लाजा में यकायक वोल्टेज बढ़ने के कारण अपार्टमेंट में रहने वालों को भारी नुकसान हो गया. यहां रहने वाले सभी लोगों का कुछ न कुछ सामान जल गया है. मामले की खबर देने के बाद भी बिजली विभाग के कर्मी नहीं आए और लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा. इधर प्राइवेट बिजली कर्मियों का कहना था कि जब कनेक्शन लाइन से गड़बड़ी है, तो फिर विभाग के कर्मी ही ठीक करेंगे, लेकिन विभाग के कर्मियों के लिए लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ेगी.

---

# राशन दुकान की आड़ में बेच रहा था बीयर, पुलिस ने दबोचा

- दो अलग-अलग ब्रांड की कुल 42 बोतल बीयर बरामद

**संवाददाता। चांडिल**

अनुमंडल क्षेत्र के तिरूलडीह थाना पुलिस ने अवैध रूप से विदेशी शराब बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. गिरफ्तार व्यक्ति अपने राशन की दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बीयर बेचता था. इस संबंध में तिरुलडीह थाना प्रभारी आलम चंद्र महतो ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी मानकीडीह निवासी शिवराम गोप राशन दुकान की आड़ में विदेशी शराब की बिक्री का अवैध धंधा चला रहा है.



छापेमारी के दौरान पुलिस ने उसकी दुकान से दो अलग-अलग ब्रांड के कुल 42 बोतल बीयर बरामद किया है. मौके से दुकान संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया. आरोपी शिवराम गोप के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध शराब कारोबार व तस्करी के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा.

## ब्रीफ खबरें

### रंजय हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के आरोप में जेल में बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में रांची के होटवार जेल से वीसीएस ने पेश किया. जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह हाजिर नहीं हुये थे. अभियोजन ने गवाह पेश करने के लिए समय की याचना की. अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है. बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पैरवी की. रूना सिंह ऊर्फ मामा ऊर्फ नंद किशोर सिंह जेल में बंद है. पांच नवंबर 2018 को सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरुद्ध चार्जशीट दायर की थी. वहीं चंदन शर्मा, हरेंद्र सिंह के विरुद्ध अनुसंधान जारी है. रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 की संध्या रामेश्वर के घर के समीप गोली मार कर की गई थी.

### आउटसोर्सिंग कंपनी में हजारों की चोरी

**पुटकी।** पीबी प्रोजेक्ट की आउटसोर्सिंग कम्पनी ईगल के परिसर से चोरों ने करीब 80 हजार को लौह सामग्री चुरा ली. कंपनी के जीएम जितेंद्र सिंह ने वारदात की पुष्टि की है. घटना सोमवार की रात की है.पुटकी थाना में कंपनी कर्मी प्रमोद कुमार सिंह ने लिखित शिकायत की है. चोरों ने प्रोजेक्ट परिसर की चहारदीवारी फांद कर अंदर प्रवेश किया व लोहे का चादर, रॉड, सीमेंट ढलाई करने का फ्रेम व अन्य लौह सामग्री चुरा ली. कंपनी के सुरक्षा गार्डों को रात में चोरी की भनक तक नहीं लगी. मंगलवार को दिन में काम करने वाले पहुंचे तो वारदात की जानकारी हुई.

### किशोर बाइक चालक ने तोड़ा महिला का पैर

**पुटकी।** किशोर बाइक सवार ने शादी की पार्टी से पैदल घर लौट रही महिला दुलारी देवी (36) को धक्का मारकर जख्मी कर दिया. दुलारी देवी का दायां पैर टूट गया है. घटना पुटकी शिव मंदिर के सामने रात दस बजे हुई. घायल महिला कांग्रेस नेता दिनेश पासवान की पत्नी है. उन्हें धनबाद के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है. पुटकी पुलिस ने मोटरसाइकिल जब्त की. वहीं केंदुआ कठगोला निवासी चालक को हिरासत में लिया गया है. जख्मी हालत में महिला को निकट के नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टर ने बेहतर इलाज के धनबाद रेफर कर दिया.

### बैंक मोड़ पर चला जागरूकता अभियान

**धनबाद।** बैंक मोड़ चेंबर की तरफ से गुरुवार की शाम राजेंद्र मार्केट और आस-पास के इलाके में लगातार दूसरे दिन भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया. अभियान के तहत यहां के दुकानदारों ने मतदान करने एवं अपने सभी कर्मचारियों को भी मतदान करवाने की शपथ दिलाई. इस दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया. शपथ अभियान में बैंक मोड़ चेंबर के महासचिव लोकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदीप मुखर्जी, बलबीर सिंह राजपाल, विकास पटवारी, बंटी चक्रवर्ती, जितेश राठौर, भरत भाई, मंटू वोराह, महेश टेकवानी, कल्लू साव, मोनू साव आदि दुकानदार उपस्थित थे.

---

मुर्गी फार्म का निरीक्षण शुरू, पशुपालन पदाधिकारी ने सूचना पर त्वरित कार्रवाई का दिया निर्देश

## बर्ड फ्लू को लेकर धनबाद में भी विभाग हाई अलर्ट

संवाददाता। धनबाद

रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद धनबाद पशु पालन महकमा अलर्ट मोड में आ गया है. पशु पालन पदाधिकारी आलोक कुमार सिन्हा ने धनबाद में 19 रैपिड रिस्पांस टीमों का गठन किया है, जो जिले में बर्ड फ्लू या पक्षियों में होने वाले किसी प्रकार के संक्रामक रोगों पर नजर रखने का काम करेंगी. ये टीमें मुर्गी फार्म आदि स्थानों का भौतिक निरीक्षण भी कर रही हैं. हर प्रखंड में एक टीम बनाई गई है. साथ ही नगर निगम क्षेत्र के लिए भी अलग से टीम का गठन किया गया है. जिले की अलग क्विक रिस्पांस टीम बनाई गई है. पशु पालन पदाधिकारी आलोक कुमार सिन्हा ने बताया कि धनबाद में फिलहाल तक बर्ड फ्लू से संबंधित एक भी शिकायत सामने नहीं आई है. बावजूद इसके लिए जिले के सभी प्रखंडों में अलर्ट जारी कर दिया गया है. धनबाद की जिला स्तरीय टीम में खुद पशुपालन पदाधिकारी डॉ. आलोक कुमार सिन्हा, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. मो. सिद्दीकी, डॉ. भीम प्रसाद, डॉ. अमला, डॉ. अनील कुमार के साथ अनील कुमार, विक्रम और रवि चंचल शामिल हैं.



**खास बातें**

- पशुपालन विभाग ने बनाई 19 रैपिड रिस्पांस टीमें
- हर प्रखंड में टीम, नगर निगम क्षेत्र के लिए अलग टीम बनी

बलियापुर प्रखंड के लिए डॉ. प्रेमचंद्र साव और नरेश मुर्मू, तोपचांची के लिए डॉ. राजेंद्र प्रसाद, विवेक कुमार, रामचंद्र सिंह, एग्यारकुंड में डॉ रवि ज्ञान सुमन, राजेश मरांडी, निरसा में डॉ. मिथुन आनंद, कुतुबउ्ददीन अंसारी, कलियासोल में डॉ. राज कुमार नायक, टुंडी में डॉ. रितेश कुमार गुप्ता, विनोद मेहरा, गोविंदपुर में डॉ. श्रीनिवास मेहता, मो. उसमान, पूर्वी टुंडी में डॉ. प्रीति सरोज और किशुन गोप को नियुक्त किया गया है. केंदुआ व धनबाद के लिए डॉ. समुन कुमार व शिवशंकर मंडल की नियुक्ति हुई है.

**बाघमारा व निगम क्षेत्र में सबसे बड़ी टीम**

पशुपालन विभाग ने बाघमारा के लिए तीन डॉक्टर समेत आधा दर्जन लोगों की टीम बनाई है. यहां डॉ. नबी हुसैन, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. समीर कुमार मंडल, अमजद अंसारी, प्रयोग महतो और मकसूद आलम को नियुक्त किया गया है. वहीं धनबाद नगर निगम में पांच चिकित्सकों को नियुक्त किया गया है. इनमें डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अभिषेक कुमार और डॉ. अमला के अलावा चंद्रोखर यादव, गिरिधारी कुमार और राजमंगल प्रसाद शामिल हैं. ये सभी लोग अपने-अपने इलाकों में भ्रमण कर बीमारी से संबंधित पड़ताल और फार्म का निरीक्षण करेंगे. जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी नजर रखने की जिम्मेवारी इन्हें सौंपी गई है.

## कोयला चोरी पर हाईकोर्ट का कड़ा रुख

संवाददाता। धनबाद

धनबाद में कोयला चोरी और अवैध खनन को लेकर दायर की गई जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है. हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान मौखिक रूप से पूछा है कि धनबाद में बंद पड़ी खदानों से कोयला चोरी कैसे हो रही है. इन खदानों में होने वाली मौतों को लेकर हाइकोर्ट ने बीसीसीएल से जवाब तलब किया है. बताते चलें कि कोयला चोरी और अवैध खनन को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी. गुरुवार को इस याचिका पर जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और अरूण कुमार राय की खंडपीठ सुनवाई कर रहे थे, इस सुनवाई के दौरान ही पीठ ने मौखिक रूप से सवाल किया कि आखिर धनबाद में कोयला चोरी क्यों नहीं रुक रही है और अवैध खान से ही मौतें भी हो रही हैं. याचिकाकर्ता विजय कुमार झा की ओर से खंडपीठ को बताया गया था कि धनबाद में सिर्फ 2022 में ही अवैध खनन के दौरान दो दर्जन लोगों की मौतें हो गई थीं. इन मौतों को लेकर प्राथमिकी भी दर्ज होती रहीं हैं लेकिन मृतक को न ही मुआवजा मिलता है और न ही अवैध खनन की जांच और कार्रवाई होती है. सुनवाई के बाद खंडपीठ ने बीसीसीएल को शपथ पत्र देकर जवाब दायर करने का निर्देश दिया है.

**खास बातें**

- पूछा- धनबाद में कैसे हो रही है कोयला चोरी से मौतें
- चोरी रोकने के लिए क्या-क्या किये गये इंतजाम
- 15 मई को शपथ पत्र देकर बीसीसीएल देगी जवाब

---

घरेलू महिला की छवि से बाहर निकल परिपक्व नेता बनीं राजग प्रत्याशी

## टिकट की घोषणा में विलंब को तेज प्रचार से पाट रहीं अनुपमा

संवाददाता। धनबाद

पिछले दो दिनों से धनबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह पूरे चुनावी रंग में दिख रही हैं. धुआंधार जनसंपर्क कर रही हैं. तीन सप्ताह की देरी से चुनाव मैदान में उतरी कांग्रेस प्रत्याशी उसे पाटने में लगी हैं .अनुपमा के नाम की घोषणा के बाद से उनके पति सह बेरमो विधायक अनूप सिंह हर जगह साथ ही नजर आ रहे थे, लेकिन पिछले दो दिनों से चुनावी रणनीति के तहत दोनों ने क्षेत्र बांट कर फील्डिंग शुरू कर दी है. इससे कम समय में ज्यादा लोगों तक पहुंचना संभव होगा. बुधवार को अनुपमा सिंह ने बोकारो में 13 जगहों पर जनसंपर्क किया. वहीं अनूप सिंह ने धनबाद में यूथ कांग्रेस की बैठक में शामिल होने के बाद छह जगहों पर जनसंपर्क किया. गुरुवार को भी अनुपमा सिंह ने सिंदरी और निरसा विधानसभा में नौ स्थानों पर जनसंपर्क किया. वहीं विधायक अनूप सिंह बोकारो में जमे रहे और पांच स्थानों पर जनसंपर्क किया.

**घर से निकल कर सीधे चुनावी मैदान में :** अनुपमा सिंह को विरासत में मिली राजनीति ने अलग ही पहचान दी है. उनके ससुर स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह बेरमो विधानसभा से ही चुनाव लड़े. अनुपमा के पति ने भी बेरमो को ही अपना कर्मभूमि बनाया. इन दोनों से अलग अनुपमा घर से निकल कर सीधे धनबाद लोकसभा चुनाव मैदान में कूद पड़ी हैं. पहले तो लोगों ने उन्हें एक घरेलू महिला ही समझा, लेकिन जिस तेजी से वह जनसंपर्क कर रही है, वह उन्हें एक परिपक्व नेता की श्रेणी में लाकर खड़ी करने के लिए काफी है. इस दौरान वह मंझे हुए खिलाड़ी की तरह अपना वक्तव्य दे रही हैं.



**ब्राह्मण वभूमिहारों को साधने में पिछड़ रहे अनूप :** बेरमो विधायक अनूप सिंह को एक तरफ राजपूतों का समर्थन मिल रहा है. वहीं वह ब्राह्मण और भूमिहारों को साधने में चूक रहे हैं. अनुपमा के टिकट की घोषणा के बाद से अब तक वह कांग्रेस के किसी रूष्ट नेताओं से मिलने नहीं गए. धनबाद में राजपूत और भूमिहार की कभी नहीं बनी. इसलिए राजपूत प्रत्याशी को भूमिहारों की उपेक्षा का शिकार होना पड़ सकता है. अब तक अनूप सिंह ब्राह्मण और भूमिहार के किसी बड़े नेता से मुलाकात नहीं की है.

**पुटकी में अनुपमा की जीत सुनिश्चित करने पर चर्चा**

**पुटकी।** राकोमयू की बैठक डब्ल्यूजे एरिया के मुनिडीह में हुई. इसकी अध्यक्षता यूनियन की महुदा ग्रुप की सचिव संगीता तिवारी ने की. इसमें धनबाद लोकसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई. क्षेत्रीय अध्यक्ष पीएन तिवारी ने कहा कि मजदूरों के मसीहा स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुत्रवधू कांग्रेस की प्रत्याशी हैं. यूनियन का कर्तव्य है कि यूनियन व राष्ट्रीय खामफे के अध्यक्ष अनूप सिंह की धर्मपत्नी अनुपमा सिंह को जीत दिलाकर दिल्ली भेजें. बैठक में रमेश सिंह, विद्यासागर राय, सुचिन सिंह, उपेंद्र महतो, विकास कुमार आदि ने संबोधित किया.

**ढुल्लू महतो ने निरसा विस क्षेत्र में किया जनसंपर्क**

**निरसा।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सह बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ निरसा विधानसभा क्षेत्र में धुंआधार जनसंपर्क अभियान चलाया. इसकी शुरुआत कलियासोल प्रखंड के दलदली आश्रम श्री श्री गोकुलानंद मठ में पूजा अर्चना से की. ततपश्चात लेदाहरिया, डुमरिया, कलियासोल, मैथन, पतलाबाड़ी, तिलतोरया, उपचुरिया, उदयपुर, भागाबांध, रामकनाली, धोबाडी, बड़ा आममोना की जनता से जनसंपर्क किया और हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए. तिलतोरिया में चल रहे सप्ताहांत भागवत कथा में पंहुचे. कथावाचक वृंदावन से आये देवकीनंदन महाराज का आशीर्वाद लिया. मैथन में पंचायत समिति सदस्यों के साथ बैठक कर रणनीति पर विचार विमर्श किया. वहीं घटवार समाज के लोगों ने ढुल्लू महतो का स्वागत किया.



---

भाषी सम्प्रेषण क्षमता का विकास विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

## 'वाणी में मधुरता का होना जरूरी'

संवाददाता। महुदा

रवि महतो स्मारक टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज महुदा में गुरुवार को मृदु भाषी सम्प्रेषण क्षमता का विकास विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इसका शुभारंभ महाविद्यालय के मुख्य प्रशासक मधुसूदन महतो, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.राजेश कुमार यादव, डीएलएड विभागाध्यक्ष डॉ.नवीन मंडल ने किया. मृदु भाषी सम्प्रेषण क्षमता पर सच्चिदानंद महतो, मधु कुमारी, बसंत कुमार, अंजु कुमारी, किरण कुमारी, फुलचंद महतो, मिथुन रवानी, कोमल कुमारी, श्रेया राय, मांसी सिंह ने विचार प्रस्तुत किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रशासक मधुसूदन महतो ने कहा कि यह विषय बड़ा सारगर्भित एवं संवेदनशील है. इसका उचित परिपालन करके संवेगों को नियंत्रित किया जा सकता है. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार यादव ने कहा कि आज पूरे विश्व में मृदु-भाषी सम्प्रेषण क्षमता की समस्या है. वैश्विक स्तर पर इस पर कार्य किया जा रहा है. मानव जीवन में यदि बोलने की कुशल, मधुर क्षमता विकसित हो जाय तो पूरे समाज में समरसता एवं भाईचारे का माहौल हो जायगा. इसलिए अपनी लिखित एवं मौखिक वाणी में मधुरता का समावेश आवश्यक है. तभी समाज एवं देश विश्व गुरु के रूप में सामने आयेगा.



## श्वेता किन्नर की अगुवाई में निकाली गई जागरूकता रैली

संवाददाता। धनबाद

अखिल भारतीय किन्नर समाज, झारखंड प्रदेश एवं डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में जारी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई. रैली सुबह नौ बजे से रांगाटांड़ चौक से निकल कर धनबाद रेलवे स्टेशन होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंच कर समाप्त हुई. इस दौरान सैकडों किन्नर मौजूद रहे. रैली के दौरान मतदाताओं को 25 मई को धनबाद लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने के लिये प्रेरित किया गया. साथ ही स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी अनीता कुजूर ने रैली में मौजूद लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई. रैली के दौरान श्वेता किन्नर ने आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की. उन्होंने निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने के लिये प्रेरित किया. मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विनीता कुमारी आदि उपस्थित थे.

### डीजल चोरी पर अंकुश को महाप्रबंधक ने की बातचीत

**तेतुलमारी।** बीसीसीएल एरिया चार के वेस्टमोदीडिह परियोजना में हो रही डीजल चोरी पर अंकुश लगाने के लिए महाप्रबंधक जेएस महापात्रा ने कतरास सभागार में कोलियरी प्रबंधक, सिआइएसएफ, यूनियन प्रतिनिधि एवं कर्मियों से वार्ता की. कर्मियों ने अपनी समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि दर्जनों कि संख्या में अपराधी शाम ढलते ही परियोजना में हावी हो जाते हैं. जबरन हथियार का भय दिखाकर डीजल लूटते हैं. सीआइएसएफ कर्मी अपराधियों को संरक्षण देते हुए बीसीसीएल कर्मियों को आरोपी बना पुलिस के हवाले कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं. बीसीसीएल प्रबंधक सभी बातों को ताक पर रख मौन रहता है.

---

## बीसीसीएल कर्मचारी की हुई मौत, चाय दुकान में मिला शव

संवाददाता। बरोरा

थाना क्षेत्र के मुराईडीह कोलियरी चेकपोस्ट के समीप के बंद चाय दुकान में संदिग्ध हालात में बीसीसीएल कर्मी मुन्ना कुमार (46) का शव गुरुवार मिला.

बीसीसीएल कर्मी की मौत की खबर देखते ही देखते जंगल में लगी आग की तरह फैल गयी. खबर पाकर बरोरा थाना प्रभारी विकास कुमार, अवर निरीक्षक अविषेक तिवारी घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के परिजनों को घटना की खबर कर देकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतक का पैतृक गांव खरासिन थाना करपी जिला जहानाबाद बिहार का रहने वाला था. वह मुराईडीह फीडर ब्रेकर में जनरल मजदूर के पद पर कार्यरत था. मृतक यहां अकेले रहकर कार्य करता था. उसका न कोई रहने का ठिकाना था न बसेरा. बस इसी तरह चाय की दुकान में रहकर रात गुजारा करता था. इधर सूचना पाकर एटक के क्षेत्रीय अध्यक्ष नर्मदेश्वर उर्फ एनडी पांडेय, सचिव संतोष गोराई, यूनियन प्रतिनिधि जेके झा, दयाल महतो, मंगल हेम्ब्रम, मनोज साव, फुलेंद्र ठाकुर, एरिया एपीएम मुकेश कुमार, मुराईडीह एपीएम शांति दत्ता, एरिया मेडिकल आफिसर राम कुमार, डुमरा दक्षिण के मुखिया विनोद महतो घटनास्थल पर पहुंचे.



## चुनाव अधिकारियों को दिया गया ईवीएम का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण

संवाददाता। धनबाद

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक, त्रुटि रहित संपन्न कराने तथा वोटर टर्नआउट बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय में सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग तथा मॉक पॉल सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया.

इसमें सभी पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया. वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण ले रहे सभी अधिकारियों को उनके नेतृत्व में चुनाव कराना है. इस दौरान जो भी समस्या आएगी उसका समाधान भी उनको करना है. इसलिए आज सभी पदाधिकारियों को ईवीएम का थ्योरेटिकल एवं प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया गया. वे खुद ईवीएम की तकनीक को जान लेंगे तो चुनाव के दौरान कोई परेशानी नहीं होगी. उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम के ट्रबल शूटिंग पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया है. साथ ही एरर, एरर का कारण और एरर का निराकरण करने की एक-एक कॉपी सभी सेक्टर पदाधिकारी, प्रीसाइडिंग ऑफिसर, एआरओ, एईआरओ एवं प्रखंड की टीम को उपलब्ध करायी जाएगी. इस दौरान सभी पदाधिकारियों को ईवीएम कमिशिनंग, मॉक पोल प्रोटोकॉल, मॉक पोल के बाद की प्रक्रिया, वीवीपैट को अत्यधिक गर्मी से बचाना, चुनाव संपन्न होने के बाद वीवीपैट से पावर बैकअप निकाल लेना, ईवीएम के रिसीविंग का प्रशिक्षण दिया गया



## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खुला वेयरहाउस

संवाददाता। धनबाद

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के नेतृत्व में तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में गुरुवार को कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया. इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया के निर्देशानुसार बुधवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ था, जिसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभा की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई गई थी. मौके पर अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता के अलावा इंडियन नेशनल कांग्रेस के मिथिलेश तिवारी, भाजपा के नरेंद्र त्रिवेदी, आजसू के रतीलाल महतो, आप के राजेश कुमार, राजद के मुमताज कुरैशी, झामुमोर्चा के मुकेश सिंह, बसपार्टी के अभय मौजूद थे.



---

**विश्व मलेरिया दिवस** स्वास्थ्य विभाग की ओर से निकाली गई जागरूकता रैली

## मच्छरों से बचाव ही सबसे बेहतर उपाय : वीबीडी पदाधिकारी

संवाददाता। धनबाद

विश्व मलेरिया दिवस पर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई. रैली सदर अस्पताल से सिटी सेंटर होते हुए रणधीर वर्मा चौक पर समाप्त हुई. रैली में बड़ी संख्या में प्रशिक्षु एएनएम, सेविका, सहिया और एनसीसी छात्र मौजूद थे. इस दौरान वीबीडी पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि आम जनता को मलेरिया से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया. इसमें रैली के माध्यम से लोगों को यह बताया गया कि जन जागरूकता और जन भागीदारी ही मलेरिया की रोकथाम का सबसे कारगर उपाय है. लोगों से यह अपील की गई कि वह अपने आसपास साफ सफाई रखें व खाली स्थानों पर बेवजह पानी का जमाव न होने दें. जमे हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल, केरोसिन तेल डालें, ताकि उक्त पानी में मच्छर प्रजनन न कर सकें. पानी की टंकी को ढक कर रखें. फ्रिज, कूलर, फूलदानी व अन्य बर्तनों का पानी सप्ताह में एक दिन अवश्य सूखा लें. घरों के अंदर कीटनाशक का छिड़काव करें एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें.



**लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सीय परामर्श लें :** उन्होंने यह भी बताया कि ठंड के साथ बुखार आना, उल्टी होना या उल्टी जैसा लगना, शरीर में ऐठन एवं दर्द, सिर दर्द, चक्कर आना तथा थोड़ी देर में पसीने के साथ बुखार आना मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं. ऐसा होने पर तुरंत चिकित्सीय परामर्श लेना जरूरी है. मलेरिया की जांच एवं उपचार की सुविधा प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य कर्मियों सहिया, एमपीडब्लू, एएनएम के पास निःशुल्क उपलब्ध है. गंभीर मलेरिया के रोगियों की जांच एवं पूर्ण उपचार की सुविधा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सदर अस्पताल एवं एसएनएमएमसीएच में उपलब्ध है. एक अन्य कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग ने कोला कुसमा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासी विद्यालय में जागरूकता सह प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया. इस अवसर पर वीबीडी. सलाहकार रमेश कुमार सिंह, एमओआईसी सदर सीएचसी डॉ राजीव कुमार व अन्य लोग मौजूद थे.

**खास बातें**

- कहा-जनजागरूकता से ही मलेरिया की रोकथाम संभव
- खाली स्थानों पर बेवजह पानी का जमाव न होने दें

## यूएचएस कुमारडीह व कुंजी में टॉपर बच्चे हुए सम्मानित



संवाददाता। महुदा

उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुमारडीह व कुंजी में गुरुवार को एक समारोह आयोजित कर मैट्रिक परीक्षा में पास हुए छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया. समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित हाथुडीह पंचायत के मुखिया संगीता घोषाल, प्रधानाचार्य रेखा साहु व रागिनी कुमारी ने सबसे बेहतर अंक प्राप्त करने वाले विद्यालय के 10 छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर व पुरस्कार देकर सम्मानित किया. इनमें तनु सराक, अहमद रजा, बब्ली कुमारी, तन्नु परवीन, अंजुम बेबी, मोनिका कुमारी, स्नेहा कुमारी, प्रिया कुमारी, पायल कुमारी एवं राहुल तिवारी शामिल रहे. समारोह को संबोधित करते हुए मुखिया संगीता घोषाल ने कहा कि बच्चों ने पहली सीढ़ी पार की है. आज प्रतियोगिता की दुनिया है. अगर मेहनत नहीं करोगे तो आगे नहीं जा पाओगे. समारोह में पूर्व मुखिया संपद घोषाल, शिक्षक रामाकुनु प्रसाद, सोष्ठी दत्ता, लक्ष्मी कुमारी, मो.हैदर अंसारी, प्रदीप कुमार कर, श्रीराम रोही दास, मोडलिंग कुमारी, संजय सराक, मनोज सराक, मोबिन अंसारी, रंजीत बाउरी आदि मौजूद थे.

**AFFIDAVIT**

I, JITENDRA SINGH, S/o- Laxmi Prasad, residing at 67, Vill.-Tirra Ka Purwa, Nagnedhi, Dist.- Banda, Uttar Pradesh-210120 do hereby solemnly affirm and declare as follows: -

**1**. That I am an Indian citizen and residing at above mentioned address.

**2.** That my son's actual and correct name is **VEDANT SINGH** in his all documents but it is wrongly written as **ARDHY SINGH** in my Food Corporation of India service book bearing employee no-153054.

**3.**That both **VEDANT SINGH** and **ARDHY SINGH** is one and the same person name i.e. my son.

**4.** That aforesaid contents are true to the best of my knowledge.

Affidavit No. 23-24/JI-14314

Date : 25-04-2024

### 99.92 पर्सेंटाइल के साथ रक्षित राज बने टॉपर, रयान दूसरे और अवंतिका तीसरे स्थान पर रहे

# जेईई मेन-2 में डीपीएस बोकारो के छात्रों का दबदबा

संवाददाता। बोकारो

इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के दूसरे व अंतिम सत्र का परिणाम गुरुवार को जारी हुआ. परीक्षा में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा बरकरार रखा. 60 से अधिक विद्यार्थियों ने इसमें शानदार कामयाबी पाई. सफल विद्यार्थियों ने 26 मई को होनेवाली जेईई एडवांस परीक्षा के लिए क्वालिफाई किया है. इसमें रक्षित राज 99.92 पर्सेंटाइल लाकर स्कूल टॉपर बने हैं. वहीं, रेयान सिंह 99.91 पर्सेंटाइल लाकर दूसरे व अवंतिका गुप्ता ने 99.84 पर्सेंटाइल के साथ तीसरा स्थान पर हैं. स्कूल के 15 विद्यार्थियों को 99 और 41 को 95 पर्सेंटाइल से अधिक अंक मिले हैं. सफल विद्यार्थियों में रक्षित राज 99.92 पर्सेंटाइल, रेयान सिंह 99.91, अवंतिका गुप्ता 99.84, विशाल मेहता 99.82, मो. अम्मार 99.80, दिव्यांशु जायसवाल 99.64, स्पर्श कुमार 99.64, स्पर्श राज 99.56, उत्कर्ष कुमार 99.52, नमन जैन 99.45, तरुण गुप्ता 99.45, ऋषव कुमार 99.4, मोहित कुमार 99.20, आकाश महता 99.06, सौम्यदीप मंडल 99.00, आशुतोष सिंह 98.94, मानव राज 98.92, बख्तावर जावेद 98.82, पुष्पित किसलय 98.6, आर्यन रंजन सिंह 98.5, जानवी कुमारी 98.48, साक्षी प्रिया 98.47, अंशु राज 97.90, सैयद अशदुल्लाह 97.56, विचांशु राज 97.43, विक्रांत कुमार 97.38, श्रेयांशु घोष 96.65, आयुष्मान दत्ता 96.64, ऋषव कुमार 96.62, दिव्य प्रकाश सिंह 96.49, पौलम कुंडू 96.42, कमरीन फातिमा 96.39, कृष शांडिल्य 96.34, अजितेश आनंद 96.32, सिद्धांत वैभव 96.32, आर्यन राज 95.73, विवेक आनंद 95.73, आर्यन कुमार 95.52, हर्षवर्धन 95.41, रितिका साहा 95.36, अंशल कुमार 95.12, अधृत सिंह 94.24, श्रेया सुमन 94.09, कार्तिक राज 94.04, सिल्वी सृष्टि 93.91, तेजस अग्रवाल 93.83, आयुष राज 93.52, आदर्श कुमार मिश्रा 93.50 पर्सेंटाइल, राधिका अग्रवाल, समर सिंह, ऋषभ रंजन, अभिनव राज शामिल हैं. उल्लेखनीय है कि एनटीए की ओर से जेईई मेन की परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की गई थी. पहले सत्र की परीक्षा 24 जनवरी से 1 फरवरी तक और दूसरे सत्र की 4 से 12 अप्रैल तक ली गई थी. बोकारो जिले में 3569 विद्यार्थी जेईई मेन 2 की परीक्षा में शामिल हुए थे. डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने स्कूल के छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताई है.



जेईई मेन-2 में सफल डीपीएस बोकारो के टॉप 15 विद्यार्थी.

**लहराया परचम**

- 15 छात्रों को 99 और 40 को 95 पर्सेंटाइल से अधिक अंक
- सफल छात्रों ने जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई किया

# चिन्मया में अनिमेष राय बने स्कूल टॉपर, दूसरे स्थान पर रहे आयुष

संवाददाता। बोकारो



जेईई मेंस परीक्षा में चिन्मया विद्यालय बोकारो के विद्यार्थियों ने बेहतर परिणाम प्राप्त कर विद्यालय समेत माता पिता का नाम रौशन किया. 108 छात्र एडवांस के लिए चयनित हुए. जिनमें चिन्मय विद्यालय के अनिमेष राय 99.802 परसेंटाइल के साथ विद्यालय टॉपर बने. आयुष कुमार 99.733 परसेंटाइल के साथ दूसरे स्थान पर और ऋषभ कुमार 99.7211 तृतीय स्थान पर रहे. दूसरे सत्र में कई विद्यार्थियों का प्रदर्शन बेहतर हुआ.

प्राप्त समाचार के अनुसार 108 से अधिक विद्यार्थी एडवांस्ड के लिए उत्तीर्ण हुए हैं. यह संख्या और भी आगे जा सकती है, क्योंकि कई छात्र-छात्राएं शहर से बाहर हैं और उनसे संपर्क स्थापित किया जा रहा है. बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय का प्रदर्शन जेईई मेंस के साथ अन्य सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं में साल दर साल विद्यालय का प्रदर्शन बेहतर होते जा रहा है. उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में यह संख्या अपने उच्चतम प्रतिशत तक पहुंचेगी. सभी सफल विद्यार्थियों को स्वामिनी, संयुक्तानंदा सरस्वती, आचार्या चिन्मय मिशन केंद्र बोकारो, बिश्वरूप मुखोपाध्याय अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति, आरएन मल्लिक एवं उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया. इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक, शंभु नाथ झा, चंदन कुमार सिंह, पीके सिंह, अमरेन्द्र नारायण उपाध्याय, अशोक चैबे, कुमोद रंजन सिंह, अजय कुमार सिंह, आरएल महतो, उत्पल मित्रा एवं सुब्रतो गुप्ता ने शुभकामना दी है. बता दें कि चिन्मय विद्यालय बोकारो के छात्र शुभम आनंद विलक्षण प्रतिभा के धनी हैं, जो जीव विज्ञान के छात्र होते हुए भी जेईई मेंस के दोनों फेज में भाग लिये और क्रमशः फेज वन में 99.223 परसेंटाइल लाए.

## ब्रीफ खबरें

### उपायुक्त ने सुनी आम लोगों की समस्याएं

**साहिबगंज।** गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में आम जनों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए. समस्याओं को लेकर तालझारी प्रखण्ड से आए आम जनों से मिले. लोगों द्वारा दिए गए आवेदन पत्रों को पढ़कर हो रही समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिए. साथ ही संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किये.

### गोड्डा में पुआल के ढेर से देसी कट्टा बरामद

**गोड्डा।** मुफ्फसिल थाना अंतर्गत सिमड्डा में शादी समारोह में गोली चलाने की घटना में प्रयुक्त अवैध देसी कट्टा को घटना के तीन दिन बाद गांव में ही पुआल के ढेर से बरामद कर लिया गया. एसडीपीओ जेपीएन चौधरी ने बताया कि बीते सोमवार की रात मछिया सिमरडा गांव में जितेंद्र मंडल के चाचा के बेटी की शादी थी. डीजे फ्लोर पर डांस का कार्यक्रम चल रहा था. नशे में जितेंद्र ने ही फायरिंग की. जिसमे वो खुद घायल हुआ और जीजा विभूति साह भी जख्मी हुए थे. दोनों घायलों को इलाज के लिए भागलपुर रेफर कर दिया गया था.

### सुबोध करेंगे 1 मई को नामांकन पत्र दाखिल

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड के बेरहा सूईयाडीह मुखिया सह सामाजिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार यादव एक मई को गिरिडीह लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंग. उन्होंने बताया कि गिरिडीह लोकसभा के मतदाताओं की आकांक्षाओं को युवा सांसद ही पूरा कर सकता है. क्योंकि आजतक जो सांसद इस लोकसभा सीट से बने हैं सभी ने यहां के लोगों को सिर्फ बरगलाने का काम किया है. युवाओं के रोजगार के दिशा में कोई पहल नहीं हुआ है.

### दो प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारियों का तबादला

**बोकारो।** बोकारो की प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी समीरा खान व रश्मि चंदेल का डाल्टनगंज तबादला हो गया है. इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल काउंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि समेत अन्य अधिवक्ताओं ने गुरुवार को दोनों दंडाधिकारियों को गुलदस्ता भेंटकर विदाई दी. इसके बाद दोनों दंडाधिकारी डाल्टनगंज के लिए रवाना हो गईं. अधिवक्ताओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर सोमनाथ शेखर, अतुल कुमार, संजीत सिंह मौजूद थे.

### खनन पट्टा क्षेत्र में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

# सभी अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें: प्रभाष दत्ता

संवाददाता। बोकारो

बोकारो जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा गुरुवार को जिले के सभी खनन पट्टा क्षेत्र में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य कार्यक्रम सीसीएल ढ़ोरी माइंस क्षेत्र में आयोजित किया गया. जिसमें स्वीप के नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार, प्रभारी पदाधिकारी शक्ति कुमार, अंचलाधिकारी बेरमो संजीत कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी फुसरो गोपेश कुमार समेत सीसीएल के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे. मौके पर स्वीप के नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता ने कहा कि लोकसभा चुनाव आगामी 25 मई को निर्धारित है. चुनाव का पर्व, देश का गर्व है. उन्होंने चुनाव को उत्सव के तरह मनाने को कहा.

लोकतंत्र की मजबूती को लेकर सभी अपने मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें. अगर अभी भी किसी कारण से किसी का मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है, तो वह अपने बीएलओ या आनलाइन माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदन करें. आवेदन करने की आखिरी तिथि 26 अप्रैल 2024 है. जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह एवं स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी शक्ति कुमार ने बताया कि मतदान करने के लिए मतदाता को फोटो युक्त पहचान पत्र (ईपीक) प्रस्तुत करना होता है. यादि किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में ईपीक प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में मतदाता वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकता हैं. मौके पर सभी को स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने को लेकर मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया गया. श्रम रोजगार प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा बेरमो स्थित कौशल विकास केंद्र में छात्राओं द्वारा रंगोली बनाकर एवं मेहंदी लगाकर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएस कार्यालय सभागार में मलेरिया विभाग से संबंधित सभी चिकित्सक पदाधिकारी, कर्मियों के बीच मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया.

**सभी मतदाता फोटोयुक्त पहचान पत्र दिखाकर अपना मत डालें**



**किया जागरूक**

- लोकसभा चुनाव 25 मई को निर्धारित किया गया है
- मतदाता सूची में नाम जोड़ने की आखिरी तिथि 26 अप्रैल

**डीसी ने सभी लोगों को मतदान करने की दिलाई शपथ**



गिरिडीह । आगामी गिरिडीह व कोडरमा लोकसभा और गांडे विधानसभा उपचुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर स्विफ्ट कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के तत्वाधान में रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया गया. इस दौरान आम और खास ने शहर की दौड़ लगायी. लोगों ने झंडा मैदान से दौड़ना शुरू किया और शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर फिर से झंडा मैदान पहुंचे. इस दौरान सरकारी विभागों के कर्मचारियों, पुलिस जवानों और स्कूली बच्चों ने जिलावासियों से मतदान करने की अपील की और नारे लगाये. स्कूली छात्र-छात्राओं ने वैसे लोगों से खास अपील की, जो मतदान के दिन को अवकाश का दिन समझते हैं. कहा कि मतदान को अवकाश का दिन ना समझे, यह दिन राष्ट्र का भाग्य बदलने वाला होता है.

### पीरटांड़ में झामुमो की विधानसभा स्तरीय बैठक

**पीरटांड़।** पीरटांड़ प्रखंड के मधुबन स्थित तेरह पंथी कोठी में झारखंड मुक्ति मोर्चा की गुरुवार को गिरिडीह विधायक सभा स्तरीय बैठक हुई. जिसमें विधानसभा क्षेत्र के सभी झामुमो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित हुए. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष युवराज माहतो ने की. बैठक में मुख्य रूप से गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी सह टुंडी विधायक मथुरा माहतो, पीरटांड़ 20 सूत्री अध्यक्ष महेश मरांडी, हीरालाल माहतो उपस्थित थे. बैठक में मथुरा प्रसाद महतो की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श हुआ. साथ ही कहा गया कि अगर साथी इस बार कोई कमी इस लोकतंत्र बचाव अभियान में करेंगे तो हमलोग लोकतंत्र खो देंगे.

# मतगणना पर्यवेक्षकों को मिला हैंड ऑन व कम्यूनिकेशन का प्रशिक्षण



संवाददाता। साहिबगंज

गुरुवार को लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में सिद्धो कान्हू सभागार में मतगणना पर्यवेक्षक एवं मतगणना सहायक को हैंड ऑन एवं कम्यूनिकेशन का प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में उन्हें मतगणना कक्ष में प्रवेश, काउंटिंग हॉल का प्रारूप, पोस्टल वॉलेट मतगणना, ईवीएम मतगणना की जानकारी आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार दी गई. इस मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सीके दास, प्रशिक्षक के रूप में प्रभात कुमार सिंह, मोहम्मद जियाउल इस्लाम, सुनील कुमार मिश्र, सोनेलाल मंडल, विनय कुमार और हर्षवर्धन कुमार मौजूद थे.

# वोट को लेकर रन फॉर वोट का आयोजन

संवाददाता। गावां



गावां बीडीओ महेंद्र रविदास व सीओ अविनाश रंजन आगामी लोकसभा चुनाव में कोडरमा संसदीय क्षेत्र में मत का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर गांव-गांव में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है. एलईडी जागरुकता वाहन से व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है.

इसी कड़ी में गुरुवार को गावां में रन फॉर वोट का आयोजन किया गया. बीडीओ महेंद्र रविदास के नेतृत्व में पदाधिकारियों, स्कूली बच्चों और युवाओं ने दौड़ लगायी. प्रखंड मुख्यालय से दौड़ शुरू हुई और प्लस टू हाई स्कूल गावां, गावां बाजार, थाना मोड़ होते हुए फिर से प्रखंड मुख्यालय पहुंची. बीडीओ व सीओ ने रन फॉर वोट कार्यक्रम में शामिल लोगों को मतदान करने की शपथ दिलायी. बच्चों को अपने अभिभावकों को जागरूक करने और वोटिंग के दिन मतदान केंद्र भेजने की बात कही गयी. सभी को बताया गया कि देश के विकास के लिए मतदान जरूरी है. इस दौरान ब्रजेश पांडेय, रविन्द्र बरनवाल, अनिल कुमार, आदित्य कुमार, गंगाधर पांडेय, संतोष पांडेय, संतोष सिन्हा, जनार्दन साहा, राजेश कुमार, संजय कुमार, बलदेव कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे. इधर गावां में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है. प्रखंड के पंचायतों में एलईडी वाहन के जरिये प्रचार-प्रसार किया जा रहा है. डिजिटल वैन के माध्यम से गांव व टोलों में लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया जा रहा है.

# कड़रासाल चेकपोस्ट पर कार से पांच लाख रुपये बरामद



संवाददाता। देवघर

पालोजोरी थाना क्षेत्र के कड़रासाल चेकपोस्ट पर पुलिस ने बुधवार की देर रात कार से पांच लाख रुपये बरामद किये. जानकारी के अनुसार, अंतर जिला चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच की जा रही थी. इसी दौरान पुलिस ने एक काले रंग की कार (जेएच-15 एजी-0544) को रोकी. जांच करने पर कार में पांच लाख रुपये कैश बरामद किये गये. पुलिस पदाधिकारी ने तत्काल इसकी सूचना थाना प्रभारी संदीप कुमार व बीडीओ अमीर हमजा को दी. जानकारी मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे और कार सवार श्रेयांस अग्रवाल से पूछताछ की. पूछताछ में श्रेयांस ने बताया कि वह देवघर का रहने वाला है. वह कबाड़ी का काम करता है.

# छह महीने से जलमीनार खराब

संवाददाता। डुमरी



डुमरी प्रखंड के नगरी पंचायत के बरनवाल टोला एवं हरिजन टोला में पिछले छह महीनों से 14वीं वित्त की राशि से बनायी गयी जलमीनार खराब पड़ी है. ग्रामीणों के द्वारा कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया पर इस भीषण गर्मी में पानी की किल्लत होने के बावजूद भी कुंभकर्ण की नींद नहीं टूटी. जिसे देख ग्रामीणों ने गुरुवार को हिन्द मजदूर किसान यूनियन के डुमरी अनुमंडल अध्यक्ष सह युवा कांग्रेस के डुमरी विधानसभा अध्यक्ष गंगाधर महतो के नेतृत्व में बीडीओ के नाम एक हस्ताक्षरयुक्त आवेदन

देने की बात कही है. ग्रामीणों ने बताया कि उक्त दोनों टोला में जलमीनार खराब होने से राहगीरों के साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को इस शुरुआती गरमी में पानी की किल्लत शुरू हो गई है. जबकि अभी पूरा गरमी बाकी है. ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार जो कि एकमात्र साधन था, लोगों की पेयजल उपलब्धता का, लेकिन जलमीनार खराब हो जाने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है. दोनों जलमीनार चौराहों पर निर्मित होने से काफी लोगों को पेयजल में राहत मिलती थी. बताया कि जलमीनार से लगभग 200 घरों में जलापूर्ति होती थी. ग्रामीणों ने बीडीओ से उक्त जल समस्या के निदान के दिशा में पहल करने की मांग की है. इस दौरान हिन्द मजदूर किसान यूनियन के सचिव मदन मोहली, सह सचिव सुभाष पंडित, उपाध्यक्ष रबिन्द्र कुमार, संगठन मंत्री घनश्याम सिंह, उमेश ठाकुर, नन्द किशोर पण्डित, ग्रामीण सत्येंद्र कुमार, विजय कुमार पांडेय, सोनू कुमार, निर्मल कान्दु, अनील ठाकुर, सुभाष पंडित मौजूद थे.

# दर्दमारा में सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता। देवघर

जसीडीह थाना क्षेत्र स्थित दर्दमारा बॉर्डर के पास आज गुरुवार की सुबह सड़क हादसा हो गया. यहां एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गयी. मृतक की पहचान गादी जमुवा निवासी गंगाधर पंडित (40 वर्षीय) के रूप में हुई है. सूचना पाकर जसीडीह थाना प्रभारी रवि ठाकुर भी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया और जांच में जुट गये. इधर घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम करने की कोशिश की. लेकिन पुलिस की सक्रियता के कारण अवागमन बाधित नहीं हुआ. घटना के संबंध में बताया जाता है कि गंगाधर शादी समारोह में शामिल होकर अहले सुबह करीब पांच बजे अपने बाइक से घर लौट रहा था. जैसे ही वह अपने घर के करीब दर्दमारा बॉर्डर के पास पहुंचा, किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी. जिससे वह जमीन पर गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी. हादसे के बाद ग्रामीण और उसके परिजन घटनास्थल पर पहुंचे.



**मलेरिया उन्मूलन** | सदर अस्पताल सभागार में विश्व मलेरिया दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

# मलेरिया पीड़ितों की संख्या में 95% की कमी आई: सीएस

संवाददाता। गिरिडीह

सदर अस्पताल सभागार में गुरुवार को विश्व मलेरिया दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन सिविल सर्जन डॉक्टर एसपी मिश्रा, उपाधीक्षक डॉ. एपीएन देव व डॉ रेखा झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि 25 अप्रैल का दिन किए जा रहे प्रयासों की जानकारी व जन जागरूक करने का दिन है. कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य 2030 तक निर्धारित किया गया है. कहा कि प्रखंडों में मेडिकेटेड मच्छरदानी के वितरण के कारण जिले में मलेरिया पर लगातार अंकुश लगाया जा सका है. उन्होंने दावा किया कि पिछले पांच वर्षों में जिले में मलेरिया पीड़ितों की संख्या में 95% की कमी आई है. बताया कि अब तक जिले में सात लाख से अधिक मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण किया जा चुका है. मलेरिया से बचाव के उपाय बताते हुए डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि जल जमाव होने पर मिट्टी तेल या मोबिल का छिड़काव करें. जब भी सोए मच्छरदानी के अंदर सोएं.



**विद्यार्थियों ने निकाली मलेरिया रोधी जागरुकता रैली**



**गावां ।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर गुरुवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलैयाटांड़ में प्रभात फेरी सहित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाल कर मलेरिया से बचाव की जानकारी दी. वहीं छात्राओं के बीच शपथ समारोह, स्वास्थ्य सुरक्षा के संबंध में जागरुकता आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए. मौके पर प्रधानाचार्य मोहन कुमार ने छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाया कि घर के आसपास जलजमाव नहीं होने दें. मच्छरों को पनपने से रोकें. मच्छरदानी के अंदर सोएं, दूसरे को भी इसके लिए प्रेरित करने को कहा. बुखार होने पर सरकारी अस्पताल जाने को कहा और अपना पूर्ण उपचार कराएं. मौके पर एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार समेत कई छात्र-छात्राए उपस्थित थे.

### अपराधी ढिल्लन सिंह को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**देवघर।** पुलिस ने कुख्यात अपराधी ढिल्लन सिंह को देवघर से गिरफ्तार किया. जानकारी के अनुसार, एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की. ढिल्लन सिंह मूल रूप बिहार के लखीसराय का रहने वाला है. लेकिन वर्तमान में वह देवघर में रहकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा था. ढिल्लन बिहार और झारखंड के कई थानों में वांछित अपराधी रह चुका है. कुंडा और अन्य इलाकों में इसका कई वर्षों तक आतंक था. उस पर जमीन की अवैध खरीद बिक्री के अलावा कई अन्य संगीन मामले दर्ज हैं. लखीसराय में ढिल्लन पर दो हत्या के मामले भी चल रहे हैं.

# वेदांता इलेक्ट्रो स्टील ने सुरक्षा सर्कल में जीता स्वर्ण पदक



संवाददाता। बोकारो

वेदांता समूह की कंपनी ईएसएल स्टील लिमिटेड को प्रतिष्ठित 5वीं सीआईआई राष्ट्रीय ईएचएस सर्कल प्रतियोगिता में गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है. इसके लिए देश भर के संगठनों से सात श्रेणियों में 59 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं थीं. यह वार्षिक प्रतियोगिता सीआईआई नेशनल ईएचएस सर्कल प्रतियोगिता भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित की जाती है. जो पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर केंद्रित है. अनुकरणीय सुरक्षा प्रथाओं को अपनाने वाले सर्वश्रेष्ठ संगठन के तहत एआई एन्हांस्ड कैमरा डिटेक्शन के साथ सुरक्षा में सुधार प्रोजेक्ट में ईएसएल स्टील लिमिटेड ने गोल्ड अवार्ड जीता. परियोजना के अलावा ईएसएल ने डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी के सर्वोत्तम अनुप्रयोग के लिए खुद को नामांकित किया.

हजारीबाग से राजग प्रत्याशी का भाजपा व आजसू कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# जायसवाल ने तीन दर्जन गांवों का दौरा कर मांगा समर्थन

संवाददाता। रामगढ़



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के राजग प्रत्याशी ने गुरुवार को रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड क्षेत्र के डेढ़ दर्जन पंचायतों के करीब तीन दर्जन गांवों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद किया. पतरातू प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों तक मनीष जायसवाल ने अपनी पहुंच बनाई. जायसवाल ने अपने दौरे की शुरुआत सुबह ग्राम पंचायत तालाटांड़ से की और समापन देर शाम को लबगा पंचायत के ग्राम रसदा में जनसंवाद के साथ किया. इस दौरान तालाटांड़, पतरातू डैम, उचरिंगा, गरेवाटांड़, कटिया बस्ती, मंडाटांड़, कुरबीज, बटुका, पालू, पारगढ़ा, डाड़ीडीह, किरिगढ़ा, सांकुल, बरवाटोला, पतरातु, जयनगर, सौंदा बस्ती, सौंदा डी, शाह कॉलोनी, पंच मंदिर, हनुमान गढ़ी, न्यू मार्केट, बिरसा मार्केट और रसदा सहित अन्य गांवों में लोगों से संवाद किया. सभी गांवों में भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों ने गाजे- बाजे के साथ ढोल-मांदर की थाप पर थिरकते हुए जायसवाल का स्वागत किया. बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंर्तगत पतरातू प्रखंड के तालाटांड़ पंचायत स्थित पतरातू डैम की तलहटी में बसे उचरिंगा में विस्थापित नाविक युवा संघर्ष समिति, पतरातू डैम की ओर से जायसवाल का अभिनंदन किया गया.

### जिसने गरीबों की जिंदगी संवारी, उसी को जिताएं

पतरातू क्षेत्र में जनसंपर्क और जनसंवाद अभियान के दौरान जायसवाल ने कहा कि जिसने महज़ 10 साल में ही देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करते हुए आगे बढ़ाया और गरीबों एवं जरूरतमंदों की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जिंदगी संवारी, उसी मोदी सरकार को तीसरी बार मौका देना है. उन्होंने कहा कि विश्व पटल पर जिसने बढ़ाया देश का मान, बड़े निर्णयों से बढ़ाया जिसने हर भारतीयों का सम्मान, जनकल्याणकारी योजनाओं से किया हर जन का विकास ऐसे ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर है भारत वासियों का विश्वास.

### मौके पर ये रहे मौजूद

मौके पर बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, आजसू के केंद्रीय महासचिव विजय साहू, रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, प्रसिद्ध समाजसेवी राधेश्याम अग्रवाल, सरदार अनमोल सिंह, प्रो. संजय सिंह, भुरकुंडा भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, जिला महामंत्री रंजन सिंह फौजी, प्रदेश समिति सदस्य डॉ संजय सिंह, दिनेश प्रसाद, डब्लू पांडेय, जिला मंत्री सुरेंद्र करमाली, एसटी मोर्चा रामगढ़ अध्यक्ष कुमेल उरांव आदि उपस्थित रहे.

# हजारीबाग लोस क्षेत्र के प्रत्याशियों के लिए आज से मिलेगा नामांकन प्रपत्र

संवाददाता। हजारीबाग



### खास बातें

- तीन मई तक उम्मीदवार अपना नामांकन प्रपत्र भर सकते हैं
- समयावधि 11 बजे पूर्वाह्न से तीन बजे अपराह्न तक होगी

हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी नामांकन पत्र 26 अप्रैल से जिला समाहरणालय भवन के तृतीय तल के सी विंग कमरा संख्या 302 निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे. निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि 26 अप्रैल से प्रत्याशी (27 एवं 28 अप्रैल अवकाश छोड़कर) नामांकन प्रपत्र निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं. वहीं 3 मई (अंतिम तिथि) तक प्रपत्र भरकर निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं. सहाय ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए प्रत्याशी एवं उनके प्रस्तावक और समर्थक सहित पांच लोग अधिकतम को ही निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में प्रवेश की अनुमति रहेगी. निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय से 100 मीटर की दूरी तक आचार संहिता का पालन करते हुए अन्य लोगों का प्रवेश वर्जित रहेगा.

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान समाहरणालय भवन के मुख्य गेट से सरकारी वाहनों को छोड़कर अन्य सभी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा. वहीं प्रत्याशियों के लिए तीन वाहन अधिकतम के प्रवेश की अनुमति होगी. आमजनों के वाहन गेट के बाहर पार्क होंगे तथा पैदल प्रवेश करेंगे. उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल से 3 मई तक प्रत्याशी अपना नामांकन प्रपत्र भर सकते हैं, जिसकी समयावधि 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक होगी. उन्होंने कहा कि इस दौरान आदर्श चुनाव आचार संहित का उल्लंघन किये जाने पर कार्रवाई की जायेगी

## ब्रीफ खबरें

### यात्री बस ने पुलिस के जवान को दिया धक्का

**चरही।** चरही थाना क्षेत्र में एनएच 33 स्थित चरही घाटी में तेज रफ्तार यात्री बस ने पीछे से एक बाइक सवार पुलिस जवान को घक्का मार दिया. उसे गंभीर हालत में हजारीबाग भेजा गया, जहां से उसे रांची रेफर किया गया. घायल जवान हजारीबाग जिला पुलिस बल का जवान नवीन कुमार महतो बताया जा रहा है. वह रामगढ़ जिले के गोला पुराबडीह का रहने वाला है. वह बुलेट मोटरसाइकिल से हजारीबाग से अपने घर जा रहा था. यात्री बस पुलिस ने पकड़ कर अपने कब्जे में ले ली. यात्रियों को दूसरे बस से गंतव्य के लिए भेज दिया गया.

### झापा प्रत्याशी राजकुमार 1 को करेंगे नामांकन

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से झारखंड पार्टी (झापा) के



प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा 1 मई को नामांकन करेंगे. इस अवसर पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, केंद्रीय महासचिव अशोक भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष ऐनुल हक अंसारी सहित झारखंड पार्टी के कई पदाधिकारी शामिल होंगे. इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए झारखंड पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा ने बताया कि 1 मई को राजकुमार कुशवाहा के निवास स्थान तिलैया - झुमरा से मेरू, अमृत नगर, कोर्रा होते हुए मटवारी के गांधी मैदान में सभी एक जगह जमा होंगे और वहां से पैदल यात्रा करते हुए समाहरणालय पहुंचेंगे.

### इनरव्हील का मेगा स्वास्थ्य शिविर कल से

**झुमरीतिलैया।** रोटरी भवन पानी टंकी रोड में इनरव्हील क्लब कोडरमा की ओर से 27 एवं 28 अप्रैल को मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा. इसमें शहर की प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. संगीता प्रसाद, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अलंकृता मंडल. डॉ. श्रद्धा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. भारती एवं डॉ. अजय सेठ. जनरल फिजिशियन डॉ. अभिषेक कुमार, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सागरमानी सेठ, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. समीक्षा इसमें शामिल होंगे. मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार होंगे. परियोजना निदेशक रंजीता सेठ एवं आरती आर्य ने बताया कि लोग रजिस्ट्रेशन करवाने के लिये मोबाइल नंबर 70046 8 2019, 9939 5 9573 5, 9973 5 19471 पर संपर्क कर सकते हैं.

पांच माह में आग की घटनाओं में एक की मौत, करोड़ों का नुकसान

# बड़ी-बड़ी इमारतों में दमकल के भरोसे लोगों की जिंदगी

**शुभम संदेश पड़ताल**

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

जिले में धीरे-धीरे बढ़ती जनसंख्या के अनुसार बड़े-बड़े होटल, मॉल और अपार्टमेंट खुल रहे हैं. शहर और आसपास के इलाकों में निजी अपार्टमेंट, मॉल, शादी घर के अलावा कई सरकारी बिल्डिंग भी किराये पर लगी हुयी है. इनमें शादी समारोह, पार्टी के अलावा प्रत्येक दिन कोई न कोई आयोजन होता रहता है. लेकिन सुरक्षा की बात करें तो इन इमारतों में इसकी कोई व्यवस्था नहीं की गयी है. न ही सीसीटीवी कैमरा है और न गार्ड. सबसे खतरनाक बात यह है कि अधिकांश इमारतों में आग लगने पर बचाव के लिये अग्निशामक यंत्र तक नहीं लगाया गया है. ऐसे में कोई कोई बड़ी घटना घटती है तो कौन जिम्मेवार होगा? बता दें कि हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में बड़ी-बड़ी इमारतों में लगभग 1498 होटल, शादी घर रेस्टोरेंट लॉज संचालित हैं. शादी घरों में कपड़े का टेंट लगाया जाता है. इसको फाइबर और कागज जैसी ज्वलनशील चीजों से सजाया जाता है, जो आग लगने पर जानलेवा साबित होता है. हालांकि ग्राहक इसी को देख 6 माह पहले ही होटल की बुकिंग करते हैं, जिसके लिये उन्हें डेढ़ से लेकर चार लाख तक भुगतान करना पड़ता है.



**148**
नर्सिंग होम चल रहे हैं हजारीबाग जिले में, शहर में 89 का संचालन, इनमें 50 प्रतिशत के पास ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**केस संख्या 1...** शहर के बीचों-बीच मालवीय मार्ग स्थित गायत्री टेंट हाउस में कार्तिक पूर्णिमा के दिन शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी. उस वक्त उस मकान में लगभग एक दर्जन परिवार के लोग रह रहे थे और सभी चीख-पुकार कर रहे थे. इसके बाद स्थानीय लोगों एवं दमकल के सहयोग से सभी परिवार वालों को बाहर निकाल गया इस घटना में घर के तीन सदस्यों की आंखें झुलस गयीं. वहीं एक बच्ची की मौत हो गई थी.

**केस संख्या 2...** हजारीबाग शहर के हरनगंज स्थित शगुन वाटिका में रविवार को शॉर्ट सर्किट से आग लग गई. इसके बाद होटल से सटी 20 दुकानों में भी आग लग गई. आनन-फानन में मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया. लेकिन इस घटना में लगभग सभी दुकानों और होटल को मिलाकर करीब डेढ़ करोड़ का नुकसान होने की बात कही गई.

**केससंख्या 3...** शहर के हरनगंज स्थित अरण्या विहार शादी घर में बुधवार को शॉर्ट सर्किट से सुबह 7:30 बजे आग लग गई, जिसमें संचालक की ओरसे डेढ़ करोड़ रुपये का नुकसान होने की बात कही गई. इस शादी घर में प्लास्टिक फाइबर से दीवार को सजाया गया था. अगर अग्निशामक यंत्र होता तो आग को फैलने से रोका जा सकता था.

**1498**
होटल, शादी घर, रेस्टोरेंट, लॉज हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में संचालित हैं, लेकिन किसी इमारत में अग्निशामक यंत्र नहीं

### कमाई खूब, लेकिन सुरक्षा पर खर्च नहीं

होटल संचालक कमाई तो खूब करते हैं, लेकिन आम लोगों की सुरक्षा पर खर्च नहीं करते हैं. चंद पैसे बचाने के चक्कर आम लोगों की जिंदगियों से खेलते रहते हैं और अगर कोई घटना घट जाती है तो वे दमकल का इंतजार करते रहते हैं. वहीं बात नर्सिंग होम की करें तो हजारीबाग जिले में 148 नर्सिंग होम हैं और शहर की बात करें तो 89. हालांकि इनमें 50 प्रतिशत नर्सिंग होम संचालक अग्निशामक यंत्र का लाइसेंस ले रखे हैं. इस संबंध में संबंध में अग्निशमन अधिकारी रविंद्र ठाकुर ने बताया कि हजारीबाग में जितने भी माल, होटल, रेस्टोरेंट, अपार्टमेंट संचालित है. उनमें किसी ने अग्निशामक यंत्र का लाइसेंस नहीं लिया है और न ही सिस्टम को लगाया गया है. थोड़ा बहुत नर्सिंग होम संचालक इसका पालन कर रहे हैं.

# तस्कर 132 बोतल अवैध शराब के साथ गिरफ्तार



संवाददाता। रामगढ़

जिला पुलिस अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है. पतरातू थाना क्षेत्र के कुरबीज गांव में छापेमारी कर 132 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को पकड़ा है. यह जानकारी गुरुवार को एसपी डॉ. बिमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी. बताया कि बुधवार की रात पुलिस को यह सूचना मिली थी की कुरबीज मंडाटांड़ में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है. एक घर में भारी मात्रा में शराब का भंडारण किया गया है. पुलिस ने वहां घूरन गोप को पकड़ा, जिसके पास से 650 एमएल किंगफिशर बियर की 60 बोतल, 375 एमएल रॉयल स्टैग व्हिस्की की 24 बोतल और 180 एमएल स्टर्लिंग व्हिस्की की 48 बोतल बरामद की गयी है. इस छापेमारी में एसडीपीओ वीरेंद्र राम, इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता शामिल थे.

### बीडीओ ने प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**रामगढ़।** चितरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञानमनी एक्का ने गुरुवार को अचानक प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने लोगों से सफाई व्यवस्था की जानकारी ली. इस दौरान उन्हें कार्यालय के लगभग सभी स्थानों पर गंदगी की भरमार मिली. जगह-जगह गंदगी से लोगों की परेशानी देख भड़के बीडीओ ने सफाई कर्मी कुलदीप महतो को कड़ी फटकार लगायी. वहीं बीडीओ ने साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ झाड़ियों की कटिंग करने का निर्देश दिया. उन्होंने प्रखंड कार्यालय के आसपास पौधा व फूल लगाने का भी निर्देश दिया. मौके पर नाजिर योगेश गुप्ता, लिपिक कन्हैया कुमार, रोजगार सेवक विवेक, जनसेवक चित्रा सिंह मुंडा, प्रखंड समन्वयक अबुआ आवास प्रीति बेग मौजूद थे.

बरकाकाना में इंटर डिपार्टमेंटल डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

# बरकाकाना का अंबेडकर ट्रॉफी पर कब्जा

संवाददाता। रामगढ़



ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन बरकाकाना के तत्वावधान में रेलवे स्टेडियम में आठ दिवसीय बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ट्रॉफी - इंटर डिपार्टमेंटल क्रिकेट टूर्नामेंट पर वैगन डिपार्टमेंट बरकाकाना की टीम ने कब्जा जमा लिया. टूर्नामेंट में विभिन्न विभागों से कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया. इलेक्ट्रिक डिपार्टमेंट पतरातु तथा कैरिज एंड वैगन डिपार्टमेंट बरकाकाना की टीम के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमें बरकाकाना ने पतरातु को 27 रनों से पराजित किया. टॉस जीत कर बरकाकाना की टीम ने बल्लेबाज़ी करते हुये 12 ओवरों में कुल 110 रन बना कर पतरातु के सामने 111 रनों का लक्ष्य रखा. बरकाकाना की ओर से रितेश मुंडा ने बेहतरीन बल्लेबाज़ी करते हुए 14 गेंदों पर 44 रन बनाये. लक्ष्य का पीछा करते हुए पतरातु की टीम ने तूफानी शुरुआत की लेकिन अंत में 83 रनों पर ही सिमट गयी. बरकाकाना की ओर से रंजय सिंह राजपूत ने 2 विकेट तथा मिंटू कुमार ने 3 विकेट लिये. मैच में अंपायर की भूमिका उत्तम सिंह और चंद्रदेव कुमार ने निभाई, जबकि मैच का आंखों देखा हाल अमर सिंह और केएन सिंह सुना रहे थे.

### मीडिया इलेवन व रेलवे कंट्रोल डिपार्टमेंट में फ्रेंडली मैच

फाइनल मैच के पहले रामगढ़ मीडिया इलेवन तथा बरकाकाना रेलवे कंट्रोल डिपार्टमेंट के बीच एक फ्रेंडली मैच खेला गया. इसके तुरंत बाद महिला रेल कर्मियों की ओर से एक "शो मैच" का आयोजन किया गया. मौके पर मुख्य अतिथि मंडल यातायात प्रबंधक कुमार अंकित, विशिष्ट अतिथि प्रभात कुमार वर्मा एएसटीइ, एमपी महतो, ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा सचिव, आयोजन समिति के अध्यक्ष सूरज कुमार, सचिव अमर सिंह, कोषाध्यक्ष सूरज गुप्ता, उपाध्यक्ष केएन सिंह, सह-उपाध्यक्ष विवेक कुमार उपस्थित रहे.

# कोडरमा लोस क्षेत्र के मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता। कोडरमा

कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से बाघिटांड़ स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में उप विकास आयुक्त ऋतुराज के निर्देशन में द्वितीय मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्य संपन्न हुआ. इस दौरान उपायुक्त ने मतदान पदाधिकारियों से पूरे मन से प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं खुद से ईवीएम संचालित कर वोट करवाने के तकनीकी पहलू पर दक्षता हासिल करने के लिए प्रेरित किया. वहीं उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने पोस्टल बैलेट से वोट करने के तरीकों के बारे में बताया एवं ठीक से प्रशिक्षण प्राप्त कर सफल मतदान के लिए जरूरी बातें बताईं. प्रशिक्षण दो पालियों में दिया गया. प्रशिक्षक अश्विनी तिवारी, सुदीप सहाय एवं राजेश्वर पांडेय ने बताया कि तृतीय मतदान पदाधिकारी अमिट स्याही, मतदाता रजिस्टर 17ए के प्रभारी होते हैं एवं मतदाता पर्ची भी इन्हीं के द्वारा निर्गत की जाती है. बताया कि सामान्य मतदाताओं के मामले में अमिट स्याही उनके बाएं हाथ की तर्जनी में लगेगी. अंधे एवं दिव्यांग मतदाताओं के मामले में उनके साथी रहने पर साथी के दाएं हाथ की तर्जनी में अमिट स्याही लगाई जाएगी जबकि दिव्यांग मतदाता के बाएं हाथ की तर्जनी में अमिट स्याही लगाई जाएगी.

### बिरहोर परिवारों को दिया दोपहर का पौष्टिक भोजन

**केरेडारी।** एनटीपीसी चटी बरियातू परियोजना के एमडीओ ऋतिक प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से परियोजना क्षेत्र के बिरहोर परिवारों को पौष्टिक भोजन कराया गया. इस संबंध में ऋतिक कंपनी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर मो. रिजवान ने बताया कि केरेडारी कोल माइंस परियोजना में सेट 32 बिरहोर परिवार के 120 लोग यहां निवास करते हैं. ये पोषाहार के अभाव में काफी कमजोर हो गये हैं. इसको देखते हुए रितिक कंपनी ने 17 अप्रैल से सभी परिवारों को दोपहर का भोजन दे रही है. वहीं कंपनी के कोऑर्डिनेटर रवि सिंह ने बताया कि परियोजना जब तक यहां खनन करती है तब तक बिरहोर परिवारों को पौष्टिक आहार दिया जाएगा. मौके पर अनुराग गुप्ता, सुमित उपस्थित थे.

चौपारण थाना प्रभारी ने मुखिया व पंसस के साथ बैठक कर बढ़ते अपराध पर किया विचार

# अपराध कम करने में जनप्रतिनिधि करें सहयोग

संवाददाता। चौपारण



चौपारण थाने में थाना प्रभारी दीपक सिंह ने गुरुवार को प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, जिला पार्षद, 26 मुखिया, 30 पंचायत समिति सदस्यों के साथ क्राइम संबंधी बैठक की. थाना प्रभारी ने सभी से कहा कि आपके सहयोग से हर प्रकार की अनैतिक, अवैध, कार्यों पर विराम लग सकता है. जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में हो रहे क्राइम और अवैध कारोबार के बारे में विस्तार से जानकारी दी.

बसरिया मुखिया मंजू देवी ने कहा कि भगहर पंचायत के नाम की सरकारी शराब दुकान बसरिया पंचायत के कठम्बा में खोले जाने से 14 से 25 वर्ष के युवा शराबी बनते जा रहे हैं. इससे क्राइम का ग्राफ तेज गति से बढ़ता जा रहा है. वहीं ताजपुर मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु प्रसाद भगत एवं पूर्व पंसस सह प्रतिनिधि अनिल उर्फ टुन्नू वर्णवाल ने कहा कि ब्लॉक मोड़ में चरस, हेरोइन व घातक मादक पदार्थ का सेवन करने वाले युवकों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिस पर रोक लगाने की जरूरत है. बच्छई मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक ने बैंक के आसपास कई होटलों, गुमटियों में शराब की खुलेआम बिक्री और सिंघरावां मोड़ से लराही रोड में शराबियों का जमावड़ा लगे रहने की बात कही. इससे 15-20 गांवों के राहगीरों में भय का माहौल रहता है.

### मादक पदार्थों का सेवन एक गंभीर मामला

वहीं चौपारण मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया बिनोद सिंह, बेलाही मुखिया मंटू सिंह, यवनपुर मुखिया जानकी यादव, गोबिंदपुर मुखिया प्रतिनिधि दशरथ गोप, पाण्डेयबारा मुखिया रेखा देवी ने कहा कि सरकारी शराब की दुकान गांव के तालाब के बगल में खुलने से गरीब महिलाओं को कपड़ा धोने व नहाने में असुविधा होती है. वहीं बेला मुखिया ममता ने कहा कि चरस सहित मादक पदार्थों का सेवन एक गंभीर मामला बनता जा रहा है.

**लोकसभा चुनाव** सीजर लिस्ट कटवाने पर वाहन मालिकों को मिलेगी बड़ी राहत, नहीं पकड़ी जाएगी गाड़ी : सीओ

# चुनाव गाड़ियों का रेट फिक्स, बाइक हो या बस मिलेगी एकमुश्त राशि

संवाददाता। चौपारण



हजारीबाग, चतरा और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में आगामी 20 मई को चुनाव होगा. इसको लेकर गाड़ियों की धड़-पकड़ भी शुरू हो गई है. चुनाव आयोग ने चुनाव कार्य में लगे वाहनों के लिए रेट भी निर्धारित कर दिया है. इसकी जानकारी निर्वाचन अधिकारी सह चौपारण सीओ सह प्रभारी बीडीओ संजय यादव ने देते हुए कहा कि चौपारण का कोई भी वाहन मालिक एक दो दिन के अंदर अपनी गाड़ी का सीजर लिस्ट कटवा सकता है. सीजर लिस्ट कटने के बाद उसे अपने वाहन को 15 मई को विनोबा भावे में जमा करना पड़ेगा और 15 मई से ही गाड़ी बुक भी हो जाएगी. इस दौरान निर्धारित दर पर पैसे का भुगतान वाहन मालिक के खाते में होगा. सीजर लिस्ट कटने के बाद पर्ची को अपनी गाड़ी में चिपका कर मालिक कहीं भी आ जा सकता है. सीजर लिस्ट कटवाने के लिए मालिक को ब्लॉक में सिर्फ गाड़ी का आरसी पेपर, आधार नंबर और एकाउंट नंबर की छाया प्रति फॉर्म के साथ जमा करनी है.

### किस गाड़ी के लिए क्या रेट मिलेगा

जारी रेट चार्ट के मुताबिक बस 49 सीटर को प्रतिदिन 3530 रुपये और माइलेज 3 किमी/लीटर, बस 49 सीटर को प्रतिदिन 3530 रुपये और माइलेज 3 किमी / लीटर, बस 33-48 सीटर को प्रतिदिन 2980 रुपये और माइलेज 3 किमी / लीटर, बस 23 - 32 सीटर को प्रतिदिन 2520 रुपये और माइलेज 3 किमी / लीटर, मिनी बस 14 - 22 सीटर को प्रतिदिन 1800 रुपये और माइलेज 6 किमी / लीटर, मिनी बस 8- 13 सीटर को प्रतिदिन 1400 रुपये और माइलेज 6 किमी / लीटर, ट्रक (7500 किग्रा से ऊपर) को प्रतिदिन 1650 रुपये और माइलेज 3 .5 किमी/किमी, ट्रक (7500 - 12000 किग्रा से ऊपर) को प्रतिदिन 2480 रुपये और माइलेज 3 किमी/लीटर, ट्रक (12000 किग्रा से ऊपर) को प्रतिदिन 2740 रुपये और माइलेज 2 .5 किमी/लीटर, ट्रैक्टर विथ ट्रॉली को प्रतिदिन 1120 रुपये और माइलेज 6 किमी/लीटर, जीप को प्रतिदिन 1100 रुपये और माइलेज 10 किमी/लीटर, टाटा सूमो / कमांडर को प्रतिदिन 1470 रुपये और माइलेज 10 किमी/लीटर, बोलेरो को प्रतिदिन 1470 रुपये और माइलेज 10 किमी/लीटर, इंडिका सेंट्रो एसी को प्रतिदिन 1220 रुपये और माइलेज 12 किमी/लीटर, इंडिका सेंट्रो नन एसी को प्रतिदिन 1040 रुपये और माइलेज 12 किमी/लीटर, अम्बेसडर डीजल ऐसी को प्रतिदिन 1220 रुपये और माइलेज 09 किमी/लीटर, अम्बेसडर डीजल नन एसी को प्रतिदिन 1040 रुपये और माइलेज 12 किमी/लीटर, ओपेल सेलो लेन्सर नेकशिया नन एसी को प्रतिदिन 1280 रुपये और माइलेज 12 किमी/लीटर, मारुति 800 एसी को प्रतिदिन 1100 रुपये और माइलेज 12 किमी/लीटर, मारुति 800 नन एसी को प्रतिदिन 920 रुपये और माइलेज 12 किमी/लीटर, स्टीम स्विफ्ट डिजाइर विष्ठा एसी को प्रतिदिन 1520 रुपये और माइलेज 12 किमी/लीटर, स्टीम स्विफ्ट डिजाइर विष्ठा नन एसी को प्रतिदिन 1340 रुपये और माइलेज 12 किमी/लीटर, जेन एसी को प्रतिदिन 1340 रुपये और माइलेज 12 किमी/लीटर, जेन नन एसी को प्रतिदिन 1170 रुपये और माइलेज 12 किमी/लीटर, आल्टो / इंडिका/ विंगर / मैटीज / फोर्ड एसी को प्रतिदिन 1340 रुपये और माइलेज 12 किमी/लीटर, आल्टो / इंडिका/ विंगर / मैटीज / फोर्ड नन एसी को प्रतिदिन 1170 रुपये और माइलेज 12 किमी/लीटर, असेन्ट/ साइना/ जायलो एसी को प्रतिदिन 1470 रुपये और माइलेज 12 किमी/लीटर, असेन्ट/ साइना/ जायलो नन एसी को प्रतिदिन 1280 रुपये और माइलेज 12 किमी/लीटर, तवेरा/स्कार्पियो/ वेरेना/ चेवर्लेट बिट को प्रतिदिन 1470 रुपये रेट मिलेगा.

# शोकाकुल परिवार से मिले पूर्व विधायक, बंधाया ढांढस



संवाददाता। चौपारण

बीते दिनों हथिया निवासी महादेव राम के पुत्र सागर चंद्रवंशी (28) का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था. असामायिक मौत की खबर सुनकर बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे. उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया व हरसंभव मदद का भरोसा दिया. कहा कि घटना हृदय विदारक है, परिवार वालों पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है. मालूम हो कि कुछ दिन पहले शादी समारोह से लौटने के क्रम में सागर चतरा रोड स्थित सवैया पुल के समीप सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया था. सागर का विवाह एक वर्ष पूर्व हुआ था और दोस्त के शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए महज पांच दिन पूर्व ही हैदराबाद से गांव लौटा था. मौके पर महिला समाजसेवी नीलू देवी, राजेश राम, बिट्टू चंद्रवंशी, पिंटू चंद्रवंशी, चिंतामन चनद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी मौजूद थे.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** चन्द्र नीच का है,विवाद से बचें. कर्ज लेना पड़ सकता है. किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है. स्वाभिमान को ठेस लग सकती है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें.

**वृषभ** व्यापारा में लाभ का मौका मिलेगा. जीवनसाथी से लाभ होगा. व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी. भाग्य का साथ मिलेगा. नौकरी में चैन रहेगा. निवेश शुभ रहेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. पार्टनरों का सहयोग मिलेगा.

**मिथुन** मौसमी बीमारियों से बचाव की आवश्यकता है. गुप्त शत्रु से सावधान रहें. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. सामाजिक काम करने की इच्छा रहेगी. मान-सम्मान मिलेगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. किसी मंदिर में जल का दान करें.

**कर्क** नीच का चन्द्र है. कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल नही रहेंगे. कुछ मानसिक अशांति रहेगी. पर लाभ के अवसर हाथ आएंगे. समय अनुकूल है. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. कारोबार में वृद्धि के योग हैं.

**सिंह** माता या किसी महिला का स्वास्थ खराब हो सकता है. पुराना रोग उभर सकता है. किसी दूसरे व्यक्ति की बातों में न आएं. कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें. व्यापार अच्छा चलेगा. नौकरी में मातहतों से कहासुनी हो सकती है.

**कन्या** भाई बहन के साथ मेलजोल बढ़ेगा.लेन-देन में सावधानी रखें. चिंता तथा तनाव रहेंगे. शत्रुभय रहेगा. कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे. धन प्राप्ति सुगम होगी. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. भाइयों का सहयोग मिलेगा.

**तुला** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे. भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी. बड़ा लाभ हो सकता है. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी. भाग्य का साथ रहेगा. इतर दान करें.

**वृश्चिक** समय बहुत ही उत्तम है. विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा. किसी वरिष्ठ प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार से लाभ होगा. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. कार्य के प्रभाव से भाग्य का साथ मिलेगा.

**धनु** वाणी पर नियंत्रण रखें. शारीरिक कष्ट संभव है. यात्रा में जल्दबाजी न करें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है. भागदौड़ अधिक रहेगी. थकान व कमजोरी महसूस होगी. अन्न दान करें.

**मकर** आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. मान-सम्मान मिलेगा. नौकरी में प्रशंसा होगी. कार्यसिद्धि होगी. प्रसन्नता रहेगी. चोट व रोग से बचें. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं.

**कुंभ** सरकारी कार्य मे गति मिलेगा. शेयर बाजार से भी लाभ का योग है. घर में मेहमानों का आगमन होगा. कोई मांगलिक कार्य हो सकता है. आत्मविश्वास बढ़ेगा. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. काला वस्तु का दान करना चाहिए.

**मीन** भाग्य का साथ मिलेगा. किसी नए मित्र से मुलाकात होगा. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. निवेश शुभ रहेगा. व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा. किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिल सकती है.

## पेज एक का शेष

### जुबां से कुछ न....


अब आइए, इस सदी के महानायक अरविंद केजरीवाल पर. वह जेल में हैं. शराब घोटाले के आरोप में. लेकिन मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे. जो नेता गंभीर आरोप लगते ही या जेल जाते ही अपना पद छोड़ देते थे, क्या वे संविधान का अनादर करते थे. संविधान में कहीं लिखा ही नहीं है कि जेल जाने पर इस्तीफा देना जरूरी होगा. अब इस अराजक नेता से कौन पूछे कि भई, आपने सत्येंद्र जैन और मनीष सिसौदिया से इस्तीफा क्यों लिया ? इसका जवाब न केजरीवाल के पास है और न ही उनके ढिंढोरचियों के पास. दरअसल केजरीवाल मुख्यमंत्री पद इसलिए नहीं छोड़ रहे हैं कि उन्हें शीशमहल छोड़ना पड़ेगा, जिसके बाथरूम में भी रिमोट सिस्टम लगा है. दूसरी बात यह है कि दिल्ली में आम विधायकों के लिए सरकारी आवास की व्यवस्था नहीं है. यानी केजरीवाल आवास बचाने के मकसद से मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा न देकर संविधान की रक्षा में तल्लीन हैं. उन्होंने एक और शातिर चाल चली है. उनके चेले चपाटी डफली पीट रहे हैं कि उन्हें धीरे-धीरे मरणासन्न स्थिति में पहुंचाया जा रहा है. उनकी शुगर बढ़ गयी है, लेकिन इंसुलिन नहीं दी जा रही है. लेकिन क्या शुगर पीड़ित आम, मिठाई, पूरी, कचौड़ी, जलेबी खा सकता है, वह भी घर से मंगाकर ? बतौर मुख्यमंत्री जेल पर उनका ही नियंत्रण है और तिहाड़ में उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध है. लेकिन केजरीवाल जानबूझ कर गंभीर रूप से बीमार पड़ना चाहते हैं, ताकि अस्पताल में भर्ती हो जायें और वहां से जलवा बिखेरें. वह चाहते हैं कि किसी प्राइवेट डॉक्टर से परामर्श लें. लेकिन यह नियम उन्होंने ही बनाया है कि जेल में बंद किसी को भी प्राइवेट चिकित्सक की सुविधा नहीं मिलेगी. अंदाजा लगाइए कि इस आदमी की नस-नस में कितनी फितूरबाजी समाई हुई है. अफसोसनाक यह है कि इसके समर्थन में आज भी बुद्धिविलासियों का खेमा सन्नद्ध है, जबकि यह धीरे-धीरे साफ होने लगा है कि यह कुछ विदेशी ताकतों द्वारा प्रायोजित या उत्प्रेरित है. इस देश में एक से एक नेता, मुख्यमंत्री भी जेल गये, लेकिन जर्मनी, अमेरिका में रूदालियों का गिरोह सामने नहीं आया. इसमें सुरखाब के कौन से पर लगे हैं कि इसकी गिरफ्तारी पर हमारी लोकतांत्रिक, संवैधानिक व्यवस्था पर विदेश में भी सवाल उठ रहे हैं? इस समूचे चुनावी अभियान और प्रकरण पर कवि जगदीश सोलंकी के एक गीत का शीर्षक उधार लेते हुए कहना है कि जुबां से कुछ न बोले पर तिरंगा जानता सब है. लोकराज लोकलाज से चलता है. लेकिन जिन्हें अपनी करतूतों तथा फैसलों पर शर्मिंदगी के बजाय गर्व महसूस हो रहा है, वे लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की गुहार लगा रहे हैं.

पिछड़ा व वैश्य समुदाय के दबाव पर चुनाव में उतरने का मन बनाया, कांग्रेस नेतृत्व से भी चल रही है बातचीत

# धीरेंद्र अग्रवाल भी उतरेंगे मैदान -ए- जंग में, किसी पार्टी से बात नहीं बनी, तो निर्दलीय लड़ेंगे

आशीष टैगोर। लातेहार

चतरा संसदीय क्षेत्र से तीन बार सांसद रहे चुके धीरेंद्र अग्रवाल ने लोकसभा चुनाव 2024 में उतरने का मन बनाया लिया है. अगर वाकई ऐसा हुआ तो चतरा लोकसभा का चुनाव दिलचस्प हो जायेगा. अब तक भाजपा व इंडी गठबंधन ने यहां अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं. ऐसे में धीरेंद्र अग्रवाल का चुनावी समर में उतरना दोनों के चेहरे पर शिकन ला सकता है. कहना गलत नहीं होगा कि धीरेंद्र अग्रवाल दोनों के किले में सेंधमारी करने का कुव्वत रखते हैं. अग्रवाल भाजपा से दो बार एवं इंडी के राजद से एक बार सांसद रह चुके हैं .



धीरेंद्र अग्रवाल

### निर्दलीय उतरे, तो भाजपा व कांग्रेस के किले में करेंगे सेंधमारी !

**शुभम संदेश**– सुना है आपने इस बार चतरा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव में उतरने का मन मनाया है.

**जवाब**– सही सुना है. हां, मैं चतरा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने का पूरा मन बना लिया है.

**शुभम संदेश**– किसी दल से चुनाव लड़ेंगे या फिर निर्दलीय.

**जवाब**– कई दलों के संपर्क में हूं. कांग्रेस से भी बातचीत चल रही है. अगर प्रत्याशी बदला गया तो कांग्रेस से भी चुनाव लड़ सकता हूं. लेकिन अगर किसी भी दल से बात नहीं बनी तो निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा.

**शुभम संदेश**– एक बार आपने निर्दलीय चुनाव लड़ा था, लेकिन उसका अनुभव अच्छा नहीं रहा था. आप आठवें नंबर पर थे. फिर ऐसा दुबारा क्यों.

**जवाब**– हां, 2009 के लोकसभा चुनाव में मैं निर्दलीय चुनाव लड़ा था. हालांकि मैं नहीं जीत पाया था. लेकिन उस चुनाव में एक निर्दलीय प्रत्याशी (इंदरसिंह नामधारी) ने ही चुनाव जीता था. लेकिन मुझे भी लोगों का समर्थन मिला था. मुझे 15 हजार से अधिक वोट मिले थे.

**शुभम संदेश**– तो फिर इस बार आप किस आधार पर चतरा से चुनाव लड़ना चाहते हैं.

**जवाब**– देखिये, चतरा क्षेत्र से पिछड़ा व वैश्य समुदाय का एक भी प्रत्याशी नहीं है. चतरा लोकसभा क्षेत्र पिछड़ा वर्ग बहुल क्षेत्र है. क्षेत्र के पिछड़ा, ओबीसी व अन्य वैश्य समुदाय के लोगों का पूरा समर्थन मिल रहा है. इसके अलावा अन्य वर्ग के लोगों ने भी मुझे अपना समर्थन देने का वायदा किया है और चुनाव लड़ने की अपील की है. उसी आधार पर ही मैंने चुनाव में उतरने का मन बनाया है.

शुभम संदेश– आपकी प्राथमिकताएं क्या होगी

**जवाब**– देखिये, पिछले 15 सालों से चतरा लोकसभा क्षेत्र का कोई विकास नहीं हुआ है. या यूं कहें कि उनके बाद किसी भी सांसद ने क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया. आज भी समस्याएं जस की तस है. खनिज संपदा से परिपूर्ण होने के बाद भी एक भी कल कारखाना नहीं लग पाया. लोगों के पास रोजगार का अभाव है. लोग पलायन कर रहे हैं. क्षेत्र में किसानों के पास सिंचाई का साधन ही नहीं है. बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है. इन सब मुद्दों को लेकर जनता के पास जाऊंगा.

**शुभम संदेश**– क्षेत्र की जनता से क्या कहना चाहेंगे.

**जवाब**– मतदाताओं से कहना चाहूंगा कि क्षेत्र का विकास करने वाले और सही प्रत्याशी को वोट दें.

**शुभम संदेश**– धन्यवाद व शुभकामनाएं

**जवाब**– जी, शुक्रिया

### धीरेंद्र अग्रवाल का राजनीतिक सफर

धीरेंद्र अग्रवाल ने वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी के रूप में अपनी राजनीति की शुरुआत की थी. हालांकि वे जीत नहीं पाये थे. उन्हें जनता दल के उपेंद्र नाथ वर्मा ने हराया था. 1996 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने जनता दल के कृष्ण नंदन प्रसाद को हरा कर पहली बार संसद पहुंचे थे. 1998 के मध्यावधि चुनाव में उन्होंने राजद के नागमणि को हराया और दूसरी बार भाजपा के सांसद बने. 1999 के लोकसभा चुनाव में राजद के नागमणि ने उन्हें हराया. 2004 के लोकसभा चुनाव में अग्रवाल ने राजद से चुनाव लड़ा और जदयू के इंदर सिंह नामधारी को हराया . हालांकि 2009 के लोकसभा के चुनाव में उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा और 15591 वोट लाकर आठवें स्थान पर रहे. अब 15 वर्ष के अंतराल के बाद अग्रवाल फिर से चुनावी समर में देखे जायेंगे.

लोस चुनाव के चौथे चरण में नॉमिनेशन के अंतिम दिन 25 पर्चे दाखिल

# झारखंड की 4 लोकसभा सीटों पर 65 प्रत्याशियों ने किया नॉमिनेशन

शुभम किशोर। रांची

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में नॉमिनेशन का अंतिम दिन 25 अप्रैल था. झारखंड में चार सीटों पर चौथे चरण में मतदान होना है. नॉमिनेशन के आखिरी दिन गुरुवार को 65 नॉमिनेशन फॉर्म दाखिल किए गए. जिसमे 25 नए प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया. झारखंड में चार लोकसभा सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा, पलामू के लिए 144 नॉमिनेशन फॉर्म 65 प्रत्याशियों ने दाखिल किए. जिसमे सिंहभूम से 21, लोहरदगा से 17, खूंटी से 16 और पलामू से 11 प्रत्याशी मैदान में उतरे हैं. उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड नेहा अरोड़ा ने कहा की स्क्रूटनी के बाद ही प्रत्याशियों की संख्या स्पष्ट होगी. वहीं नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है. गुरुवार को सिंहभुम लोकसभा क्षेत्र के 8, खूंटी में 7, लोहरदगा में 7, पलामू में 3 नामांकन पत्र दाखिल किये गये.

**आज से पांचवे चरण का नेमिनेशन :** शुक्रवार से झारखंड की तीन लोकसभा सीटों चतरा, कोडरमा और हजारीबाग के लिए नॉमिनेशन की प्रक्रिया शुरू होगी. पांचवें चरण के लिए नॉमिनेशन की आखिरी तिथि 3 मई है.

**चौथे चरण में 64 लाख मतदाता :** चौथे चरण के मतदान में झारखंड के कुल





2,56,73,706 में से 64, 37, 460 मतदाता भाग लेंगे. चौथे चरण के मतदान में 32,29,480 पुरुष मतदाता और 32,07,938 महिला मतदाता भाग लेंगे.

**7595 बूथों पर होगा मतदान :** चौथे चरण का मतदान झारखंड के 29,521 मतदान केंद्रों में से 7,595 मतदान केंद्रों पर होगा. सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा संसदीय क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है. पलामू में महिला मतदाताओं की तुलना में पुरुष मतदाताओं की संख्या अधिक है. मतदाताओं की संख्या के मामले में झारखंड के तीन सबसे छोटे संसदीय क्षेत्रों में चौथे चरण में मतदान होगा. खूंटी (13,20,808 मतदाता), लोहरदगा (14,36,351 मतदाता) और सिंहभूम (14,41,841 मतदाता). क्षेत्रफल की दृष्टि से झारखंड में दूसरा सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र, 8,799 वर्ग किमी क्षेत्रफल वाले खूंटी में चौथे चरण में मतदान होना है.

### किस लोकसभा से कौन प्रत्याशी

(25 अप्रैल तक अपलोड डाटा के अनुसार)

**सिंहभूम लोकसभा:** पार्वती किस्कु - निर्दलीय, दामोदर सिंह हांसदा - निर्दलीय, बिसवा विजय मार्डी - अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया, सुधा रानी बेसरा - पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), परदेशी लाल मुंडा - बहुजन समाज पार्टी, दुर्गा लाल मुर्मू - निर्दलीय, माधव चंद्रा कुनकल - निर्दलीय, जोबा माझी - जेएमएम, चित्रसेन सिंकु - झारखंड पार्टी, बीर सिंह देवगम - राइट टू रिकॉल पार्टी, जॉन मिरन मुंडा - निर्दलीय, गीता कोड़ा - बीजेपी, पनमनी सिंह - सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट).

**खूंटी लोकसभा:** काशीनाथ सांगा - लोकहित अधिकार पार्टी, सोमा मुंडा - अबुआ झारखंड पार्टी, अहलद केरकेट्टा - निर्दलीय, अर्पणा हंस - झारखंड पार्टी, बसंत कुमार लोंगा - निर्दलीय, अर्जुन मुंडा - बीजेपी, काली चरण मुंडा - कांग्रेस, बबीता कच्छप - भारत आदिवासी पार्टी, पस्तर संजय कुमार तिर्की - निर्दलीय, प्यारा मुंडू - झारखंड पार्टी, सैमुअल पूर्ति - अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया, समरोन गुरिया - अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया, सावित्री देवी - बहुजन समाज पार्टी, सुबोध पूर्ति - निर्दलीय, जयपाल मुंडा - भागीदारी पार्टी (पी).

**लोहरदगा लोकसभा:** महेंद्र उरांव - कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, चमरा लिंडा - निर्दलीय, रामचंद्र भगत - लोकहित अधिकार पार्टी, समीर उरांव - बीजेपी, स्टेफ़न किंडो - निर्दलीय, बिहारी भगत - पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), सनिया उरांव - निर्दलीय, मैरिएनस तिग्गा - निर्दलीय, पवन तिग्गा - निर्दलीय, मनी मुंडा - भागीदारी पार्टी (पी), सुखदेव भगत-कांग्रेस.

**पलामू लोकसभा:** ममता भुइयां - राष्ट्रीय जनता दल, महेंद्र बैठा - सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट), सत्येंद्र कुमार पासवान - भागीदारी पार्टी (पी), विष्णु दयाल राम - बीजेपी, वृंदा राम - पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), कामेश्वर बैठा - बहुजन समाज पार्टी, अभय कुमार - कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, सनम राम - लोकहित अधिकार पार्टी.

कोलेबिरा में अर्जुन मुंडा ने किया रोड-शो, कहा

# देश के विकास के लिए सभी करें मताधिकार का प्रयोग



संवाददाता।कोलेबिरा/सिमडेगा

केंद्रीय मंत्री सह सांसद और खूंटी से लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा गुरुवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर कोलेबिरा पहुंचे. यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया.

कार्यकर्ताओं से मिलकर उन्होंने चुनाव पर चर्चा की. वहीं थाना मोड़ से रोड शो करते हुए कई लोगों से मुलाकात की. इस दौरान कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है, इसे जारी रखने के लिए मोदी के हाथों को मजबूत करें. राष्ट्र को सशक्त बनाने, गांव को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने, लोगों को रोजगार देने, किसानों को खेती के लिए सुविधा मुहैया कराने लक्ष्य है. देश का कोई भी गरीब-किसान भूखा ना रहे, यह पीएम नरेंद्र मोदी का उद्देश्य है. सभी गरीबों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है. अर्जुन मुंडा ने कहा कि विकास की गति ना रूके, इसको लेकर मोदी के हाथों को मजबूत करें.

### खास बातें

- दो दिवसीय दौरे पर सिमडेगा पहुंचे खूंटी से बीजेपी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा
- कोलेबिरा विस में चलाया जनसंपर्क अभियान, लोगों से मांगा सहयोग

### बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया मल्यार्पण

अपने दौरे के दौरान अर्जुन मुंडा मार्केट कांप्लेक्स पहुंचे, जहां स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इसके बाद रण बहादुर सिंह की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया. रण बहादुर सिंह चौक पर स्थित महावीर मंदिर, बाघचंडी मंदिर में जाकर मत्था टेका और आशीर्वाद लिया.बाघचंडी मंदिर में पंडित रवि बीसी ने पूजा-अर्चना करायी. इसके बाद अर्जुन मुंडा का काफिला प्रखंड क्षेत्र के बरसलोया ग्राम पहुंचा. बरसलोया पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों ने ढोल-नगाड़े के साथ उनका भव्य स्वागत किया.

कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने विधायकों को चेताया, कहा

# याद रखें पांच महीने बाद ही विधानसभा चुनाव भी होने हैं

संवाददाता। रांची

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर गुरुवार को फुल एक्शन में दिखे. उन्होंने खुले मंच से गठबंधन के विधायकों को चेताया. कहा कि विधायक अपने क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को बढ़त दिलायें, चाहे वो विधायक गठबंधन में शामिल किसी भी दल के हों. वरना पांच महीने बाद विधानसभा चुनाव भी है. फिर ये मत कहना कि भूल हो गयी. मीर गुरुवार को कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत के नामांकन के बाद आयोजित जनसभा में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि जनसभा में सीएम मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी मौजूद हैं. और वो सब देख रहे हैं. मीर ने लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गुमला, सिसई, लोहरदगा, विशुनपुर, मांडर से आये कार्यकर्ताओं से हाथ उठवाया. अपने संबोधन के दौरान ही लोगों की उपस्थिति को नोट भी कराया. मौजूदगी कम होती देख मीर ने चेतावनी दी. कहा कि सब कुछ भूलकर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को जिताने के लिए कमर कस कर रण में कूद पड़े.



### इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को भी नसीहत

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को भी नसीहत दी कि कैंडिडेट भी सबको सम्मान दें. सबको साथ लेकर चलें. पुरानी गलती इस बार नहीं होनी चाहिए. उस वक्त पूर्व विधायक बंधु तिर्की मंच संचालन कर रहे थे. मीर ने बंधु तिर्की से पूछा कि आपकी लड़की भी तो विधायक हैं. इस दौरान लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभा से जीत कर आये झामुमो और कांग्रेस के विधायक भी मौजूद थे.


Format C-7

*(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)*


**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates**

*(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)*

Name of Political Party : NOT APLICABLE
*Name of the Election : LOK SABHA ELECTION 2024
Name of State/ ~~UT~~: JHARKHAND
(1) Name of the Constituency - CHATRA (LOK SABHA) - JHARKHAND
Name of the candidate – ABHISHEK KUMAR SINGH

| Sl. No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal antecedents | | |
| | a. | Nature of the offences | NOT APPLICABLE |
| | b. | Case no. | NOT APPLICABLE |
| | c. | Name of the Court | NOT APPLICABLE |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | NOT APPLICABLE |
| | e. | Date of conviction, if any | NOT APPLICABLE |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NOT APPLICABLE |
| | g. | Any other information required to be given | NOT APPLICABLE |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | I have no criminal cases pending against me and I am contesting as Independent Candidate. Hence this clause is NOT APPLICABLE. I am contesting election on the grounds of my qualifications, achievements and merits. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | NOT APPLICABLE |

~~* In the case of election to Council of States or States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of Constituency.~~



ABHISHEK KUMAR SINGH
(INDEPENDENT CANDIDATE)
(Signature of Candidate)


समस्या सिंहभूम सीट पर मुख्य मुकाबला सांसद गीता कोड़ा व विधायक जोबा मांझी के बीच

# सारंडा के मतदाता अपने ही प्रत्याशियों का बढ़ा सकते हैं सिरदर्द

शैलेश सिंह। किरीबुरु

नक्सल प्रभावित सारंडा के सुदूरवर्ती गांवों स्थित बूथों पर मतदान करने वाले अशिक्षित मतदाता हर बार की भांति इस बार भी तमाम प्रत्याशियों व उनके कार्यकर्ताओं का समीकरण बिगाड़ उनका सर दर्द बढा.सकते हैं. सिंहभूम संसदीय सीट पर मुख्य मुकाबला एनडीए से भाजपा प्रत्याशी सह सांसद गीता कोड़ा एवं इंडिया गठबंधन से झामुमो प्रत्याशी सह पूर्व मंत्री व विधायक जोबा मांझी के बीच होना है. दोनों के बीच कांटे का संघर्ष होने की संभावना जताई जा रही है. ऐसे में एक-एक वोट काफी महत्व रखता है. सारंडा के सुदूरवर्ती दर्जनों गांवों के वृद्ध व





अशिक्षित मतदाता आज भी वोट डालने की तरीका को अच्छी तरह से नहीं जान व समझ पाये हैं. वह मतदान करने अपने-अपने बूथों पर तो जाते हैं, लेकिन जब अपने पसंद की प्रत्याशी के पक्ष में ईवीएम मशीन पर बटन दबाने की बारी आती है तो उन्हें समझ में नहीं आता है कि वह किस चुनाव चिन्ह के सामने वाला बटन दबाये. ऐसे में अनेक मतदाता नोटा से लेकर अन्य प्रत्याशियों के सामने का बटन दबाकर चले आते हैं, जिन प्रत्याशियों का कोई अस्तित्व या पहचान उनके गांवों में होती है. ऐसी स्थिति में अनेक बूथों पर नोटा अथवा ऐसे प्रत्याशियों को भी काफी मत पड़ जाते हैं जो कभी उस गांवों का दौरा कर मतदाताओं व ग्रामीणों से मिला नहीं होता है. जब मतगणना होता है तो वहाँ का रिजल्ट देख प्रत्याशी व उनके कार्यकर्ता सिर पकड़ लेते हैं. दूसरी समस्या यह हमेशा देखने को मिली है कि दर्जनों मतदाता के पास मतदाता पहचान पत्र तो होता है लेकिन मतदाता सूची में नाम नहीं रहता, या जिनका वोटर लिस्ट में नाम है लेकिन वोट देने से जुड़ी वह किसी भी प्रकार का पहचान पत्र लेकर नहीं आये अथवा वोटर लिस्ट में वह अपना नाम नहीं खोज पाये. ऐसी समस्याओं से परेशान मतदाता बिना मतदान किये वापस अपने घर लौट जाते हैं.

# गहरी होती असमानता

निश्चित रूप से किसी भी देश में लगातार गहरी होती असमानता की खाई कालांतर सामाजिक अशांति की वाहक बन सकती है. जिसका प्रभाव देश की कानून व्यवस्था पर भी प्रतिकूल रूप से पड़ सकता है. आज दुनिया के कई देशों में जारी असंतोष व प्रतिरोध के मूल में आर्थिक असमानता के बीज ही निहित होते हैं. जैसे ही आर्थिक असमानता सीमा असहनीय स्थिति तक पहुंचती है, प्रतिरोध की प्रतिक्रिया सामने आती है. निश्चित रूप से किसी देश में सामाजिक संतुलन के लिये श्रम का सम्मान होना भी बेहद जरूरी है. मेहनतकश वर्ग की आय का लगातार सिकुड़ना किसी भी देश के लिये अच्छा संकेत नहीं होता है. यह किसी भी लोकतंत्र के लिये अच्छी स्थिति नहीं है कि देश का एक फीसदी वर्ग विलासिता का जीवन जी रहा हो और वहीं दूसरी ओर देश का एक बड़ा तबका रोटी-कपड़ा-मकान के लिये संघर्ष कर रहा हो. यह आर्थिक असंतुलन किसी भी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की सार्थकता पर भी चर्चा की मांग करता है. हाल के दिनों में सुप्रीम कोर्ट की पहल पर राजनीतिक दलों को धनाढ्य वर्ग द्वारा हजारों करोड़ का चंदा दिया जाना इस आर्थिक असमानता का स्याह पक्ष ही है. राजनीतिक पार्टियों के लिये चुनावी चंदे के नाम पर मोटी रकम निवेश करने वाला धनाढ्य तबका कालांतर लोकतंत्र में अपनी विशिष्ट हिस्सेदारी भी चाहता है. जो शासन की रीति-नीतियों को प्रभावित करके निहित स्वार्थों का पोषण ही करता है. निश्चित तौर पर यह सब लोकतंत्र की विसंगतियों को ही दर्शाता है. आम आदमी के दिमाग में यह सवाल आ सकता है कि जिस धन को जुटाने में उसकी सारी उम्र लग जाती है, उसे कुछ लोग हर मिनट में जुटा लेते हैं. निश्चय ही उसके मन में व्यवस्था को लेकर शंकाएं जन्म लेती हैं. जो निश्चित तौर पर सामाजिक कुंठा का ही वाहक है. जिसकी परिणति कालांतर सामाजिक आक्रोश के रूप में हो सकती है. जिसे भारत जैसी बड़ी आबादी वाले देश के हित में नहीं माना जा सकता. निस्संदेह, यह एक गंभीर समस्या है और देश के सत्ताधीशों को गंभीरता से इसका समाधान करना होगा. यह हमारे लोकतंत्र की सार्थकता का मानक भी होगा कि देश में आर्थिक विषमता की खाई को किस हद तक पाटा जा सकता है.देश में मौजूदा आर्थिक असमानता ब्रिटिश काल से भी अधिक है. जो संकेत देती है कि हमारा लोकतंत्र विगत में समतामूलक आय सृजन के अवसरों का पोषक नहीं रहा है. अंतरराष्ट्रीय संस्था थामस पिकेटी व तीन अर्थशास्त्रियों द्वारा तैयार रिपोर्ट चौंकाने वाले निष्कर्ष पेश करती है कि भारत में वर्ष 2022-23 में देश के शीर्ष एक फीसदी अमीरों की देश की संपत्ति में 40 फीसदी हिस्सेदारी है. वहीं उनकी आय में हिस्सेदारी 22.6 फीसदी है. देश में अरबपतियों के उदय का खुलासा करने वाली रिपोर्ट निश्चिय ही संपन्न तबके के वर्चस्व को दर्शाती है. यानी हमारी धन केंद्रित आर्थिकी के चलते देश में आर्थिक असमानता की ओर ही इशारा करती है.

> आम आदमी के दिमाग में यह सवाल आ सकता है कि जिस धन को जुटाने में उसकी सारी उम्र लग जाती है, उसे कुछ लोग हर मिनट में जुटा लेते हैं. निश्चय ही उसके मन में व्यवस्था को लेकर शंकाएं जन्म लेती हैं.

## सुभाषित

**उदारस्य तृणं वित्तं शूरस्त मरणं तृणम् ।**
**विरक्तस्य तृणं भार्या निस्पृहस्य तृणं जगत् ॥**

उदार मनुष्य के लिए धन तृण के समान है. शूरवीर के लिए मृत्यु तृण के समान है. विरक्त के लिए भार्या तृण के समान है और निस्पृह (कामनाओं से रहित) मनुष्य के लिए यह जगत् तृण के समान है.

# पक्ष-विपक्ष पर किस तरह यकीन किया जाए!

**प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व के जादुई चमत्कार में नज़र आती कमी अगर चार जून को सीटों की गिनती में किसी भी रूप में प्रकट हो जाती है तो फिर ईमानदारी के साथ उसके पीछे के कारणों की तलाश भी की जाएगी. हो सकता है बहुत सारे कारणों में एक यह भी मिले कि अपने द्वारा लिए गए निर्णयों के विपरीत प्रभावों को वे जनता से तब तक छुपाते रहे जब तक कि विपक्ष के सामूहिक दबाव और अदालती करवाई ने परतें नहीं उधेड़ कर रख दीं!**

• देश-काल



श्रवण गर्ग

क्या इस परिदृश्य पर कोई आश्चर्य व्यक्त नहीं किया जाना चाहिए कि इतनी ज़बरदस्त एंटी-इंकम्बेंसी के होते हुए भी चुनावी सर्वेक्षणों में भाजपा को 2019 के चुनावों से भी अधिक सीटें प्राप्त होने के दावे प्रधानमंत्री के आत्मविश्वास और उनकी सभाओं में जमा होने वाली जनता के चेहरों पर नज़र नहीं आ रहे हैं! प्रधानमंत्री की लोकप्रियता में आई कमी को चाहे जिस अज्ञात भय के चलते सर्वेक्षणकर्ता एजेंसियों द्वारा नहीं उजागर किया जा रहा हो, उन्हें इतना तो बताना ही पड़ रहा है कि राहुल गांधी का सफ़ेद बाल होता माथा मोदीजी के कंधों तक तो पहुच ही गया है!

हाल ही में प्रकाशित-प्रसारित सीएसडीएस-लोकनीति सर्वे के निष्कर्ष चाहे जितने अविश्वसनीय हों उसमें भी यह तो बताना ही पड़ा है कि प्रधानमंत्री पद के लिए मोदी अगर 48 प्रतिशत लोगों की पसंद हैं तो राहुल को भी 27 प्रतिशत लोग पीएम पद पर देखना चाहते हैं. ऐसी स्थिति पहले तो कभी नहीं रही! राहुल की पसंद के आंकड़े में अपने-अपने राज्यों में मोदी से ज़्यादा प्रसिद्ध विपक्षी गठबंधन के नेताओं (स्टालिन, ममता, उद्धव, अखिलेश, सोरेन, तेजस्वी, केजरीवाल, आदि) की लोकप्रियता के वे प्रतिशत भी जोड़े जा सकते हैं जो कि सर्वेक्षण में दिखाए गए हैं. ऐसा ही मोदी के मामले में भी किया जा सकता है! सवाल यह है कि लोकप्रियता के मामले में क्या योगी आदित्यनाथ और हिमन्त बिस्व सरमा के अलावा कोई और नाम भाजपा या एनडीए में मिल पाएगा? सवाल नहीं पूछा जा रहा है कि बीजेपी के घोषणापत्र में मोदी सरकार की और तमाम राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों के ज़िक्र के बीच कोविड-19 महामारी के दौरान किए गये कार्यों का कोई उल्लेख क्यों नहीं है? जो उल्लेख किया गया है वह बस इतना भर है: वैक्सीन मैत्री के माध्यम से 100 देशों को 30 करोड़ से ज़्यादा कोविड-19 टीके और दवाओं सहित अन्य सहायता प्रदान की. उल्लेख अगर करना भी होता तो क्या किया जा सकता था?

क्या इन लोकसभा चुनावों की पूर्व संध्या पर 24 मार्च 2020 के उस क्षण को क्या याद किया जा सकता है जो 130 करोड़ नागरिकों के जीवन में इक्कीस दिनों के लॉकडाउन के अवतार के रूप में प्रकट हुआ था और तब प्रधानमंत्री ने कहा था : 'जब वे अपने भाई-बहनों की तरफ़ देखते हैं तो महसूस होता है वे सोच रहे होंगे कि ये कैसा



प्रधानमंत्री है जिसने हमें इतनी कठिनाइयों में डाल दिया है!'? विकास का रोल मॉडल माने जाने वाले मोदीजी के राज्य गुजरात में कोविड के इलाज के दौरान हुई बदहाली पर एक स्वप्रेरित याचिका को आधार बनाकर गुजरात उच्च न्यायालय ने पहले तो यह टिप्पणी की थी कि राज्य 'स्वास्थ्य आपातकाल' की ओर बढ़ रहा है और फिर यह कहा था राज्य की हालत डूबते हुए टाइटैनिक जहाज़ जैसी हो गई है. पूरे देश की हालत भी तब गुजरात जैसी ही थी.

कोविड की त्रासदी के बाद हो रहे इस पहले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री की लोकप्रियता में आई कमी चाहे भौतिक आंकड़ों की बाज़ीगरी के ज़रिए छुपाई जा रही हो, आध्यात्मिक सत्य यह है कि दो साल से कम समय में राहुल गांधी ने जनता के बीच वह प्रसिद्धि हासिल कर ली है जो कन्याकुमारी से कश्मीर और मणिपुर से मुंबई के बीच बसे भारतवर्ष में मोदी पिछले दस सालों में प्राप्त नहीं कर पाए. राहुल के करिश्मे की कल्पना सिर्फ़ सुदूर दक्षिण के तमिलनाडु में बैठे एमके स्टालिन ही कर सकते हैं जिन्होंने मुंबई के शिवाजी पार्क में 17 मार्च को हुई सभा में कहा था : 'राहुल भारत की उम्मीद हैं.'

प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व के जादुई चमत्कार में नज़र आती कमी अगर चार जून को सीटों की गिनती में किसी भी रूप में प्रकट हो जाती है तो फिर ईमानदारी के साथ उसके पीछे के कारणों की तलाश भी की जाएगी. हो सकता है बहुत सारे कारणों में एक यह भी मिले कि अपने द्वारा लिए गए निर्णयों के विपरीत प्रभावों को वे जनता से तब तक छुपाते रहे जब तक कि विपक्ष के सामूहिक दबाव और अदालती करवाई ने परतें नहीं उधेड़ कर रख दीं! सुप्रीम कोर्ट द्वारा असंवैधानिक ठहरा दिये गए इलेक्टोरल बांड्स पर पहले चरण के मतदान के सिर्फ़ तीन दिन पहले एक प्रायोजित इंटरव्यू में बचाव की मुद्रा अपनाते हुए प्रधानमंत्री सिर्फ़ इतना भर कह पाते हैं कि : 'सोचिए अगर इलेक्टोरल बांड नहीं होता तो किसने कितना चंदा दिया कभी पता नहीं चल पता.' मोदीजी के तर्क का जवाब भी राहुल गांधी ने दे दिया. प्रधानमंत्री के कहे पर जनता को किस तरह से यक़ीन करना चाहिए? पीएम अपनी जनसभाओं में ऊंची आवाज़ में कहते हैं कि बाबासाहब आम्बेडकर भी आ जाएं तो संविधान नहीं बदलेगा. दूसरी ओर, उनकी ही पार्टी के नेता और उम्मीदवार दबी ज़ुबानों में चुनाव प्रचार में जुटे पार्टी कार्यकर्ताओं को बताते हैं कि दो-तिहाई बहुमत संविधान बदलने के लिए चाहिए!

हो सकता है कि उनके दावे और दाव सही बैठ जाएं. जीवंत लोकतंत्रों में मीडिया आमतौर पर संजय की और हुकूमतें धृतराष्ट्र की भूमिकाओं में रहती हैं. चूंकि देश इस समय आरोपित तौर पर इस समय एक अधिनायकवादी लोकतंत्र की प्रसव-पीड़ाओं के दौर से गुज़र रहा है, संजय और हुकूमत के बीच भूमिकाओं की अदल-बदली हो गई है. संजय की भूमिका में सरकार है और धृतराष्ट्र के रोल में मीडिया. कुरुक्षेत्र का अंतिम सत्य इसी आधार पर निर्धारित हुआ था कि लड़ाई की समाप्ति पर किस पक्ष के कितने लोग सुरक्षित (जीवित) बच पाए! 2024 के कुरुक्षेत्र का सत्य भी इसी आधार पर तय होगा कि चुनाव-युद्ध में कितने उम्मीदवार सुरक्षित बच पाए! एक जून (चुनावी विवाह के सातवें फेरे का दिन) तक हर प्रकार की अफ़वाह फैलाने की छूट प्राप्त है. इसमें एक के साथ एक फ्री भी है.

• बोधि-वृक्ष | ओशो



# विष पी गयी मीरा

मीरा के विष पीने की बात को कोई मनगढ़ंत बता सकता है, लेकिन सम्मोहन की स्थिति में तो ऐसी बातें सिद्ध हो चुकी हैं. अमेरिका में घटने वाली वह घटना इसका प्रमाण है, जिसमें एक छात्र को सम्मोहित कर कहा जाता है कि तुम्हारी मां मर गयी है, रोओ तो वह रोने लगता है. कहा जाता है कि तुम्हारी जिंदा हो गयी, हंसो तो वह हंसने लगता है. जब कहा जाता है कि तुम मर गये हो तो वह सचमुच मर जाता है. यदि सम्मोहन में भी यह घटित हो सकता है तो मीरा के साथ क्यों नहीं? मीरा ने अपना चेतन मन समर्पित कर दिया है-वही जो कि सम्मोहन में समर्पित कर दिया जाता है. उसने पूरी तरह अपने को समर्पित कर दिया है. अब वह है ही नहीं, केवल कृष्ण ही है. यदि जरा भी संदेह बाकी है, तो जब वह जहर पी रही है और उसके हाथ नहीं कांपेंगे. यदि वह यह नहीं सोच रही है कि यह विष है और मैं मर जाऊंगी तो वह नहीं मरेगी. वह उसे अपने प्रियतम के उपहार ही समझेगी. प्रत्येक चीज उसी की तरह से है, इसलिए वह उसे भेंट की तरह ही लेती है. वह उसे पी जाती है, सुखद अनुभव करती है, और नाचने लगती है. विष विलीन हो जाता है. विष को भी काम करने के लिए आपका मन चाहिए. यदि कोई मन नहीं है तो फिर बहुत कठिन है उसका कोई भी प्रभाव होना. मीरा बच सकती है; सुकरात नहीं बच सकता. वह एक तार्किक आदमी था. वह जानता था कि विष उसे मार डालेगा. मीरा अतार्किक है-पूर्णतः अतार्किक. मैं तुम्हें सुकरात की मृत्यु के समय की वृत्तांत बतलाता हूं. जहर बाहर तैयार किया जा रहा है. सुकरात अपने बिस्तर पर लेटा है और उसके शिष्य वहां उपस्थित हैं. वह एक शिष्य से कहता है-अब मेरा समय हो गया है. छह बजे जहर दिया जाना चाहिए. वह पूरा गणित का आदमी है, इसलिए वह कहता है-ऐसा लगता है कि उन्होंने विष अभी भी तैयार नहीं किया है. जाओ और पता लगाओ कि इतनी देर क्यों लगा रहे हैं! समय हो गया है और मैं तैयार हूं. तब विष लाया जाता है. वह उसे पी लेता है. तब यह कहता है-मेरे पांव शिथिल हो रहे हैं, लगता है कि विष काम करने लग गया है. अब जहां ऊपर आ रहा है. वह कहता जाता है. वह एक तीक्ष्ण बुद्धि वाला व्यक्ति है. मृत्यु में भी प्रयोग कर रहा है. वह एक वैज्ञानिक चिंतक है. वह कहता है-अब विष ऊपर चढ़ रहा है, अब मेरा आधार शरीर मर चुका है. वह एक दुर्लभ व्यक्ति है. वह साधारण आदमी नहीं है. शिष्य लोग रो रहे हैं. वह कहता है-रुको. तुम लोग तो बाद में भी रो सकते हो. इस घटना को देखो, इस बड़ते हुए विष को देखो. जल्दी ही, मुझे लगता है कि मेरा हृदय रुक जाएगा.

# कृषि मुद्दों पर डब्लूटीओ में असहमति क्यों?

• कृषि

जेड. के. हैरिस

अबूधाबी के 'नेशनल एग्जिबिशन सेंटर' में आयोजित तेरहवें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में 'विश्व व्यापार संगठन' (डब्ल्यूटीओ) की वार्ता मुकाम पर नहीं पहुंच सकी. सदस्य देश कृषि और मत्स्य पालन नियमों पर सहमत नहीं हो पाए. वार्ता में अड़चन हो सकती है, लेकिन इसकी गंभीरता से इन्कार नहीं किया जा सकता. जैसा कि वार्ता समाप्ति के एक दिन पूर्व, प्रेस मीटिंग में नाम न बताने की शर्त पर, एक यूरोपियन कमिश्नर ने बताया कि - 'बहुपक्षीय व्यापार की भावना खत्म हो चुकी है.' उन्होंने कहा कि सरकारें सिर्फ अपने लिए ही काम कर रही हैं, एक-दूसरे के लिए समझौता करने में किसी की रुचि अब नहीं रही.' ये वार्ताएं हर दो वर्ष में आयोजित होती हैं, जिनमें 166 देश भाग लेते हैं.अपने जन्म से ही 'डब्ल्यूटीओ' मुसीबतों की जड़ रहा है, खासकर अमेरिका और पश्चिमी देशों के अत्यधिक दबाव में, लेकिन फिर भी इसका मूल-मंत्र यही रहा है कि 'व्यापार विकास को बढ़ावा देता है.' 'डब्ल्यूटीओ' द्वारा सबसे कम विकसित देशों तथा अन्य विकासशील देशों को विशिष्ट तथा अलग तरह से तरजीह देना सुनिश्चित किया जाता है, लेकिन इस सम्मेलन में एक नई सुधार प्रक्रिया प्रस्तावित की गई जो बेशक आगामी मंत्रिस्तरीय सम्मेलनों में भी जारी रहेगी. इसमें विकासशील देशों को दी जा रही खास तरजीह को 'गैर-वाजिब लाभ' देना माना गया है. इस नए शब्दकोष में 'सुधार' को 'समावेशी' बताया जा रहा है, परंतु हकीकत में यह कमज़ोर देशों की कीमत पर आर्थिक रूप से ताकतवर शक्तियों को भारी लाभ पहुंचाने का जरिया है.'डब्ल्यूटीओ' के महानिदेशक एन्गोज़ी ओकोंजो-इवेला ने दो स्वतंत्र सलाहकार निकाय नियुक्त किए थे - पहले में दस सिविल सोसाइटी संगठन शामिल थे, जबकि दूसरा एक व्यापार मंच था. 'डब्ल्यूटीओ' से विभिन्न मुद्दों पर सलाह मशविरा करने के लिए जून, 2023 में सलाहकार समूह स्थापित किया गया था. इसके प्रतिनिधि मुख्यतः उपभोक्ता संगठनों, पर्यावरण समूहों एवं ट्रेड यूनियनों के कार्यकर्ता थे. जाहिर है, प्रभावित समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले 'ओडब्ल्यूआईएनएफएस' के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करना आवश्यक था. अंतिम दिन 'डब्ल्यूटीओ' के महानिदेशक ने गैर-सरकारी संगठनों से मुलाकात की. लघु कृषि भूमि मालिकों तथा भूमिहीन श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले सामाजिक संगठन की हैसियत से 'एकता परिषद' भी इस मुलाकात में शामिल हुई. 'डब्ल्यूटीओ' के इस सम्मेलन में सबसे उग्र बहस कृषि मुद्दों पर हुई. कई देश, विशेषकर खाद्य उत्पादों के आयातक ब्राजील जैसे देश इस बात के पक्ष में थे कि खाद्य उत्पादों के व्यापार में अधिक उदारता लाई जाए. खाद्य सामग्री की कमी से जूझ रहे कई देशों के लिए यह बेहद कठिन है क्योंकि वे सस्ती खाद्य सामग्री, खासकर अनाज के आयात पर निर्भर नहीं रहना चाहते. यह कई सालों से तीखी बहस का मुद्दा रहा है, यहां तक कि इससे एक बहुपक्षीय निकाय के रूप में 'डब्ल्यूटीओ' के अस्तित्व पर ही संकट के बादल छा गए थे. वर्ष 2008 में वार्ताओं में आया यह व्यवधान बाद में एक अंतरिम समझौते से सुलझा, जिसे 2013 के 'बाली मंत्रिस्तरीय सम्मेलन' में पारित किया गया था. कृषि उत्पादों का व्यापार हमेशा से ही विवादास्पद रहा है क्योंकि यह खाद्य सामग्री के निर्यात पर दिए गए प्रोत्साहन को, विशेषकर विकासशील देशों के वंचित समुदायों, खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं के विरुद्ध खड़ा कर देता है. हालांकि, पहले 'दोहा विकास कार्य सूची' (2001) और फिर 2013 के जरिए भारत जैसे देशों की खाद्य सुरक्षा पर बात करने के प्रयास किए गए, किंतु कोई हल नहीं निकल पाया. 'पीस क्लॉज - 2013' में कुछ छूट दी गई है, लेकिन यह इतना अस्पष्ट है और इसमें दी गई शर्तें इतनी ज्यादा है कि जुर्माने के डर से कोई इसका प्रयोग नहीं करता.नए समझौते न हो पाने से यथास्थिति बरकरार रहना एक तरह से भारत और अन्य देशों की जीत ही माना जा सकता है. यथास्थिति कायम रहने का अर्थ यह है कि अंतरिम 'पीस क्लॉज' बना रहेगा तथा भारत में सब्सिडी के लिए जरूरी सार्वजनिक स्टॉक होल्डिंग भी जारी रहेगी. अब 'डब्ल्यूटीओ' के लिए यह अनिवार्य हो गया है कि वह आगे की चर्चाओं के लिए अवसर उपलब्ध कराए. इस समस्या को देर तक अधर में लटकाना ठीक नहीं होगा. हालांकि, फिर भी यह साफ नहीं हो पाया कि आगामी चर्चाओं में इस खाई को कैसे पाटा जा सकेगा.

> लघु कृषि भूमि मालिकों तथा भूमिहीन श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले सामाजिक संगठन की हैसियत से 'एकता परिषद' भी इस मुलाकात में शामिल हुई. 'डब्ल्यूटीओ' के इस सम्मेलन में सबसे उग्र बहस कृषि मुद्दों पर हुई. कई देश, विशेषकर खाद्य उत्पादों के आयातक ब्राजील जैसे देश इस बात के पक्ष में थे कि खाद्य उत्पादों के व्यापार में अधिक उदारता लाई जाए.

# डिंक इनकम ग्रुप का चलन बढ़ता जा रहा है

• आर्थिकी

क्षमा शर्मा


यह पांच साल पहले की बात होगी. एक मित्र जिससे बहुत दिनों बाद बात हो रही थी, उससे घर-परिवार के बारे में भी बातें होने लगीं. होते-होते बात बच्चों और उनके परिवार पर आई, तो मित्र ने कहा कि उसके लड़के और बहू ने फैसला किया है कि वे बच्चे नहीं चाहते. 'ऐसा क्यों' पूछने पर उसने कहा कि वे कहते हैं कि वैसे ही देश की आबादी बहुत है. फिर बच्चे की जिम्मेदारी कौन उठाए. जीवन भर की जिम्मेदारी उठाने से बेहतर है कि कोई जिम्मेदारी न उठाई जाए और बच्चे पैदा न किए जाएं.कुछ दिन पहले एक बहुत बड़े बहुराष्ट्रीय निगम में काम करने वाली परिचित लड़की से फोन पर बात हो रही थी. उसकी शादी को बारह साल हो गए मगर उसका कहना है कि उन्हें बच्चा नहीं चाहिए. डिंक इनकम ग्रुप यानी जहां पति-पत्नी दोनों कमाते हैं, वहां ये चलन बढ़ता जा रहा है. ये लोग खुद को चाइल्ड फ्री कहलाना पसंद करते हैं. अपने निर्णय पर इन्हें कोई पछतावा भी नहीं है. इनका मानना है कि बच्चे को पालना एक महंगा सौदा है. वह सही स्कूल में पढ़े, उसका ठीक से विकास हो इस पर भी बहुत परिश्रम करना पड़ता है. कई लोग अपने इस तरह के जीवन को बढ़ा-चढ़ाकर प्रसारित-प्रचारित भी करते हैं.इन दिनों यह बात भी देखने में आती है कि लड़कियां ज्यादा पैसे कमा रही हैं. इनमें से कइयों का कहना है कि उनके अंदर मां बनने की कोई प्राकृतिक इच्छा नहीं है. एक लड़की जो आये दिन विदेश जाती है, उसका कहना है कि न शादी से पहले व न शादी के बाद वह मां बनना चाहती थी. उसने भी एक डॉगी पाल रखा है लेकिन उसका कहना है कि मैं उसकी मां नहीं हूं. मैं किसी की मां नहीं बनना चाहती. लड़कियां जरूरी तौर पर मां बनें, यह बात अब पुरानी हो चली है.ये युवा पर्यावरण के बारे में सोचते हैं. संगीत और बहुत से शेरो-शायरी को भी पसंद करते हैं. इनका यह भी कहना है कि वे इसलिए भी बच्चे पैदा नहीं करना बेहतर समझते हैं क्योंकि कोई आनुवंशिक बीमारी उन्हें नहीं सौंपना चाहते. इनमें से अधिकांश यह भी मानते हैं कि वे अपने कामकाज में इतने व्यस्त हैं कि बच्चे पालने का समय ही नहीं है. एक जोड़े ने यह भी बताया कि कोविड के दौरान उन्हें महसूस हुआ कि जिंदगी का कोई भरोसा नहीं. पता नहीं कब तक कौन है. इसके अलावा न नौकरियों का भरोसा है. ऐसे में बच्चे की जिम्मेदारी लेना ठीक नहीं है. इस जोड़े के पास एक कुत्ता और एक बिल्ली है. ये जब भी अपनी कार से लम्बी यात्राएं करते हैं, अपने पालतुओं को साथ ले जाते हैं. पिछले दिनों एक मार्केटिंग फर्म ने सर्वे के दौरान बताया था कि भारत में डिंक यानी डबल इनकम ग्रुप की संख्या हर साल तीस प्रतिशत की दर से बढ़ रही है. महिलाएं कम बच्चों को जन्म दे रही हैं. भारत में प्रजनन दर भी तेजी से घट रही है. साल 1950 में यह 6.2 थी जो अब घटकर 2 रह गई है. इसका एक बड़ा कारण महिलाओं का घर से निकलना है. फिर परिवार नियोजन के साधनों ने दम्पतियों को यह सुविधा प्रदान की है कि वे माता-पिता बनें या न बनें या कब बनें. बहुत से ऐसे जोड़े भी हैं जो कहते हैं कि बच्चे को दुनिया में लाकर अगर जिम्मेदारी ही पूरी करनी है तो क्यों न दूसरी जिम्मेदारियां निभाएं, जैसे कि बुजुर्गों की देखभाल करें. दिव्यांगों की मदद करें. पेड़ लगाएं और पर्यावरण को बचाएं. बच्चे नहीं हैं, इस बात का इन्हें गर्व है.रिटायर्ड जीवन की बदली परिस्थितियों के चलते आने वाली चुनौतियों की बात सुनकर इनमें से बहुत से कहते हैं कि उन्हें इस बात का अहसास है कि बुढ़ापे में उनका क्या होगा. कौन उनकी देखभाल करेगा. कुछ ये भी कहते हैं कि कौन बच्चे आजकल माता-पिता की देखभाल कर पाते हैं. करना भी चाहें, तो उनके पास समय नहीं है. लेकिन जब ये इन परिस्थितियों में आएंगे उससे पहले ही ये अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी सजग हैं, जिससे कि किसी गम्भीर बीमारी के होने से पहले ही उसका इलाज करा सकें. इसके अलावा बचत भी इस तरह से कर रहे हैं कि जिस तरह की जीवनशैली अब है, उसमें जब रिटायर हो जाएं, कोई आय न भी रहे तो भी बदलाव न आए. लेकिन यह भी सोचने की बात है कि क्या सिर्फ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने भर से सारी समस्याएं हल हो जाती हैं. जिसे ह्यूमन रिसोर्स कहते हैं, उसकी जरूरत तो पल-पल पड़ती है. और ये बात भी सच है कि दोस्त चाहे जितने अच्छे हों, वक्त पर आपके लिए दौड़ते भी हों, मगर वे परिवार की जगह नहीं ले सकते.

> पिछले दिनों एक मार्केटिंग फर्म ने सर्वे के दौरान बताया था कि भारत में डिंक यानी डबल इनकम ग्रुप की संख्या हर साल तीस प्रतिशत की दर से बढ़ रही है. महिलाएं कम बच्चों को जन्म दे रही हैं. भारत में प्रजनन दर भी तेजी से घट रही है. साल 1950 में यह 6.2 थी जो अब घटकर 2 रह गई है. इसका एक बड़ा कारण महिलाओं का घर से निकलना है.

## मीडिया में अन्यत्र

# गाजा पर घर में घिरे बाइडन

**गाजा में** जारी युद्ध को लेकर अब अमेरिकी सरकार पर भी दबाव बढ़ रहा है और राष्ट्रपति जो बाइडन घर में ही घिरते जा रहे हैं. दरअसल गाजा युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं. ये विरोध प्रदर्शन व्यापक पैमाने पर हो रहे हैं और हालात ये हैं कि अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में अकादमिक सत्र बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है और हजारों छात्रों के साथ ही अध्यापक और अन्य स्टाफ भी फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों में शामिल हैं. अमेरिकी की कोलंबिया यूनिवर्सिटी से लेकर कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी तक सभी में फलस्तीन समर्थक रैलियां निकाली जा रही हैं और हजारों छात्र धरना प्रदर्शन कर रहे हैं. छात्र गाजा में हो रही आम नागरिकों की मौतों के लिए बाइडन सरकार और उनकी नीतियों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं. अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, कोलंबिया यूनिवर्सिटी में कक्षाएं स्थगित चल रही हैं. येले पुलिस ने दर्जनभर प्रदर्शनकारी छात्रों को गिरफ्तार भी किया है. यूनिवर्सिटी परिसर में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने तंबू भी गाड़ दिए हैं. ऐसा ही हाल अमेरिका के अन्य कॉलेजों का भी है. एक अन्य मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि स्कूल-कॉलेजों में युद्ध को लेकर प्रदर्शन बढ़ रहे हैं. छात्र तंबुओं में रह रहे हैं और इससे विश्वविद्यालयों का कामकाज प्रभावित हो रहा है. इससे अराजगता का माहौल पैदा हो रहा है. न्यूयॉर्क पुलिस ने न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी से कई प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लिया है. दरअसल फलस्तीन समर्थक छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान बैरिकेड तोड़े और अराजकता फैलाई. जिसके चलते उन्हें गिरफ्तार किया गया. कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में भी फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारी छात्रों ने 15 के करीब तंबू गाड़ दिए हैं. छात्रों के विरोध प्रदर्शन की कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. एक वीडियो में तो कोलंबिया यूनिवर्सिटी में एक भारतीय मूल की छात्रा प्रदर्शन करते दिख रही है और वह 'आजादी, ले के रहेंगे आजादी' जैसे नारे लगा रही है. कुछ साल पहले भारतीय विश्वविद्यालयों में भी ऐसे ही नारे सुनाई दिए थे. व्हाइट हाउस ने विश्वविद्यालयों में चल रहे इन विरोध प्रदर्शनों पर नाराजगी जताई. राष्ट्रपति जो बाइडन से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यहूदियों के खिलाफ हो रहे इन विरोध प्रदर्शनों की मैं कड़ी निंदा करता हूं. मैं उन लोगों की भी निंदा करता हूं, जो ये नहीं समझते कि फलस्तीन में क्या हो रहा है. **(अमर उजाला)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

# दूत/दुत/द्यूत

**रावण** द्वारा हरण किये जाने के बाद सीता माता लंका की अशोक वाटिका में विराजमान हैं. वह अपने पति राम के विरह में व्याकुल हो रही हैं और जल कर मर जाने के लिए अशोक वृक्ष से अंगार मांगती हैं. उसी समय अशोक वृक्ष पर बैठे हनुमान राम द्वारा दी गयी मुद्रिका यानी अंगूठी नीचे सीता माता के सामने गिरा दी जाती है. सीता इस भ्रम में हैं कि प्रभु की मुद्रिका यहां कैसे आ सकती है? कहीं यह राक्षसों की माया तो नहीं है? उसी समय हनुमान पेड़ से छलांग लगा कर उनके सामने आ जाते हैं और कहते हैं-राम दूत मैं मातु जानकी, सत्य शपथ करुणा निधान की. मतलब हे माता जानकी, मैं करुणा निधान भगवान श्री राम की सौगंध खा कर कहता हूं कि मैं राम का दूत हूं. अब जानने की बात तो यह है कि दूत का मतलब क्या हुआ? वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार दूत शब्द का अर्थ है सूचना, पत्र आदि को एक जगह से दूसरी जगह ले जानेवाला व्यक्ति, संदेश वाहक, किसी राजा या राष्ट्र का वह प्रतिनिधि जो राजनीतिक कार्य से अन्य राष्ट्र में भेजा गया हो, राजदूत. याद रखने की बात तो यह है कि इस दूत शब्द के पहले अक्षर 'द' में दीर्घ 'ऊ' की मात्रा लगी होनी चाहिए. अगर गलती से 'द' में ह्रस्व 'उ' की मात्रा लग जाये तो इसका रूप होगा 'दुत' और अर्थ कुछ और ही हो जायेगा. 'दुत' शब्द भी निरर्थक नहीं है. इसी शब्दकोश के अनुसार दुत शब्द का अर्थ इस प्रकार है-घृणा या तिरस्कार के साथ किसी को परे हटाने के लिए कहा जानेवाला शब्द, दुत्कारने का शब्द, कभी कभी प्रेम भरी दुत्कार में कहा जानेवाला शब्द. इन दोनों शब्दों से मिलता जुलता एक शब्द है द्यूत. यह ऊपर कहे दोनों शब्दों से अर्थ में पूरी तरह भिन्न है. इसका अर्थ है दांव पर लगा कर खेला जानेवाला एक प्रकार का खेल, जुआ, अक्ष क्रीड़ा. द्यूत शब्द से ही बनता है द्यूत क्रीड़ा और द्यूतशाला. दूत और द्यूत शब्द संस्कृत मूल के यानी तत्सम शब्द हैं, जबकि दुत देशज हिंदी शब्द है. अगर इन बातों पर ध्यान रखते हुए थोड़ी सी सावधानी बरती जाये तो दूत, दुत और द्यूत शब्दों को शुद्ध रूप में लिखने में कभी कोई परेशानी नहीं होगी, ऐसा मेरा विश्वास है.

# स्वामी तबलानंद के शिष्य स्वामी बलानंद

• तीर-तुक्का

वीरेन्द्र सरल



गौरवर्ण उन्नत ललाट, दीप्त मुखमंडल, मुखमंडल पर घनी श्वेत दाढ़ी और दाढ़ी पर तिनके. अभी वे मंच पर वैसे ही सुशोभित थे, जैसे सरकारी कार्यालयों में बाबुओं के बीच अधिकारी. गाय से दूध दुहने के अंदाज में वे अपने हाथों से अपनी दाढ़ी को बार बार सहला रहे थे. फिर ज्ञान उगलते हुए उन्होंने कहा-भक्तों! कुछ मूर्ख मानवता को श्रेष्ठ धर्म बताने पर तुले हुए हैं. मुझे उनकी मूर्खता पर दया आती है. मानवता भी कोई धर्म है? जो नफरत करने की सीख तक न दे सके उसे हम धर्म नहीं मानते. माना रोटी का कोई धर्म नहीं होता, खून का कोई धर्म नहीं होता, पर रोटी खाने और खून बहाने वालों का धर्म होता है कि नहीं? जब तक दंगा फसाद, मार काट न हो तब तक धर्मध्वज फहराया नहीं जा सकता. लोग एक दूसरे के खून के प्यासे हों, तभी धर्म की सार्थकता है. अपने धर्म की श्रेष्ठता और दूसरे धर्म की निम्नता पर वे मानवताखोर की तरह दहाड़ रहे थे. अपनी जुबानी कलाबाजी से अंधभक्तों के न केवल दिमाग में बल्कि नस नस में नफरत का जहर लगातार भर रहे थे. भक्त झूम रहे थे, उन पर नशा चढ़ रहा था. लगभग घण्टे भर तक वह धर्म का अफीम बांटता रहा. अब वे मंच से प्रवचन झाड़ कर उतर चुके थे और भक्तों को आशीर्वाद देने पर उतर आए थे. मैं कंगाल तुरन्त पंडाल से निकल भागने की जुगत में था, पर उस चंडाल की नजर मुझ पर पड़ गई थी. मेरे वहां से निकल भागने के पहले ही उनके दो गुर्गे मतलब शिष्य मुझे जकड़ चुके थे और धमकाने के अंदाज में मुस्कुराते हुए मेरे कानों में फुसफुसा रहे थे, क्यों बे श्रीमान! बिना प्रवचन फीस चुकाए ही भागना चाहता है. मैं मिमयाया, मगर मैं तो बाहर की चिलचिलाती धूप से कुछ समय तक बचने के लिए पंडाल में घुसा था, मैंने तो गुरुजी की ज्ञान की बातें सुनी ही नहीं है तो फिर फीस किस बात की? उनमें से एक ने कहा, अच्छा तो ये बात है. तब तो डबल फीस लगेगी. मेरे पास कुछ कहने को बचा ही नहीं था. पर मैं मन ही मन सोच रहा था, यहां आकर तो मैं बुरी तरह फंस गया. अब तो गुरुजी के दरबार में हाजरी दिलवाये बिना ये लोग मुझे छोड़ने वाले नहीं है. मुझे वैसे ही घबराहट हो रही थी जैसे किसी गरीब को अदालत में पेशी के पूर्व होती है. पंडाल खाली होने के पश्चात गुरुजी के दोनों पालतू शिष्य मुझे उनके विश्राम स्थल पर ले आये. नजदीक जाकर मैंने पाया कि यह गुरुजी तो अपना ढोलक चंद है. बचपन में हम साथ ही गांव के प्रायमरी स्कूल में पढ़ते थे. ढोलक चंद घुमन्तु परिवार का सदस्य था. दूसरी कक्षा तक पढ़ने के बाद ढोलक चंद का परिवार गांव छोड़कर कहीं चला गया था. मैंने उन्हें पहचानते हुए कहा, आप कहीं ढोलक चंद तो नहीं? उन्होंने मुझसे नजर और अपनी पहचान बचाते हुए कहा, नहीं, नहीं. हम स्वामी तबलानन्द के शिष्य स्वामी बलानन्द हैं.

# धर्म अध्यात्म

*विकट संकष्टी चतुर्थी व्रत कल है. इस दिन भगवान गणेश की पूजा-उपासना का विधान है. रात के समय में चंद्रमा की पूजा की जाती है और उन्हें अर्घ्य दिया जाता हैं. मान्यता है कि विधि विधान से विकट संकष्टी चतुर्थी का व्रत करने से बाधाएं दूर होती है और सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है.*

## विकट संकष्टी चतुर्थी व्रत कल

# वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ





आचार्य अजय मिश्रा

**प्रत्येक महीने में दो बार (कृष्ण और शुक्ल पक्ष) में चतुर्थी व्रत किया जाता है. वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर पड़ने वाली संकष्टी चतुर्थी के व्रत को विकट संकष्टी चतुर्थी कहा जाता है. इस बार ये व्रत 27 अप्रैल को है. इस दिन महादेव के पुत्र भगवान गणेश की पूजा-उपासना का विधान है. साथ ही इस व्रत में रात के समय में चंद्रमा की पूजा करने के साथ अर्घ्य देते हैं. जो लोग विधि विधान से विकट संकष्टी चतुर्थी का व्रत करते हैं, उनके जीवन में आने वाली सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं और भगवान गणेश के आशीर्वाद से मनोकामनाएं पूरी होती हैं. किसी तरह का आर्थिक संकट है तो इस व्रत से संकट दूर होता है. विकट संकष्टी चतुर्थी व्रत स्त्री और पुरुष दोनों ही कर सकते हैं. आइए जानते हैं कि इस व्रत का शुभ मुहूर्त एवं चंद्र उदय का समय क्या है.**

*गणेश जी को सभी देवताओं में सर्वप्रथम पूजा जाता है. इन्हें गजानन, विघ्नहर्ता, गणपति, लंबोदर कई नामों से पुकारा जाता है. इन्हें विघ्नहर्ता कहा जाता है क्योंकि गणेश जी विघ्नों को हरने वाले एवं बुद्धि और यश के देवता कहलाते हैं. गणेश जी की पूजा-अर्चना सच्चे मन और पूरे विधि-विधान के साथ कोई करता है तो उसे गणेश जी की कृपा अवश्य प्राप्त होती है.*

### विकट संकष्टी चतुर्थी का शुभ मुहूर्त

वैशाख माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरुआत 27 अप्रैल को सुबह 8:20 मिनट से होगी और इसके अगले दिन यानी 28 अप्रैल को सुबह 8:20 मिनट पर इस तिथि का समापन होगा. ऐसे में 27 अप्रैल को विकट संकष्टी चतुर्थी का व्रत किया जाना चाहिए. इस दिन चंद्र दर्शन का समय देर रात 10:30 मिनट पर होगा. चंद्रास्त 28 अप्रैल की सुबह 7:38 पर होगा.

### सूर्योदय एवं सूर्यास्त का समय

उन्होंने कहा कि इस दिन सूर्योदय का समय सुबह 5: 45 मिनट पर होगा. इसी के साथ सूर्यास्त का समय शाम 6:52 मिनट पर होगा. ब्रह्म मुहूर्त का समय सुबह 04:20 मिनट से 5:00 मिनट तक होगा. साथ ही विजय मुहूर्त का समय दोपहर 2:32 मिनट से 3:20 मिनट तक रहेगा. गोधूलि मुहूर्त का समय शाम 6:55 मिनट से 7:10 मिनट तक रहेगा. निशिता मुहूर्त रात्रि 12:00 मिनट से 12:40 मिनट तक रहेगा. इन शुभ मुहूर्त में आप भगवान गणेश का पूजन कर सकते हैं. पूजन में उन्हें मोदक भोग लगाइए. व्रत की कामना उनके समक्ष रखिए और इच्छापूर्ति का आशीर्वाद मांगें. पूजन के बाद गणेश जी की आरती जरूर करें.

### विकट संकष्टी चतुर्थी पर स्वर्ग की भद्रा

विकट संकष्टी चतुर्थी के दिन स्वर्ग की भद्रा भी लग रही है. भद्रा का समय सुबह 05:44 से सुबह 08:17 तक है. इस भद्रा का वास स्वर्ग में है.

### ऐसे करें पूजा

विकट संकष्टी चतुर्थी के दिन प्रातः जल्दी स्नान करने के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करें. पूजा स्थल की साफ-सफाई करें. किसी चौकी या वेदी पर भगवान भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित करें. गंगा जल से पवित्र कर प्रभु को कुमकुम से तिलक करें. भगवान गणेश को पीले फूलों की माला पहनाएं और मोदक व पीले लड्डू का भोग लगाएं. गणपति जी सामने देसी घी का दीपक जलाएं. वैदिक मंत्रों से भगवान गणेश का आह्वान करें और विधि विधान से पूजा के बाद संकष्टी चतुर्थी व्रत कथा का पाठ जरूर करें. आरती के बाद प्रसाद ग्रहण करें. रात में चंद्रमा की पूजा करें और अर्घ्य दें.

## यह है कथा

### पहली कथा: कुम्हार का आवा

किसी राज्य में एक कुम्हार निवास करता था. एक दिन वह मिट्टी के बर्तन पकाने के लिए आवा ( मिट्टी के बर्तन पकाने के लिए आग जलाना ) लगा रहा था. उसने आवा तो लगा दिया लेकिन उसमें मिट्टी के बर्तन पके नहीं. ये देखकर कुम्हार परेशान हो गया और वह राजा के पास गया और सारी बात बताई. राजा ने तब राज्य के प्रमुख पंडित को बुलाया और संकट निवारण का उपाय पूछा. तब पंडित ने कहा कि, यदि हर दिन गांव के एक-एक घर से एक-एक बच्चे की बलि दी जाए तो रोज आवा पकेगा. राजा ने तब आज्ञा दी कि पूरे नगर से हर दिन एक बच्चे की बलि दी जाए. कई दिनों तक ऐसा चलता रहा और फिर एक बुढ़िया के घर की बारी आई, लेकिन उसके बुढ़ापे का एकमात्र सहारा उसका अकेला बेटा अगर बलि चढ़ जाएगा तो बुढ़िया का क्या होगा, ये सोच-सोच वह परेशान हो गई. उसने संकष्टी की सुपारी और दूब देकर बेटे से कहा, जा बेटा, संकष्टी माता तुम्हारी रक्षा करेंगी और खुद संकष्टी माता का स्मरण कर उनसे अपने बेटे की सलामती की कामना करने लगी. अगली सुबह कुम्हार ने देखा कि आवा भी पक गया और बालक भी पूरी तरह से सुरक्षित है और फिर संकष्टी माता की कृपा से नगर के अन्य बालक जिनकी बलि दी गई थी, वह सभी भी जी उठें, पौराणिक मान्यताओं के अनुसार उसी दिन से संकष्टी चौथ के दिन मां अपने बेटे की लंबी उम्र के लिए भगवान गणेश की पूजा और व्रत करती हैं.

### दूसरी कथा: जब शिव जी ने काट दिया सिर

एक दिन माता पार्वती स्नान करने जा रही थीं. उन्होंने अपने पुत्र बालक गणेश को दरवाजे के बाहर पहरा देने का आदेश दिया और बोलीं कि जब तक वे स्नान करके ना लौटें किसी को भी अंदर नहीं आने दें. गणेश जी मां की आज्ञा का पालन करते हुए बाहर खड़े होकर पहरा देने लगे. ठीक उसी वक्त भगवान शिव माता पार्वती से मिलने पहुंचे. गणेश जी ने तुरंत ही भगवान शिव को दरवाजे के बाहर रोक दिया. ये देख शिव जी को गुस्सा आ गया और उन्होंने त्रिशूल से वार कर बालक गणेश की गर्दन धड़ से अलग कर दी. इधर पार्वती जी ने बाहर से आ रही आवाज़ सुनी तो वह भागती हुईं बाहर आईं. पुत्र गणेश की कटी हुई गर्दन देख घबरा गईं और शिव जी से अपने बेटे के प्राण वापस लाने की गुहार लगाने लगी. शिव जी ने माता पार्वती की बात मानते हुए गणेश जी को जीवन दान तो दे दिया लेकिन गणेश जी की गर्दन की जगह एक हाथी के बच्चे का सिर लगाना पड़ा. उसी दिन से सभी महिलाएं अपने बच्चों की सलामती के लिए गणेश चतुर्थी का व्रत रखती हैं.

### भगवान गणेश के प्रभावकारी मंत्र

- ॐ गं गणपतये नमः
- 'गणपूज्यो वक्रतुण्ड एकदंष्ट्री त्रियम्बकः। नीलग्रीवो लम्बोदरो विकटो विघ्रराजक ः।। धूम्रवर्णो भालचन्द्रो दशमस्तु विनायकः। गणपर्तिहस्तिमुखो द्वादशारे यजेद्गणम।।'
- 'वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ। निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥
- 'त्रयीमयायाखिलबुद्धिदात्रे बुद्धिप्रदीपाय सुराधिपाय. नित्याय सत्याय च नित्यबुद्धि नित्यं निरीहाय नमोस्तु नित्यम्.'



## ये हैं भारत के प्रमुख गणेश मंदिर

***भारत में भगवान गणेश के कुछ मंदिर बेहद प्रसिद्ध हैं. ऐसी मान्यता है कि यहां भगवान की मूर्ति के दर्शन मात्र से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं. आइए, ऐसे ही कुछ प्रमुख मंदिरों की करें चर्चा-***

### सिद्धिविनायक मंदिर



*महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई स्थित प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में गणपति के दर्शन करने के लिए देश-विदेश से लोग आते हैं. इस मंदिर का निर्माण 1801 में करवाया गया था.*

### उच्ची पिल्लयार कोइल मंदिर



*तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली का यह मंदिर 272 फीट ऊंचे पहाड़ पर स्थित है. पैराणिक मान्यता है कि इस स्थान पर भगवान गणेश ने रंगनाथ की मूर्ति स्थापित की थी.*

### कनिपकम विनायक मंदिर



*आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के कनिपकम स्थित इस मंदिर का निर्माण कुलोथुंग चोला ने करवाया था. बाद में 14वीं शताब्दी की शुरुआत में विजय नगर साम्राज्य के शासकों ने इस विनायक मंदिर का विस्तार करवाया.*

### रणथंबौर गणेश मंदिर



*राजस्थान के रणथंबौर में स्थित इस मंदिर में भक्त गणेश के त्रिनेत्र स्वरूप के दर्शन के लिए आते हैं. प्रत्येक साल गणेश चतुर्थी के दिन इस मंदिर के पास भव्य मेला लगता है.*

### श्रीमंत दग्दूसेठ हलवाई मंदिर




*पुणे में स्थित भगवान गणेश का यह मंदिर वास्तु कला के लिए प्रसिद्ध है. कहा जाता है कि पुणे के दग्दूसेठ हलवाई के बेटे की प्लेग से मौत हो गई थी. जिसके बाद सेठ ने इस मंदिर को 1893 में बनवाया था.*

### मोती डूंगरी गणेश मंदिर



*कहा जाता है कि इस पवित्र और लोकप्रिय मंदिर का निर्माण करीब 1761 में सेठ जय राम पल्लीवाल की निगरानी में किया गया था. इस मंदिर की वास्तुकला भक्तों को काफी आकर्षित करती है*



---

## बुद्ध उवाच


# मौन व्रत से मिलेगी शांति

एक दिन की बात है जब गौतम बुद्ध किसी गांव में अपने शिष्यों को उपदेश दे रहे थे. उनके उपदेश को सुनने के लिए उस गांव व आसपास के गांव से कई लोग पहुंचे थे. ऐसा ही एक व्यक्ति गौतम बुद्ध के निकट पहुंचा और वह बोला कि तथागत मैं आपसे बहुत सारे प्रश्न पूछना चाहता हूं. मेरा मन बहुत अशांत है. कृपया मेरे प्रश्नों के उत्तर दें, ताकि मेरा मन शांत हो सके.

बुद्ध ने उससे कहा कि मैं तुम्हारे प्रश्नों के उत्तर जरूर दूंगा. लेकिन, इससे पूर्व तुम्हें एक साल तक मौन धारण करना होगा. एक साल के बाद तुम जो भी पूछोगे, तुम्हें उसका उत्तर जरूर मिल जाएगा. उस व्यक्ति ने कहा कि एक साल बाद आप मेरे प्रश्नों के अवश्य देंगे ना? तब बुद्ध ने कहा कि अवश्य. मैं अपने वचन का पक्का हूं. एक साल के मौन व्रत के बाद तुम्हारे प्रत्येक सवाल का जवाब दिया जाएगा.

इस आश्वासन के बाद व्यक्ति ने मौन व्रत धारण कर लिया. धीरे-धीरे वह मौन की वजह से उसका मन एकाग्र होने लगा, वह ध्यान में उतरने लगा. मन भी शांत होने लगा. ऐसे में मन के सवाल खुद ही शांत होने लगे. करीब साल भर बाद बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि अब तुम अपने सभी प्रश्न मुझसे पूछ सकते हो. यह सुनते ही वह व्यक्ति हंसा और कहा कि बेशक साल भर पहले मन में उठने वाले सवालों की वजह से मैं परेशां था. पर आज स्थिति कुछ और है. अब सारे प्रश्न शांत हो गए हैं. मन में कोईसवाल ही नहीं, फिर क्या पूछूं मैं आपसे!

तब महात्मा बुद्ध ने कहा कि अज्ञान और भ्रम की वजह से हमारा मन प्रश्नों के उत्तर तक पहुंच ही नहीं पाता है. कुछ समय मौन धारण करके हम हालातों को समझेंगे तो सारे प्रश्नों के उत्तर स्वतः ही मिलने लगते हैं. मन के शांत होते ही सभी प्रश्न भी खत्म हो जाते हैं और स्थिति स्पष्ट हो जाती है.



*"नगर उंटारी के श्री वंशीधर धाम मंदिर में देश के प्रत्येक भाग से लोग दर्शन हेतु पधारते रहते हैं. कुछ समय पहले मुझे भी अपने पति के साथ रांची से वाराणसी जाते वक्त इस धाम के दर्शन का सौभाग्य मिला. प्रतिमा की सुंदरता और मंदिर प्रांगण में मिली शांति को मेरे लिये शब्दों में उतारना नामुमकिन है. बैठकर श्री चरणों का भोग प्रसाद ग्रहण करने का भी अवसर मिला. सचमुच अद्भुत है यह मंदिर और श्री वंशीधर की महिमा."*

# यहां है भगवान की जाग्रत प्रतिमा

*दुनिया के हर गांव शहर और खोजा महल उंटारी में ।*
*ऐसी सुंदर मूरत न जैसी है नगर उंटारी में ।।*
*ये मूरत है श्री वंशीधर राधा कृष्ण मुरारी की ।*
*कृष्ण कन्हैया वृन्द बसैया श्री गोवर्धन धारी की ।।*





सारिका भूषण

सच ! ऐसी ही महिमा है श्री वंशीधर जी की. झारखंड के गढ़वा जिले में बाकी नदी के तट पर नगर उंटारी ग्राम बहुत दिनों से बसा हुआ है. यहां से 19 किलोमीटर दक्षिण कनहर नदी के उस पार मध्य प्रदेश है और 9 किलोमीटर पश्चिम मलया नदी के उस पार उत्तर प्रदेश स्थित है. इस तरह यह धाम तीन राज्यों के त्रिकोण पर स्थित एक प्रसिद्ध श्रीकृष्ण धाम है. भगवान श्री कृष्ण हमारी संस्कृति, विकास तथा सभ्यता के प्रत्येक एवं भारतीय दर्शन का सवाल प्रकाश स्तंभ हैं. कहते हैं सोलह कलाओं के यही अवतार हैं और इन्होंने सज्जनों की रक्षा तथा दुष्टों के दमन के लिए ही अवतार लिया था. इनके व्यापक लीला क्षेत्र के अंतर्गत हमारे जीवन के सभी पक्ष आध्यात्मिक, सामाजिक तथा राजनीतिक भी आते हैं. श्री कृष्ण कर्मयोगी थे और इन्हें लीला पुरुषोत्तम भी कहा जाता है. श्री वंशीधर भगवान एक जागृत प्रतिमा है तथा भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने में समर्थ माने जाते हैं.

### पहले मूर्ति, फिर मंदिर

कहा जाता है श्री कृष्ण जी का धाम महाराज भवानी सिंह की पत्नी शिवमानी कुंवरी देवी ने स्थापित किया था. घंटा एवं शंख ध्वनि के बीच यहां मंदिर की नींव डाली गई थी और वंशीधर मंदिर का निर्माण हुआ था. प्रायः पहले मंदिर बनाकर मूर्ति को स्थापित किया जाता है पर यहां मूर्ति आने के बाद मंदिर का निर्माण हुआ था. अनुमानतः इस प्रतिमा का प्रादुर्भाव संवत् 1761 में हुआ.

### सोने की मूर्ति और कलात्मक जेवर

भगवान की प्रतिमा में मुकुट, कुंडल, हार, बाजूबंद, कड़ा मुंद्रिका, करधनी, नूपुर तथा पाजेब बड़े ही कलापूर्ण ढंग से साथ-साथ बने हुए हैं. प्रतिमा की ऊंचाई साढ़े चार फीट तथा वजन चरण चौकी के साथ अनुमानतः 32 मन है. कहते हैं पूरी प्रतिमा सोने की बनी है. श्री कृष्ण जी की मूर्ति का अकेले पूजन नहीं किया जाता इसीलिए रानी साहिबा ने वाराणसी से राधा रानी की अष्टधातु की मूर्ति मंगवाकर बग़ल में स्थापित करायी. शीघ्रता से निर्माण करवाने की वजह से मंदिर को विशाल नहीं बनाया जा सका परंतु यह अपने-आप में संपूर्ण, सिद्धिदायक एक विशिष्ट मंदिर है.



### एक माह तक मेला

प्रतिवर्ष फाल्गुन शिवरात्रि के दिन प्रारंभ होकर लगभग एक माह तक मंदिर के निकट वंशीधर मेला लगता है जो मंदिर की आय का एक प्रमुख साधन हुआ करता था परंतु वर्तमान में सरकार ने ज़िम्मेदारी उठाई है.

## खुशी संदेश

# जरूरी है आगे बढ़ते रहने की लगन



मुकेश चौहान

एक धनवान व्यक्ति का बेटा आलसी हो गया था. खाने-सोने, मस्ती के अलावा कुछ करता ही नहीं था. धनवान व्यक्ति अपना दर्द अपने दोस्त को बताया. दोस्त का शहद का बड़ा कारोबार था. बड़े पैमाने पर मधुमक्खी पालन भी करता था. वह धनवान दोस्त से बोला- अपने बेटे को मेरे फार्म हाउस में भेजना. धनवान का बेटा जब फार्म हाउस आया तो उसने कहा- बेटा, मुझे 2 दिन के लिए बाहर जाना जरूरी है. तुम सिर्फ 2 दिन मेरे फार्म हाउस को देख दो. तुम्हें कुछ नहीं करना, सिर्फ निहारना है. सारा काम मजदूर करेंगे. वह 2 दिन तक यही देखता रहा कि कैसे मधुमक्खी शहद एकत्र कर लेती हैं. फार्म हाउस का मालिक लौटते ही उससे पूछा- क्या देखे? धनवान के बेटे ने कहा- मधुमक्खी के शहद बनाने की प्रक्रिया. फार्म हाउस के मालिक ने कहा-सोचो! मधुमक्खी सिर्फ घूमती, सोती और खाती हैं. लेकिन इसी क्रम में पराग से अमृततुल्य शहद बना देती हैं. हम सभी तो इंसान हैं. प्रकृति हमें सृजनात्मक शक्ति दी है. क्या हमें जिंदगी यूं ही गंवानी चाहिए? धनवान के बेटे को सब समझ में आ गया. महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद ने भी कहा था- " सोने और खाने का नाम जिंदगी नहीं है, आगे बढ़ते रहने की लगन का नाम जिंदगी है."

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# जल्द चीफ सिलेक्टर से मिलेंगे रोहित, टी20 वर्ल्ड कप के लिए तय होंगे 15 नाम

एजेंसी। नयी दिल्ली

आईसीसी ने एक जून से शुरू होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में टीमों के ऐलान के लिए आखिरी तारीख एक मई तय की है. ऐसे में अगले एक सप्ताह के अंदर भारतीय टीम का भी ऐलान कर दिया जाएगा. मगर इससे भारती क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की चयन समिति के चेयरमैन अजीत अगरकर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा से दिल्ली में मुलाकात करने वाले हैं. उनकी ये मुलाकात 27 अप्रैल को हो सकती है क्योंकि इसी दिन अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स का मैच होना है. रोहित इस मैच के लिए दिल्ली में मौजूद रहेंगे और अगरकर उनसे मिलने दिल्ली पहुंचने वाले हैं. ऐसे में सवाल है कि आखिर टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में किन खिलाड़ियों के चयन पर मुहर लग सकती है.

### भारत का संभावित 15 मेंबर स्क्वाड

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज.



## मीटिंग में किन नामों पर लग सकती है मुहर

### टॉप ऑर्डर बल्लेबाजी

चूंकि टी20 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे. दूसरे सलामी बल्लेबाज के रूप में यशस्वी जायसवाल को मौका दिया जा सकता है, जिन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में 104 रन की पारी खेल कर अपने चयन की दावेदारी को मजबूती दी है. आईपीएल में जायसवाल ने 157 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है, लेकिन फॉर्म उनका साथ नहीं दे रही थी. अब शतकीय पारी खेल कर उन्होंने वर्ल्ड कप की टीम में चयन के लिए दावा ठोक दिया है. वहीं शुभमन गिल को भी बैकअप सलामी बल्लेबाज के रूप में रखा जा सकता है. उनके अलावा तीसरे स्थान पर विराट कोहली की लय को देखते हुए उनकी जगह पक्की लग रही है.

### मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजी

चौथे नंबर पर सूर्यकुमार यादव को जगह मिल सकती है. वो टी20 क्रिकेट में दुनिया में नंबर-1 बल्लेबाज हैं. उन्हें वर्ल्ड कप में ना ले जाना भारतीय टीम को भारी पड़ सकता है. इस बीच विकेटकीपर बल्लेबाज को लेकर बहस छिड़ी हुई है. ऋषभ पंत, संजू सैमसन और केएल राहुल भी इस रेस में बने हुए हैं, इसलिए चयनकर्ताओं के लिए फैसला करना बहुत मुश्किल काम होगा. तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर्स के मामले में हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे 15 खिलाड़ियों में चुने जा सकते हैं. वहीं रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल लेफ्ट-आर्म ऑफ-स्पिन गेंदबाजी के अलावा बल्लेबाजी में भी योगदान देने में सक्षम हैं. इस कारण उन्हें 15 मेंबर स्क्वाड में विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है.

### गेंदबाजी

लेग स्पिन गेंदबाजी में चयनकर्ताओं के पास रवि बिश्नोई, युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव के रूप में 3 विकल्प होंगे. यूजी काफी समय बाद प्लेइंग इलेवन में भी आ सकते हैं क्योंकि आईपीएल 2024 में वो अभी तक 13 विकेट चटका चुके हैं. दूसरी ओर तेज गेंदबाजी की बात करें तो जसप्रीत बुमराह का खेलना लगभग तय है. उनके अलावा अर्शदीप नियमित रूप से भारत की टी20 टीम में खेल रहे हैं. उनके अलावा तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में मोहम्मद सिराज को विकल्प के तौर पर देखा जा सकता है.

## आईपीएल: पंजाब को केकेआर की खराब गेंदबाजी का उठाना होगा फायदा

# पंजाब के सामने केकेआर के गेंदबाजों पर रहेंगी नजरें




एजेंसी। कोलकाता

खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स के सामने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों खासकर 30 लाख डॉलर में खरीदे गए मिचेल स्टार्क पर प्रदर्शन में सुधार का दबाव रहेगा. केकेआर फिलहाल 10 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है, जबकि राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है. केकेआर को अब तक सफलता उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के दम पर मिली है. पंजाब किंग्स के रूप में उसके सामने अब कमजोर प्रतिद्वंद्वी है, जो शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद अच्छा नहीं खेल सकी है प्लेआफ की दौड़ से पंजाब लगभग बाहर ही है. केकेआर के लिए शीर्षक्रम पर सुनील नारायण (176 . 54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन) और फिल साल्ट (169 . 38 की औसत से 249 रन) ने शानदार प्रदर्शन किया है. आंद्रे रसेल (184.52 की स्ट्राइक रेट से 155 रन) और कप्तान श्रेयस अय्यर (126 की स्ट्राइक रेट से 190 रन) ने भी रन बनाये हैं. रिंकू सिंह ने टूर्नामेंट में सात मैचों में 67 गेंदें ही खेली है और 160 के करीब रन बना लिये हैं.अय्यर को छोड़कर सभी विशेषज्ञ बल्लेबाजों ने 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं, जिसकी वजह से शाहरुख खान की टीम सात मैचों में चार बार 200 से अधिक का स्कोर बना सकी है. वेंकटेश अय्यर की एकमात्र बल्लेबाज हैं जो खराब फार्म में हैं जबकि ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण बाहर नीतिश राणा की गैर मौजूदगी से टीम के स्पिन के महारथी बल्लेबाज और उपयोगी आफ ब्रेक गेंदबाज की कमी खल रही है. गेंदबाजी में सिर्फ नारायण ही अनुशासित प्रदर्शन कर सके हैं. उनका इकॉनॉमी रेट सात के इर्द गिर्द रहा है जो इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम के इस दौर में काफी प्रभावी है. वैसे अब नारायण भी पिछले मैच में महंगे साबित हुए हैं. रजत पाटीदार ने उन्हें एक ओवर में दो छक्के लगाये और अब पंजाब के पास फॉर्म में चल रहे दो बल्लेबाज शशांक और आशुतोष हैं.

### मिशेल स्टार्क पर रहेगा दबाव

दूसरी ओर स्टार्क 11 . 48 की इकॉनॉमी रेट से रन लुटा रहे हैं और उन्हें छह ही विकेट मिल सके हैं. उन्हें 24 करोड़ 75 लाख रुपए में खरीदा गया था और अब उन पर इस रकम के साथ न्याय करने का दबाव होगा. स्टार्क की तुलना में हर्षित राणा (9.25 की इकॉनॉमी से नौ विकेट) और वैभव अरोड़ा (9.57 की इकॉनॉमी से सात विकेट) जैसे घरेलू गेंदबाज बेहतर साबित हुए हैं. स्टार्क का भरोसा अपनी रफ्तार पर रहा है और वह धीमी गेंद डालने को तैयार नहीं है जिससे बल्लेबाज डैथ ओवरों में उन्हें आसानी से खेल पा रहे हैं. केकेआर के लिए स्टार्क का फॉर्म में लौटना बहुत जरूरी है. पंजाब को जीत की राह पर लौटना है तो केकेआर की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाना होगा. पंजाब के शीर्षक्रम के बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, रिली रोसोयू और जॉनी बेयरस्टो फॉर्म में नहीं हैं. आशुतोष और शशांक के बल्ले से ही रन निकल रहे हैं पंजाब खेमा उम्मीद कर रहा होगा कि उनके नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट से उबर कर जल्दी वापसी करें. धवन को अभ्यास सत्र के दौरान फुटबॉल खेलते देखा गया जिससे उनके लौटने की उम्मीद बंधी है.

# चैंपियन गुकेश का भव्य स्वागत



**चेन्नई।** टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीत कर इतिहास रचने वाले युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश का गुरुवार को यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया. गुकेश के स्कूल वेलाम्मल विद्यालय के सैकड़ों छात्र उनकी उड़ान के पहुंचने के एक घंटे पहले ही से कतार बना कर हवाई अड्डे पर खड़े थे. उनके अलावा भारी संख्या में प्रशंसक भी मौजूद थे. 17 वर्ष के गुकेश देर रात तीन बजे बाहर निकले और भीड़ ने उन्हें घेर लिया. उन्हें फूलों की माला पहनाई गईं और पुलिस को उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी. गुकेश ने हवाई अड्डे पर मीडिया से कहा, मुझे घर आकर बहुत अच्छा लग रहा है. यह खास उपलब्धि है. मैं शुरू से ही अच्छा खेल रहा था और मुझे जीत का यकीन था. किस्मत ने भी मेरा साथ दिया. उन्होंने कहा, यह देखकर अच्छा लग रहा है कि इतने लोग शतरंज देखते हैं. मैं तमिलनाडु सरकार को धन्यवाद देता हूं. मैं अपने अप्पा, अम्मा, कोच, दोस्तों, परिवार, प्रायोजक और स्कूल को भी धन्यवाद दूंगा. गुकेश की मां पद्मा अपने परिजनों के साथ उन्हें लेने आई थीं. गुकेश के पिता ईएनटी सर्जन रजनीकांत ने उनकी तैयारियों के लिए अपनी प्रेक्टिस छोड़ दी थी और उनके साथ टोरंटो गए थे. गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए.

> *मैं शुरू से ही अच्छा खेल रहा था और मुझे जीत का यकीन था. किस्मत ने भी मेरा साथ दिया. उन्होंने कहा, यह देखकर अच्छा लग रहा है कि इतने लोग शतरंज देखते हैं.*
>
> **-युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश**

# विश्व कप में बड़े मौके के लिए युगांडा तैयार



**मुंबई।** बल्लेबाजी आल राउंडर अल्पेश रमजानी का मानना है कि युगांडा के आत्मविश्वास से भरे क्रिकेटर आगामी टी20 विश्व कप के दौरान जिंदगी के सबसे बड़े मौके का फायदा उठाने के लिये तैयार हैं. पिछले साल नवंबर में युगांडा ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अफ्रीका क्षेत्र के क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करके नामीबिया के बाद दूसरे स्थान पर रह कर पहली दफा इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया. इस दौरान युगांडा ने मजबूत क्षेत्रीय टीम जिम्बाब्वे को भी पराजित किया. रमजानी ने यहां गुरुवार को वानखेडे स्टेडियम में मीडिया से कहा, यह बहुत ही बड़ा अनुभव होने वाला है, लेकिन साथ ही यह जिंदगी का सबसे बड़ा मौका भी होगा जब आप ऐसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेलोगे जिनकी तरह आप बनने की ख्वाहिश रखते हो. हमारे लिए यह बहुत ही बड़ा मौका है क्योंकि हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लीग में खेलने की तमन्ना रखते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### एफआईएच ने दी पाक हॉकी को चेतावनी

**कराची।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने पाकिस्तान सरकार और देश में खेल की कमान के लिये लड़ रहे दो महासंघों से गुरुवार तक अपने विवाद सुलझाने या निलंबन का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है. पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के अधिकारी के अनुसार एफआईएच ने साफ तौर पर कहा है कि दोनों धड़ों के बीच विवाद सरकार की मदद से आज खत्म हो जाना चाहिए वरना पाकिस्तान को निलंबन का सामना करना पड़ सकता है. पीएचएफ को लिखे पत्र में एफआईएच ने 25 अप्रैल की समय सीमा दी है.

### चैंपियनशिप की मेजबानी का दावा करेगा भारत

**चेन्नई।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के नव निर्वाचित सचिव देव नटेल ने गुरुवार को कहा कि भारत डी गुकेश और चीन के डिंग लिरेन के बीच इस साल विश्व चैम्पियनशिप मैच की मेजबानी का दावा करेगा. 17 वर्ष के गुकेश टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैम्पियनशिप के सबसे युवा चैलेंजर बने. विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले की तारीख और स्थान अभी तय नहीं है. गुजरात शतरंज संघ के प्रमुख पटेल ने कहा, हम फिडे से बात करेंगे. हमें उम्मीद है कि भारत में सर्वश्रेष्ठ विश्व चैम्पियनशिप खेली जाएगी.

### दिल्ली के तेज गेंदबाज रसिख को फटकार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दर को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में एक विकेट लेने के बाद आक्रामक जश्न मनाने के लिए फटकार लगाई गई है. बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम पर खेला गया मैच दिल्ली ने चार रन से जीता. इस दौरान रसिख को आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.5 के लेवल एक के अपराध का दोषी पाया गया जो ऐसी भाषा के इस्तेमाल या हरकत या भाव भंगिमा से संबंधित है, जिससे दूसरे खिलाड़ी को उकसाया जा सकता है.

### केकेआर के खिलाफ नहीं खेलेंगे धवन

**कोलकाता।** पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण केकेआर के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले आईपीएल मैच में नहीं खेल पाएंगे लेकिन टीम को उम्मीद है कि वह एक मई को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में वापसी कर लेंगे. धवन ने अपना अंतिम मैच सनराइजर्स के खिलाफ नौ अप्रैल को खेला था. तब से सैम करन कप्तानी की जिम्मेदारी उठा रहे हैं. पंजाब के स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी ने कहा कि धवन चोट से उबर रहे हैं और उम्मीद है कि बायें हाथ का यह बल्लेबाज चेन्नई में अगले मैच में वापसी सकता है.

### युकी बचपन के कोच आदित्य सचदेव से जुड़े

**नयी दिल्ली।** भारत के शीर्ष खिलाड़ी युकी भांबरी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि अगर उन्हें पेरिस ओलंपिक के लिए मौका मिलता है तो वह पूरी तरह से तैयार रहें जिसके लिए उन्होंने बचपन के कोच आदित्य सचदेवा से जुड़ने का फैसला किया है. दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी रोहन बोपन्ना को शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी होने के चलते पेरिस ओलंपिक में अपना जोड़ीदार चुनने का विकल्प मिलेगा और युकी एटीपी रैंकिंग में 56वें नंबर से दूसरे सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी हैं.

# नये नियम से हरफनमौला की भूमिका खतरे में : अक्षर

भाषा। नयी दिल्ली

- भारतीय कप्तान रोहित शर्मा समेत कई खिलाड़ी इस नियम की आलोचना कर चुके हैं

बायें हाथ के बेहतरीन स्पिनर होने के साथ सक्षम बल्लेबाज अक्षर पटेल का मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है. गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच में बुधवार को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर तीसरे नंबर पर भेजे गए अक्षर ने 43 गेंद में 66 रन बनाये और कप्तान ऋषभ पंत के साथ दिल्ली कैपिटल्स को संकट से निकाल कर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया. दिल्ली के तीन विकेट एक समय 44 रन पर गिर गए थे. बाद में उन्होंने एक विकेट भी लिया. दिल्ली ने यह मैच चार रन से जीता. अक्षर ने कहा, एक हरफनमौला होने के नाते मेरा मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है. हर टीम इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर विशुद्ध बल्लेबाज या गेंदबाज चाहती है. हरफनमौलाओं का इस्तेमाल नहीं हो रहा है. उन्होंने जियो सिनेमा से कहा, इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हर टीम यह सोच कर उतरती है कि उसके पास छह बल्लेबाज या गेंदबाज हैं. इससे कई बार कन्फ्यूजन भी हो जाता है. भारतीय कप्तान रोहित शर्मा समेत कई खिलाड़ी इस नियम की आलोचना कर चुके हैं.

# हार के बाद लिवरपूल की उम्मीदों को झटका



**लिवरपूल।** एवर्टन से 2.0 से हारने के बाद लिवरपूल की प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब जीतकर जर्गेन क्लोप को शानदार विदाई देने की उम्मीदों को करारा झटका लगा. एवर्टन के लिए जाराड ब्रांथवेट और डोमिनिक कालवर्ट लिविन ने गोल दागे. हार के बाद क्लोप ने कहा, मैं इस हार के लिये माफी ही मांग सकता हूं. हम बेहतर खेल सकते थे लेकिन नहीं खेले और यही वजह है कि हार गए. इस हार से लिवरपूल अब शीर्ष पर काबिज आर्सनल से तीन अंक पीछे दूसरे स्थान पर है. मौजूदा चैम्पियन मैनचेस्टर सिटी उससे एक ही अंक पीछे है. वहीं एक अन्य मैच में मैनचेस्टर युनाइटेडने शेफील्ड युनाइटेड को 4.2 से हराया. यूनाइटेड अब तालिका में छठे स्थान पर है.

# बिस्माह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

भाषा। कराची



एक चौकाने वाले फैसले में पाकिस्तान की लोकप्रिय महिला क्रिकेटर और पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने गुरुवार को तुरंत प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया. 32 वर्ष की बिस्माह ने 2020 में फिटनेस कारणों से और 2021 में बेटी के जन्म के बाद क्रिकेट से लंबा ब्रेक लिया था. न्यूजीलैंड में 2022 विश्व कप में अपनी बेटी को साथ लेकर गई बिस्माह ने सुर्खियां बंटोरी थी. वह वेतन के साथ 12 महीने का मातृत्व अवकाश पाने वाली पाकिस्तान की पहली महिला क्रिकेटर रहीं. बायें हाथ की बल्लेबाज बिस्माह ने भारत के खिलाफ 2006 में वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था और पाकिस्तान के लिये 276 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले. उन्होंने 2009 में आयरलैंड के खिलाफ टी20 क्रिकेट में पदार्पण किया. उन्होंने 33 अर्धशतक समेत 6262 अंतरराष्ट्रीय रन बनाये और लेग स्पिन गेंदबाजी से 80 विकेट लिये.

## बातचीत: दिल्ली की टीम लय में लौटी, जीत से बढ़ा टीम के खिलाड़ियों का आत्मविश्वास : आमरे

# ऋषभ पंत और अक्षर की साझेदारी ने अंतर पैदा किया

एजेंसियां। नयी दिल्ली



दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ चार रन की करीबी जीत दर्ज करने के बाद अक्षर पटेल और कप्तान ऋषभ पंत की सराहना करते हुए कहा कि इनकी बदौलत टीम 20 अतिरिक्त रन जुटाने में सफल रही विकेटकीपर बल्लेबाज पंत (43 गेंद में नाबाद 88 रन, 8 छक्के, 5 चौके) ने अक्षर (43 गेंद में 66 रन, 4 छक्के, 5 चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए उस समय 113 रन की साझेदारी की जब टीम 44 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी. पंत ने अंत में ट्रिस्टन स्टब्स (सात गेंद में नाबाद 26, तीन चौके, दो छक्के) के साथ सिर्फ 18 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया.

### अक्षर को ऊपर भेजने का फायदा मिला

अक्षर को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजने पर आमरे ने कहा कि निचले क्रम में बल्लेबाजी के अधिक मौके नहीं मिलने के कारण उन्हें ऊपरी क्रम में भेजा गया. आमरे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, अगर आपको याद हो तो पिछले साल भी वह गेंद को काफी अच्छी तरह मार रहा था. उसको आखिरी चार या पांच ओवर में ही मौके मिल रहे थे इसलिए हमारा विचार यही था कि उसे मौका दिया जाए. उन्होंने कहा,अक्षर काफी अच्छा खेला लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण ऋषभ (पंत) के साथ उसकी साझेदारी थी. उन्होंने 113 रन की साझेदारी की. हम संघर्ष कर रहे थे. हमने पावर प्ले में 44 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे. अक्षर ने जो परिपक्वता दिखाई वह हमारी टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण थी और यही कारण है कि हम आखिरी पांच ओवर में 96 रन (97 रन) जोड़ने में सफल रहे. आमरे ने कहा, जब पहले टाइम आउट (स्ट्रेटेजिक ब्रेक) के दौरान मैं मैदान पर गया तो हमने बात की कि कितना स्कोर सही रहेगा. हमने सोचा कि पहले 180 रन पर ध्यान लगाते हैं.

### दर्शकों का भी साथ मिला

आमरे ने समर्थन के लिए दर्शकों की भूमिका की भी सराहना की. उन्होंने कहा, दर्शकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही. वे प्रत्येक मैच में हमारा समर्थन करने आ रहे हैं. उन्होंने हमारी हौसलाआफजाई की. पहले हाफ में नहीं लग रहा था कि हम 180 रन तक भी पहुंच पाएंगे. हमने इसके बाद अतिरिक्त 20 रन बनाए. 240 गेंद में 445 रन बने तो यह दर्शकों के लिए भी क्रिकेट का अच्छा मुकाबला था. वे काफी करीब आए लेकिन इस प्रारूप में एक रन भी काफी अंतर पैदा करता है.

# तीरंदाजी विश्व कप: रिकर्व पुरुष टीम फाइनल में, ज्योति व प्रियांश कंपाउंड सेमीफाइनल में

एजेंसी। शंघाई

भारत के तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा और प्रवीण जाधव ने तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में पुरुषों के रिकर्व फाइनल में पहुंच कर पदक पक्का कर लिया. फाइनल में उनका सामना ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया से होगा. भारत ने महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का कर लिया. भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने इटली को 5.1 (55.54, 55. 55, 56.55) से हराया. अब उसका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से होगा. कोरियाई टीम में तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन, ली वू सियोक और किम जि डियोक हैं. कोरिया ने चीनी ताइपै के तान चिह चुन, लिन जिह सियांग और ताइ यू सुआन को 6.0 से हराया. कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैम्पियन प्रियांश और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए. भारतीय पुरुष रिकर्व टीम को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उसने 15वीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया को 5.3 (55.56, 54.54, 55.51, 55.53) से मात दी. अगले मैच में स्पेन को 5.1 (59.54, 56.55, 55.55) से हराया. भारतीय महिला टीम को पहले ही मुकाबले में मैक्सिको ने 5.3 से हराया. दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और भजन कौर की तिकड़ी को क्वालीफायर में छठी रैंकिंग मिली थी. पहले दौर में बाय मिलने के बाद अगले मैच में भारतीयों ने दूसरे सेट में 3.1 की बढत बनाने के बाद मुकाबला गंवा दिया. बाद में विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता ज्योति ने हमवतन अवनीत कौर को 143.142 से हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाई. अब उनका सामना एस्तोनिया की मीरी मार्शिया पास से होगा. भारत की मौजूदा विश्व चैम्पियन अदिति स्वामी को मैक्सिको की शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रिया बेसेरा ने 144.142 से हराया. 14वीं वरीयता प्राप्त प्रियांश ने तुर्की के बी अकाओग्लू को शूटआफ

फायर ब्रिगेड व एनडीआरएफ की टीम ने बड़े स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर लोगों को बचाया

# होटल में लगी भीषण आग, छह लोगों की हुई मौत

संवाददाता। पटना



जंक्शन के सामने स्थित बहुमंजिले पाल होटल में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई. इसमें छह लोगों की मौत हो गई. लगभग आधे घंटे के अंदर पूरी बिल्डिंग आग और धुएं से भर गई. वहीं जल्द ही होटल के बगल वाली बिल्डिंग में भी आग पहुंच गई. दोनों बिल्डिंग से सिर्फ आग और धुआं ही दिखा. बिल्डिंग के सामने स्थित पुल पर भी भीषण जाम लग गया. स्टेशन रोड भी पूरी तरह जाम हो गया. इधर, अगलगी के करीब डेढ घंटे बाद एक शख्स की लाश बाहर निकाली गई. इसके आधे घंटे बाद दो युवतियों की लाशें बाहर निकाली गईं.

सीएम नीतीश कुमार ने इस अगलगी की घटना में लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की. मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है. वहीं मुख्यमंत्री ने घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज का निर्देश दिया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की. मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की.

**पाल होटल**

- जंक्शन के सामने स्थित पाल होटल में आग भीषण लगी
- डेढ घंटे बाद एक शख्स की लाश बाहर निकाली गई

पटना सेंट्रल रेंज के टीएसपी सत्य प्रकाश ने पुष्टि करते हुए बताया कि पाल होटल में लगे आग की घटना में छह लोगों की मौत हुई है. इसमें तीन महिला एवं तीन पुरुष हैं. दो लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है. उन्होंने बताया कि पीएमसीएच में इलाज के लिए लगभग 20 लोगों को भर्ती कराया गया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक इमारत में रेस्टोरेंट में गैस सिलेंडर लीक होने से आग भड़की. वहां मौजूद स्टाफ ने फायर एक्सटिंग्विशर से आग को बुझाने का प्रयास किया.

# जदयू नेता की गोली मारकर हत्या

संवाददाता। पटना

पुनपुन इलाके में बुधवार देर रात बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने जनता दल (यू) के नेता सौरव कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी. इस गोलीबारी में मुनमुन कुमार नाम का एक व्यक्ति घायल हुआ है. घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति अभी स्थिर है. घटना के बाद आक्रोशितों ने शव के साथ इलाके में विरोध प्रदर्शन किया और सड़क जाम की.

जिसकी वजह से पुनपुन के पास एनएच पर कई घंटे यातायात बाधित रहा. बाद में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया.

**विरोध प्रदर्शन**

- आक्रोशित लोगों ने शव के साथ विरोध प्रदर्शन किया
- गोलीबारी में मुनमुन कुमार नामक व्यक्ति घायल हुआ

घटना के संबंध में बताया जाता है कि सौरव और मुनमुन पुनपुन क्षेत्र के परसा बाजार से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे.

बुधवार-गुरुवार की रात करीब 12 बजे बाइक सवार अपराधियों ने उनपर अंधाधुंध फायरिंग की. इस गोलीबारी में सौरव और मुनमुन गंभीर रूप से घायल हो गये. आनन-फानन में दोंनों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां सौरव ने दम तोड़ दिया. वहीं मुनमुन की हालत स्थिर है. पटना एसएसपी राजीव मिश्रा ने कहा कि मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया है. पुलिस को कुछ सुराग मिले हैं. घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके. सौरव के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है. कहा कि आरोपी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे. इस बीच पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहीं राजद नेता मीसा भारती ने पीड़िता के घर का दौरा किया और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की.

## ब्रीफ खबरें

### पिकअप वैन ने दो बच्चियों को कुचला

**बेगूसराय।** तेज रफ्तार पिकअप वैन ने दो बच्चियों को कुचल दिया. दोनों बच्चियों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई. इस हादसे से गुस्साए लोगों ने एनएच 31 को जाम कर दिया और जमकर हंगामा किया. यह घटना लाखों के पास की है. इस घटना का शिकार हुई दोनों बच्चियां मनीष कुमार की बेटी थीं. जिनमें एक रूही और दूसरी रुचि कुमारी थी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. दोनों के शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस के मुताबिक, पिकअप ड्राइवर को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

### देसी कट्टा के साथ एक बदमाश गिरफ्तार

**अररिया।** जिले की भरगामा थाना पुलिस ने एक देसी कट्टा और तीन कारतूस के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया. बदमाश का नाम सद्दाम है. भरगामा थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने थाना क्षेत्र के अकरथापा के रहने वाले हसीब के पुत्र सद्दाम को वीरनगर विशहरिया से हथियार के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया. मनीष कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी अमित रंजन के निर्देश पर वाहन चेकिंग के साथ संदिग्धों की जांच की जा रही है. इसी क्रम में सद्दाम को हथियार एक साथ गिरफ्तार किया गया.

भाजपा पर निशाना साधते हुए पूर्व डिप्टी सीएम और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा

# नड्डा बहुत सारे बैग उठाकर लाए हैं

संवाददाता। पटना

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के नेता इन दिनों बिहार दौरे पर हैं. रैली कर भाजपा की नीतियों और लक्ष्य से लोगों को अवगत करा रहे हैं. वहीं दूसरी ओर राजद भाजपा के प्रभाव को कमजोर करने के लिए आरोप लगा रही है. इस बीच बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राजद नेता तेजस्वी यादव ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पर गंभीर आरोप लगाये. नड्डा के बिहार दौरे पर निशाना साधते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि हमें जानकारी मिली है कि, वे बहुत सारे बैग उठाकर लाए हैं. जहां-जहां चुनाव हो रहे हैं, वहां पर बांट रहे हैं. तेजस्वी ने कहा कि चेक करवा लें, उनके ये सभी आरोप बिल्कुल सही हैं. हालांकि, तेजस्वी ने यह नहीं बताया कि इन बैगों में क्या था. तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा के प्रति लोगों की खराब प्रतिक्रिया की वजह से जेपी नड्डा साफतौर पर परेशान नजर आए. उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन शुक्रवार को होने वाले मतदान में सभी पांच सीटों पर जीत हासिल करेगा. विपक्ष के नेता ने कहा कि हां यह सच है और कोई साधारण आरोप नहीं है. उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि इस मामले की जांच होनी चाहिए. इतना ही नहीं, उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियां भी ऐसी गतिविधियों में उन्हें अपना समर्थन दे रही हैं. इंडिया गठबंधन नेताओं के खिलाफ मंगलसूत्र पर तंज कसने के लिए भी तेजस्वी ने बीजेपी पर निशाना साधा और पूछा कि पुलवामा पीड़ितों की पत्नियों के मंगलसूत्र खोने के लिए कौन जिम्मेदार है. यादव ने आगे कहा कि यह सब लोग जानते हैं कि विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए मंगलसूत्र पहनती हैं. उन्होंने कहा कि यह सभी जानते हैं कि पुलवामा घटना के लिए कौन जिम्मेदार थे. वहीं पूर्णिया लोकसभा सीट को लेकर तेजस्वी ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन और एनडीए के बीच सीधी लड़ाई है. दिलचस्प बात यह है कि राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव पूर्णिया से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं, क्योंकि राजद ने इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल के बीच सीट बंटवारे के दौरान कांग्रेस के लिए यह सीट नहीं छोड़ी थी. पप्पू ने चुनाव लड़ने की उम्मीद में हाल ही में अपनी पार्टी जाप का कांग्रेस में विलय कर दिया था. तेजस्वी ने कहा कि इंडिया अलायंस संविधान को बचाने के लिए लड़ रहा है जबकि एनडीए आरएसएस मुख्यालय नागपुर में तैयार किए गए कानूनों को लागू करने पर आमादा है.



**लोकसभा चुनाव**

- जहां-जहां चुनाव हो रहे हैं, वहां पर नड्डा बांट रहे हैं
- इंडिया गठबंधन में पांच सीटों पर जीत हासिल करेगा
- इंडिया गठबंधन और एनडीए के बीच सीधी लड़ाई है

## दस लाख रुपये के साथ बीमा भारती के दो सहयोगी हिरासत में

गुरुवार को वोटिंग से एक दिन पहले पूर्णिया लोकसभा सीट से राजद की प्रत्याशी बीमा भारती को बड़ा झटका लगा. पुलिस ने गुरुवार को दस लाख कैश के साथ बीमा भारती के दो सहयोगियों को हिरासत में ले लिया. इनमें राजद कैंडिडेट का निजी सहायक अरविंद जायसवाल भी शामिल है. पकड़ा गया दूसरा व्यक्ति महावीर मंडल है, जो बीमा भारती का कट्टर समर्थक बताया जा रहा है. दोनों को हिरासत में पुलिस रुपौली थाना लेकर आई. वोट से ठीक पहले बीमा के पीए को हिरासत में लिए जाने के बाद पूर्णिया में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है .नीतीश कुमार की जदयू छोड़कर लालू के राजद में शामिल बीमा भारती का चुनावी क्षेत्र पूर्णिया बिहार की हॉट सीट में शामिल है. एनडीए और पप्पू यादव का महकमा भी एक्टिव हो गया है. लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को पूर्णिया में मतदान होना है. हिरासत में लेकर पुलिस महावीर और अरविंद से पूछताछ में जुटी है. पुलिस ने कैश की जांच के लिए आयकर विभाग को सूचना दे दी. आयकर की टीम थाना पहुंचकर कैश की छानबीन में जुट गई. पुलिस ने उस स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया जिसमें कैश लेकर दोनों जा रहे थे. गाड़ी से बड़ी संख्या में पोस्टर भी बरामद किए गये. जिनके बीच मोटरी बांधकर कैश को छिपाया गया था. बुधवार की देर रात वाहन जांच के दौरान पुलिस ने उन्हें दबोचा था. बता दें कि बीमा भारती पूर्णिया के रुपौली विधानसभा क्षेत्र से पांच बार की विधायक हैं. मंत्री बनाने को लेकर नीतीश कुमार से उनका विवाद हो गया. इसी वजह से बीमा ने नीतीश कुमार को फ्लोर टेस्ट में दिल से मदद नहीं की. बाद में सीएम नीतीश कुमार से नाराजगी के बाद जदयू छोड़ राजद में शामिल हो गई. राजद ने उन्हें पूर्णिया से लोकसभा चुनाव का टिकट दे दिया जबकि इस सीट पर कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव ने चुनाव लड़ने के लिए एड़ी चोटी एक कर दी है. लेकिन पप्पू यादव को महागठबंधन का टिकट नहीं मिला तो निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर गये. बीमा की जीत को लेकर राजद ने पूरी ताकत झोंक दी है. तेजस्वी यादव भी लगातार कैंप कर रहे हैं. भागलपुर रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी बीमा भारती को आशीर्वाद दिया.

## भाजपा में शामिल हुए यूट्यूबर मनीष कश्यप

**पटना।** बिहार के मशहूर यूट्यूबर मनीष कश्यप आखिर में भाजपा में चले गए. लोकसभा चुनाव के बीच उनका भाजपा में आना बड़ी सियासी हलचल है. दिल्ली में भाजपा ज्वाइन करने के बाद यूट्यूबर ने बताया कि वह किसी नेता के कहने पर पार्टी में नहीं आए हैं, बल्कि खुद उनकी मां ने अपने बेटे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपा है. मनीष ने बताया कि उनकी मां पीएम मोदी की बड़ी प्रशंसक हैं. जब मनोज तिवारी ने मनीष कश्यप को भाजपा में शामिल कराने का ऑफर दिया, तो वह उनकी बात नहीं काट पाईं. भाजपा कार्यालय में पार्टी की सदस्यता लेते वक्त मनीष के साथ उनकी मां भी थीं. बाद में मनीष ने अपनी मां के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की. मनीष ने भाजपा ज्वाइन करने के बाद मीडिया से कहा कि वह किसके कहने पर और क्यों पार्टी में आये. उन्होंने कहा कि जब वह जेल में थे तब उनकी मां उनके लिए लड़ रही थीं. उस वक्त चुनिंदा लोगों ने उनकी मां का साथ दिया, जिनमें मनोज तिवारी, सुशील मोदी, विनोद तावड़े और विजय सिन्हा जैसे भाजपा नेता थे. अब जब मनोज तिवारी ने उनकी मां से कहा कि वह मनीष कश्यप को पार्टी में लाना चाहते हैं, तो मां उन्हें मना नहीं कर पाईं.



## दिघरी में धरने पर बैठे सांसद प्रत्याशी पप्पू यादव

**कटिहार।** जिला प्रशासन पर पूर्णिया से सांसद प्रत्याशी पप्पू यादव ने गंभीर आरोप लगाया. उन्होंने प्रशासन पर रोकने का आरोप लगाया. इसके साथ वो प्रशासन के खिलाफ सड़क पर धरने पर बैठ गए. उन्होंने सदर डीएसपी पर हत्या की साजिश का गंभीर आरोप लगाया. बता दें कि कटिहार के कोढ़ा विधानसभा के दिघरी गांव में पप्पू यादव चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे. इस दौरान पप्पू यादव को बेवजह रोकने का आरोप लगा है. हालांकि प्रशासन का कहना है कि पप्पू यादव आचार संहिता का पालन नहीं करते हुए चुनाव प्रचार कर रहे थे. इस मामले पर पप्पू यादव का कहना है कि वह अपने समर्थकों के साथ मिलने पहुंचे थे. इस दौरान प्रशासन ने उनके साथ गलत बर्ताव किया. जिस कारण वह दिघरी चौक पर सड़क पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे हैं. पप्पू यादव ने सदर डीएसपी अभिजीत सिंह पर साजिश कर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया. उनका धरना प्रदर्शन देर तक जारी रहा.



## कारोबार

### गोदरेज को 1,000 करोड़ का ठेका मिला

**नयी दिल्ली।** गोदरेज इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स को वित्त वर्ष 2023-24 में बिजली और बुनियादी ढांचा कारोबार के 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के ठेके मिले. कंपनी बयान के अनुसार, इन प्रत्येक ठेकों का मूल्य 100 करोड़ रुपये से 400 करोड़ रुपये के बीच था. गोदरेज इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं व्यवसाय प्रमुख राघवेंद्र मिर्जी ने कहा कि हम अपने हालिया ठेकों से खुश हैं, जिसने 400केवी से अधिक के खंड में हमारी उपस्थिति को और मजबूत किया है.

### हैप्पीएस्ट प्योरसॉफ्टवेयर का करेगी अधिग्रहण

**नयी दिल्ली।** आईटी कंपनी हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड कुल 9.45 करोड़ अमेरिकी डॉलर (779 करोड़ रुपये) में प्योरसॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज का अधिग्रहण करेगी. कंपनी ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज ने 779 करोड़ रुपये की कुल खरीद पर प्योरसॉफ्टवेयर की 100 प्रतिशत शेयर पूंजी हासिल करने के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं. हैप्पीएस्ट चेयरमैन ने कहा कि हैप्पीएस्ट माइंड्स परिवार में प्योरसॉफ्टवेयर दल का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है.

### कंपनी संघर्ष कर रही है: कुमार मंगलम

**मुंबई।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने गुरुवार को कहा कि वोडाफोन-आइडिया का 18,000 करोड़ रुपये जुटाना कंपनी में 'नई जान फूंकने' जैसा है. कंपनी भारी प्रतिस्पर्धा के बीच ग्राहकों को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही है. बिड़ला ने अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के सूचीबद्ध कार्यक्रम में पत्रकारों से कहा कि कंपनी अपने नेटवर्क को बढ़ाने और चुनिंदा 5जी सेवाओं को पेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगी. यह पूछे जाने पर कि क्या पूंजी जुटाने से कंपनी की ज्यादातर समस्याएं सुलझ जाएंगी बिड़ला ने 'हां' में जवाब दिया.उन्होंने कहा कि यह कंपनी में एक तरह से नई जान फूंकने जैसा होगा.


पिछले साल चीन के सेंट्रल बैंक ने 225 टन से अधिक सोना खरीदा था

# चीन में गोल्ड ट्रेडिंग वॉल्यूम 400% बढ़ा

**गोल्ड इन्वेस्टमेंट**

- पिछले साल अक्टूबर से सोने की कीमत में 30% तेजी आई
- सोने की कीमत 2,400 डॉलर प्रति ओंस से पार हो गई है

भाषा। नयी दिल्ली



**1979** में ईरान में सोने की कीमत डबल हो गई थी

**801** टन गोल्ड रिजर्व के साथ भारत नौवें नंबर पर है

दुनिया में एक तरफ सोने की कीमत तेजी से बढ़ती जा रही है, वहीं दूसरी ओर चीन का सोने की तरफ झुकाव भी उतनी ही तेजी से बढ़ता जा रहा है. जबकि आमतौर पर बढ़ती कीमत को देखकर निवेशक अपनी गति धीमी कर देते हैं और सही समय का इंतजार करते हैं. जब कीमत गिरने लगती है तब खरीदारी पर उनका जोर बढ़ता चला जाता है. वर्तमान में बाजार का हाल देखा जाय तो सोने की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर है. इसके बावजूद चीन में सरकार और आम लोग जमकर सोना खरीद रहे हैं. चीन में गोल्ड ट्रेडिंग वॉल्यूम पिछले साल के एवरेज के मुकाबले 400% बढ़ गया है. पिछले हफ्ते शंघाई फ्यूचर्स एक्सचेंज पर ट्रेडिंग के पीक टाइम पर गोल्ड में ट्रेडिंग एक्टिविटी 13 लाख लॉट पहुंच गई थी. यह स्थिति तब है जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमत 2,400 डॉलर प्रति ओंस के पार निकल चुकी है. पिछले साल चीन के सेंट्रल बैंक ने 225 टन से अधिक सोना खरीदा. साथ ही चीन के लोगों में भी सोना खरीदने की होड़ मची है. इस कारण सोने की कीमत में काफी तेजी दिखी है. पिछले साल अक्टूबर से सोने की कीमत में 30% तेजी आई है. सवाल यह है कि आखिर चीन में सोने की लूट क्यों मची है?

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन का सेंट्रल बैंक तेजी से अपना गोल्ड रिजर्व बढ़ा रहा है. चीन के गोल्ड रिजर्व में मार्च में लगातार 17वें महीने तेजी आई है. सेंट्रल बैंक के साथ-साथ चीन के लोग भी जमकर सोना खरीद रहे हैं. चीन दुनिया में सोने का सबसे बड़ा खरीदार है. सोने की कीमत में तेजी के बावजूद वहां के लोग जमकर कॉइन, बार और जूलरी खरीदने में लगे हैं. देश की इकॉनमी कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है. स्टॉक मार्केट और प्रॉपर्टी सेक्टर का बुरा हाल है. यही वजह है कि चीन के लोग अपनी वेल्थ बचाने के लिए अब गोल्ड में भारी निवेश कर रहे हैं. कुछ एनालिस्ट्स का कहना है कि वे डॉलर में गिरावट की उम्मीद में गोल्ड में इन्वेस्टमेंट कर रहे हैं. वहीं सोशल मीडिया पर कुछ लोगों का कहना है कि चीन ताइवान पर हमले की तैयारी कर रहा है. अगर ऐसा होता है तो पश्चिमी देश चीन पर प्रतिबंध लगा सकते हैं. यही कारण है कि चीन के लोग जमकर सोने की खरीदारी कर रहे हैं. मुसीबत के समय हमेशा सोने की कीमत बढ़ती है. साल 1979 में जब ईरान में इस्लामी क्रांति हुई थी तो सोने की कीमत डबल हो गई थी. इसी तरह लाल सागर में हूती विद्रोहियों के आतंक और रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से सोने की चमक बढ़ी है.

### अमेरिकी के पास सबसे ज्यादा 8,133 टन सोना है

दुनिया के सबसे ताकतवर देश और सबसे बड़ी इकॉनमी अमेरिका की है. अमेरिकी सरकारी खजाने में सबसे ज्यादा 8,133 टन सोना जमा है. दूसरे नंबर जर्मनी है जिसके केंद्रीय बैंक के खजाने में 3,353 टन सोना भरा है. इटली के पास 2,452 टन गोल्ड रिजर्व है. फ्रांस के पास 2,437 टन गोल्ड है और वह इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर है. रूस के पास 2,333 टन सोना पड़ा है. चीन इस लिस्ट में छठे नंबर पर है. यूरोप के छोटे से देश स्विट्जरलैंड के पास 1,040 टन सोना है. जापान के पास 847 टन गोल्ड रिजर्व है. भारत के पास 801 टन गोल्ड रिजर्व है और वह इस लिस्ट में नौवें नंबर पर हैं. गोल्ड रिजर्व के मामले में भारत के बाद नीदरलैंड (612 टन), तुर्की (440 टन), ताइवान (424 टन), पुर्तगाल (383 टन), उजबेकिस्तान (377 टन), सऊदी अरब (323 टन) और कजाकिस्तान (314 टन) का नंबर है.

# भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या घटेगी : आरबीआई

भाषा। नयी दिल्ली

आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या भविष्य में 'कम गंभीर' होगी, क्योंकि विविध स्रोतों के साथ आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट खाद्य पदार्थों की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से निपटने में मदद कर सकती हैं. भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि नीति के कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं. उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत विकसित होगा, इस समस्या (उच्च खाद्य मुद्रास्फीति) की गंभीरता कई कारणों से कम होती जाएगी. विविध स्रोतों वाली आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट वस्तुओं के दाम बढ़ने पर उनसे निपटने में मदद करेंगी. गोयल ने कहा कि किसी ने भी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में टमाटर या प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी के बारे में नहीं सुना है. उन्होंने कहा कि हमारे पास स्वाभाविक रूप से विविध भौगोलिक क्षेत्र हैं, विभिन्न क्षेत्रों से बेहतर एकीकृत बाजार जलवायु परिवर्तन से प्रेरित खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी को कम करने में मदद कर सकते हैं.



### श्रीलंका अब आर्थिक सहयोग में तेजी लाने पर विचार कर रहा है

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि द्वीप राष्ट्र भारत के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग में तेजी लाने पर विचार कर रहा है. इसमें पर्यटन क्षेत्र अहम रहेगा. भारतीय कंपनी आईटीसी होटल्स की पहली विदेशी संपत्ति आईटीसी रत्नादीपा के यहां उद्घाटन समारोह में विक्रमसिंघे ने कहा कि एक उभरते हुए आर्थिक दिग्गज के रूप में भारत की स्थिति और एक रणनीतिक लॉजिस्टिक्स केंद्र के रूप में श्रीलंका की स्थिति दोनों अर्थव्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने में एक-दूसरे के पूरक होंगे. विक्रमसिंघे ने कहा कि यह श्रीलंका में पर्यटन को बढ़ाने में मदद करेगा, खासकर भारत से...यह उस बयान के अनुरूप है जिस पर प्रधानमंत्री मोदी और मैंने पिछले साल हस्ताक्षर किए थे.

पाक कारोबारियों ने पीएम शहबाज से व्यापार को बढ़ावा देने को कहा

# भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू हो

भाषा। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के व्यापार जगत के लोगों ने देश के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से व्यापार तथा वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया है. शरीफ के साथ एक संवाद सत्र में उन्होंने यह आग्रह किया, जिससे नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा. पाकिस्तान की वाणिज्यिक राजधानी में सिंध सीएम हाउस में बुधवार को एक घंटे की बैठक के दौरान कई बड़े सवाल उठे. कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन साथ ही उन्हें अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह भी दी.

**यूरोपीय संघ** एथिलीन ऑक्साइड का उपयोग स्टरलाइजिंग एजेंट के रूप में किया जाता है

# ईयू 527 भारतीय वस्तुओं को कंटेमिनेटेड पाया था

भाषा। नयी दिल्ली

भारतीय मसालों को सिंगापुर और हांगकांग में प्रतिबंध लगाने के बाद भारत सरकार की नींद टूटी और इसे गंभीरता से लेना शुरू किया. जाहिर है किसी भारतीय उत्पाद का विदेशों में प्रतिबंधित किया जाना चिंता का विषय है. भले ही अभी यह चर्चा में आया हो लेकिन इससे पहले की कई उत्पाद कंटेमिनेटेड पाये जा चुके हैं. सूत्रों के मुताबिक सितंबर 2020 और अप्रैल 2024 के बीच यूरोपीय संघ ने 527 भारतीय वस्तुओं को कंटेमिनेटेड पाया. संघ का कहना है कि इन सामानों में कैंसर पैदा करने वाले रसायन पाए गए. यूरोपीय संघ के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जिन भारतीय सामानों को प्रतिबंध किया उनमें से अधिकांश मेवे और तिल के बीज (313), जडी-बूटी और मसाले (60), डायबेटिक व्यक्ति के लिए खाद्य पदार्थ (48) और अन्य खाद्य उत्पाद (34). इन सामानों के 87 कंशाइनमेंट को देश के बार्डर पर ही रोक दिया गया था, जबकि शेष को बाद में बाजारों से हटा दिया गया था. वहीं अब सिंगापुर और हांगकांग ने एवरेस्ट और एमडीएच के मसालों पर प्रतिबंध लगा दिया है. उनका कहना है कि उनमें एथिलीन ऑक्साइड पाया गया था. इसे कैंसर पैदा करने वाला रसायन माना जाता है. इसी के कारण हांगकांग और सिंगापुर में भारतीय उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था.



**प्रतिबंध लगाया**

- ईयू ने जो प्रतिबंध लगाए हैं उनमें अधिकांश मेवे हैं
- एथिलीन ऑक्साइड से लिम्फोमा कैंसर होता है

हालांकि यूरोपीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण द्वारा नियमित रूप से भारतीय उत्पादों में यही रसायन पाया गया था, लेकिन अधिकारियों द्वारा इसके उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए कोई सक्रिय कदम नहीं उठाया गया है. एथिलीन ऑक्साइड, एक रंगहीन गैस, का उपयोग कीटनाशक और स्टरलाइज़िंग एजेंट के रूप में किया जाता है. हालांकि रसायन का मूल उद्देश्य चिकित्सा उपकरणों को स्टरलाइज़ करना था. कहा जाता है कि एथिलीन ऑक्साइड के संपर्क में आने से लिम्फोमा और ल्यूकेमिया सहित अन्य कैंसर होते हैं. यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में भोजन की सुरक्षा का पता लगाने वाली एक ऑनलाइन प्रणाली, रैपिड अलर्ट सिस्टम फॉर फूड एंड फीड से उपलब्ध डेटा से पता चलता है कि यह केमिकल 525 खाद्य उत्पादों और दो फ़ीड प्रोडक्ट्स में पाया गया था. जबकि उनमें से 332 के लिए भारत को एकमात्र मूल देश के रूप में उल्लेख किया गया था, अधिकारियों ने अन्य देशों को टैग किया जहां शेष उत्पादों के लिए केमिकल पाया गया था.

# एफएसएसएआई सेरेलैक के नमूने एकत्र कर रहा है: सीईओ

भाषा। नयी दिल्ली

खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने कहा कि वह नेस्ले के शिशु आहार सेरेलैक के पूरे भारत से नमूने एकत्र कर रहा है. हाल ही में एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि कंपनी उत्पाद में अधिक चीनी डाल रही है. भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जी. कमला वर्धन राव ने खाद्य सुदृढ़ीकरण पर एसोचैम के एक कार्यक्रम के मौके पर कहा कि हम देश भर से (नेस्ले के सेरेलैक शिशु आहार के) नमूने एकत्र कर रहे हैं. प्रक्रिया पूरी होने में 15-20 दिन लगेंगे. भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एक वैधानिक निकाय है. स्विट्जरलैंड के गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क' (आईबीएफएएन) ने हाल ही में अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया कि नेस्ले ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत सहित कम विकसित दक्षिण एशियाई देशों, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे. रिपोर्ट तैयार करने के लिए विभिन्न देशों में बेचे जाने वाले करीब 150 विभिन्न शिशु उत्पादों का अध्ययन किया गया.



# ओबीसी का हक छीनना चाहती हैं सपा-कांग्रेसः मोदी

एजेंसी। आगरा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुष्टीकरण की राजनीति को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के गठबंधन का आधार बताते हुए गुरुवार को दोनों दलों पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने आरोप लगाया कि ये दोनों दल पिछले दरवाजे से ओबीसी का हक छीन कर अपने वोट बैंक को मजबूत करना चाहते हैं. मोदी आगरा से भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल और फतेहपुर सीकरी से पार्टी उम्मीदवार राजकुमार चाहर के समर्थन में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे.

उन्होंने कहा कि देश ने तुष्टिकरण की राजनीति बहुत देखी है. इस राजनीति ने देश को टुकड़ों-टुकड़ों में बांट कर रख दिया है. सपा और कांग्रेस का गठबंधन घोर तुष्टीकरण में जुटा है. इस चुनाव में कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है, उस पर शत-प्रतिशत मुस्लिम लीग की छाप है. उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज करते हुए कहा कि यहां उत्तर प्रदेश में जो दो लड़कों में दोस्ती है, इसका भी आधार तुष्टीकरण की राजनीति ही है. दोनों मिल कर भाषण में तो ओबीसी-ओबीसी करते हैं, मगर पिछले दरवाजे से ओबीसी का हक छीनना चाहते हैं. मोदी ने दावा किया कि सपा और कांग्रेस जहां तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं, वहीं भाजपा बिना किसी भेदभाव के सभी को सरकारी योजनाओं का लाभ दे रही है.

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से ही यह स्पष्ट हो गया था कि भारत में धर्म के आधार पर कभी आरक्षण नहीं दिया जाएगा. मगर कांग्रेस ने बार-बार धर्म के आधार पर आरक्षण की वकालत की.

मोदी ने कहा कि अब कांग्रेस ने ठान लिया है कि वह धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था लाकर रहेगी और इसके लिए कांग्रेस ने तरीका निकाला है कि ओबीसी का 27 प्रतिशत कोटा है, उसमें से कुछ चोरी कर लिया जाए और धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया जाए. इसमें उसे समाजवादी पार्टी का पूरा साथ मिल रहा है. सपा अपनी वोट बैंक की खातिर यादव और पिछड़ों से ही सबसे बड़ा विश्वासघात कर रही है.

### पीएम बोले

- कांग्रेस ने हमेशा धर्म के आधार पर आरक्षण की वकालत की
- यादव और पिछड़ों से ही सबसे बड़ा विश्वासघात कर रही सपा

# पीएम मोदी 'असत्यमेव जयते' के प्रतीकः कांग्रेस

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उसके घोषणापत्र को लेकर झूठ फैलाने का आरोप लगाया और उन्हें यह बताने की चुनौती दी कि घोषणापत्र के किस पन्ने पर 'धन पुनर्वितरण' का उल्लेख किया गया है. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस के 'न्याय पत्र' (घोषणापत्र) में विरासत कर का भी कोई उल्लेख नहीं है और यह विषय उसके एजेंडे में ही नहीं है.



संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि विरासत कर भाजपा के एजेंडे में रहा है. कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने 2021 की जनगणना नहीं करवाई, क्योंकि वह आरक्षण खत्म करना चाहती है. रमेश ने यह कहा कि प्रधानमंत्री 'असत्यमेव जयते' के प्रतीक हैं और इसी में विश्वास करते हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस लोगों का धन छीन कर उन लोगों में वितरित करना चाहती है, जिनके ज्यादा बच्चे हैं और जो घुसपैठिये हैं. रमेश ने कहा कि कुछ राज्यों में भाजपा का सफाया होने जा रहा है, कुछ राज्यों में उनकी सीटों में भारी कमी होने जा रही है. भाजपा परेशान है और प्रधानमंत्री बौखलाए हुए हैं.

उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री ने पहले चुनाव को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की और अब वो ऐसी बातें कर रहे हैं, जो कांग्रेस के 'न्याय पत्र' में है ही नहीं. कांग्रेस महासचिव ने कहा कि हमारा एक सकारात्मक एजेंडा है. हम जनता के मुद्दों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं.

रमेश ने कहा कि हमारे न्याय पत्र में विरासत कर का कोई जिक्र नहीं है. विरासत कर हमारा एजेंडा नहीं है. पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 1985 में विरासत कर को हटाया था. उन्होंने दावा किया कि विरासत कर भाजपा का एजेंडा है तथा पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली, वित्त राज्य मंत्री जयंत सिन्हा और भाजपा से जुड़े बुद्धिजीवियों ने इसकी पैरवी की थी.

### जयराम बोले

- विरासत कर कांग्रेस का नहीं, बल्कि भाजपा का एजेंडा
- कुछ राज्यों में भाजपा का सफाया होने जा रहा है

## ब्रीफ खबरें

### कौन बनेगा करोड़पति के नये सीजन का आगाज जल्द



**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का कौन बनेगा करोड़पति एक ऐसा रियलिटी शो है, जिसे हर उम्र के दर्शक बड़े ही चाव से देखते हैं. दर्शकों से इसे इतना प्यार और प्रशंसा मिली है कि चैनल ने इसके सीजन 16 को शुरू करने की घोषणा कर दी है. इसके साथ ही, कौन बनेगा करोड़पति शो के लिए रजिस्ट्रेशन 26 अप्रैल रात 9 बजे से शुरू होने जा रहे हैं.

### पाकिस्तान के कराची में 3.2 तीव्रता का भूकंप

**कराची।** पाकिस्तान के सबसे बड़े महानगर कराची में बुधवार की रात रिक्टर पैमाने पर 3.2 तीव्रता का भूकंप आने से घबराए लोग अपने-अपने घरों से निकलकर बाहर एकत्र हो गए. अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी. भूकंप के झटके महानगर के बाहरी इलाकों में महसूस किये गये. मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप का केंद्र जमीन से 12 किलोमीटर नीचे था. लेकिन इसके झटके कायदाबाद, मालिर, गडप और सादी कस्बे समेत शहर के सभी बाहरी इलाकों में महसूस किये गये .

### अरुणाचल में भूस्खलन एनएच का एक हिस्सा धंसा

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण भूस्खलन हुआ और राष्ट्रीय राजमार्ग-313 का एक हिस्सा धंस गया, जिससे यातायात बाधित हो गया है. एक अधिकारी ने गुरुवार को जानकारी दी कि निचली दिबांग घाटी में रोइंग को एनीनी से जोड़ने वाले अहम राजमार्ग के एक हिस्से के क्षतिग्रस्त होने से दिबांग घाटी जिले से जमीनी संपर्क टूट गया है. एनीनी के अतिरिक्त उपायुक्त धूर्बाज्योति बोरा ने कहा, जिला प्रशासन ने युद्ध स्तर पर सड़क मरम्मति कार्य कर रहा है.

### सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गये

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बौध जिले में गुरुवार को तड़के सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम दो माओवादी मारे गए. पुलिस ने यह जानतकारी दी. एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कांतामल पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत आने वाले पारहेल आरक्षित वन क्षेत्र में माओवादियों और ओडिशा के एसओजी के कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई. उन्होंने कहा कि घटनास्थल से दो माओवादियों के शव मिले हैं और उनके पास से हथियार, हथगोले और अन्य सामान भी बरामद हुए हैं.

## सुप्रीम कोर्ट का डिजिटलीकरण, चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने की घोषणा

# व्हाट्स ऐप पर मिलेगी मुकदमों की जानकारी

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने डिजिटलीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए गुरुवार को घोषणा की कि उच्चतम न्यायालय व्हाट्स ऐप संदेशों के माध्यम से अधिवक्ताओं को वाद सूची और मामलों को दाखिल एवं सूचीबद्ध करने से संबंधित जानकारी साझा करेगा. उन्होंने कहा कि इसका बहुत प्रभावशाली असर होगा और इस कदम से कागज व पृथ्वी को बचाने में भी मदद मिलेगी.

प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ द्वारा याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी सवाल पर सुनवाई शुरू करने से पहले न्यायमूर्ति चंड्रचूड़ ने व्हाट्स ऐप को न्यायालय की सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) सेवाओं से जोड़ने की घोषणा की. याचिकाओं से यह सवाल निकल कर सामने आया कि क्या निजी संपत्तियों को संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत 'समुदाय का भौतिक संसाधन' माना जा सकता है, जो राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) का एक हिस्सा है.

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उच्चतम न्यायालय की स्थापना के 75वें वर्ष में हमने एक छोटी सी योजना की शुरुआत की है. इसमें बहुत असरकारक होने की क्षमता है. व्हाट्स ऐप हमारी रोजाना की जिंदगी में शामिल हो चुका है और इसने एक शक्तिशाली संचार सुविधा की भूमिका ले ली है. उन्होंने यह भी कहा कि न्याय तक पहुंच के अधिकार को मजबूत बनाने और न्याय तंत्र में पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए उच्चतम न्यायालय अपनी आईटी सेवाओं को व्हाट्स ऐप के साथ जोड़ने की घोषणा करता है.



### सुप्रीम कोर्ट का आधिकारिक व्हाट्स ऐप नंबर जारी

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस घोषणा को एक क्रांतिकारी कदम बताया. प्रधान न्यायाधीश ने शीर्ष अदालत का आधिकारिक व्हाट्स ऐप नंबर 8767687676 साझा किया और कहा कि इस पर कोई संदेश और कॉल प्राप्त नहीं होगा. न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि इससे हमारी कामकाजी आदतों में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा और कागजात बचाने में काफी मदद मिलेगी. केंद्र सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के लिए सात हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दी है.

### महत्वपूर्ण कदम

- कोर्ट की आईसीटी सेवाओं से व्हाट्स ऐप को जोड़ा गया
- दाखिल व सूचीबद्ध मुकदमों की प्राप्त होगी जानकारी

### आदेश व निर्णयों के संबंध में ऑटमेटेड संदेश मिलेंगे

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए कहा कि इस पहल के अंतर्गत 'एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड' और शीर्ष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने वाले वादियों को ऑनलाइन मुकदमा दाखिल करने, वाद सूची, आदेश और निर्णयों के संबंध में ऑटमेटेड संदेश प्राप्त होंगे. उन्होंने यह भी कहा कि वाद सूची के प्रकाशित होने के बाद 'बार' के सभी सदस्यों को उनके मोबाइल फोन पर सूची प्राप्त होगी. उन्होंने कहा कि वेबसाइट पर उपलब्ध आदेश और निर्णय व्हाट्स ऐप के जरिये भेजे जाएंगे.

## ई-कॉमर्स कंपनियों को सरकार की चेतावनी - ग्राहकों को गुमराह न करें

# अब हॉर्लिक्स-बॉर्नवीटा हेल्दी ड्रिंक नहीं

एजेंसी। नयी दिल्ली

हॉर्लिक्स और बॉर्नवीटा और कई अन्य बेवरेज अब हेल्दी ड्रिंक नहीं रह गए हैं. भारत सरकार के आदेश के बाद इसकी पैरेंट कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर ने कैटेगरी बदल दी है और इससे हेल्दी का लेबल हटा दिया है. अब इसकी कैटेगरी का नाम बदल कर फंक्शनल न्यूट्रिशनल ड्रिंक्स (एफएनडी) कर दिया है. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कई पेय पदार्थों की कंपनियों को अपने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से हेल्थ ड्रिंक कैटेगरी को हटाने का निर्देश दिया था.

दरअसल, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने आगाह किया था कि गलत शब्दों का इस्तेमाल उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकता है. इसलिए इसने सभी ई-कॉमर्स फूड बिजनेस ऑपरेटर्स को ऐसे ड्रिंक पदार्थों को हेल्थ ड्रिंक्स या एनर्जी ड्रिंक्स की कैटेकरी से हटा कर या अलग करके इसे ठीक करने की सलाह दी थी. एफएसएसएआई ने स्पष्ट किया कि 'हेल्थ ड्रिंक' शब्द एफएसएस एक्ट 2006 या इसके नियम-कानून के तहत फूड इंडस्ट्री के लिए परिभाषित या मानकीकृत नहीं है.

**हेल्दी ड्रिंक शब्द खाद्य कानूनों में परिभाषित नहीं :** इस महीने एफएसएसएआई ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे डेयरी-आधारित, अनाज-आधारित या माल्ट-आधारित बेवरेज को हेल्दी ड्रिंक या एनर्जी ड्रिंक के रूप में लेबल न करें. ऐसा इसलिए है, क्योंकि हेल्दी ड्रिंक शब्द को देश के खाद्य कानूनों में परिभाषित नहीं किया गया है और एनर्जी ड्रिंक कानूनों के तहत विशेष रूप से कार्बोनेटेड और गैर-कार्बोनेटेड दोनों प्रकार के फ्लेवर वाले वाटर बेस्ड ड्रिंक को संदर्भित करता है.




### नाम में हुआ ये बदलाव

हॉर्लिक्स और बूस्ट जैसी ड्रिंक्स हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड की कंपनी के प्रोडक्ट हैं. इससे पहले वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कंपनियों को अपने प्रोडक्ट्स से हेल्दी ड्रिंक कैटेगरी का नाम हटाने का निर्देश दिए थे, जिसके बाद यह कदम उठाया गया है. 24 अप्रैल को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर के मुख्य वित्तीय अधिकारी रितेश तिवारी ने घोषणा करते हुए कहा कि यह बदलाव हमारे प्रोडक्ट की कैटेगरी को ज्यादा सटीक और पारदर्शिता प्रदान करेगा.

### क्यों बदली गई कैटेगरी

दरअसल, फूड फार्मर नामक एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने लोगों का बॉर्नविटा में हाई शुगर होने की तरफ ध्यान आकर्षित किया था. इसके बाद राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को जांच का आदेश दिया था. इसके बाद कंपनियों को अपने प्रोडक्ट की कैटेगरी बदलनी पड़ी. एचयूएल के अनुसार, फंक्शनल न्यूट्रिशनल ड्रिंक्स श्रेणी का मतलब प्रोटीन और कई पोषक तत्वों की कमी की जरूरतों को पूरा करना है. एफएनडी को किसी भी नॉन-अल्कोहॉलिक ड्रिंक के रूप में परिभाषित किया जा सकता है.

# जैसलमेरः वायु सेना का रिमोट पायलटेड विमान दुर्घटनाग्रस्त



एजेंसी। जैसलमेर

भारतीय वायु सेना का एक 'रिमोटली पायलटेड विमान' बृहस्पतिवार को जैसलमेर जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. वायुसेना के अनुसार, इस हादसे में जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है. दुर्घटना जैसलमेर के पिथला गांव के पास एक खुले मैदान में हुआ. वायुसेना ने 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि भारतीय वायु सेना का रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान आज जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया. किसी भी कर्मी या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है. इसके अनुसार, दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' का आदेश दिया गया है.

# अखिलेश ने कन्नौज से भरा पर्चा

एजेंसी। कन्नौज

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कन्नौज लोकसभा सीट के लिये अपना नामांकन दाखिल कर दिया. बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ कचहरी पहुंचे अखिलेश के साथ सपा प्रमुख महासचिव राम गोपाल यादव एवं अन्य नेता भी मौजूद थे. सपा ने इससे पहले मैनपुरी से पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह यादव को कन्नौज लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था.

नामांकन करने के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि कन्नौज में सपा के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम जनता की यह ख्वाहिश थी कि वह इस सीट से चुनाव लड़ें. उम्मीद है कि जनता एक बार फिर उन्हें आशीर्वाद देगी. उन्होंने कहा कि कन्नौज का चुनाव भाजपा की नकारात्मक राजनीति को खत्म करेगा. हम कन्नौज की पहचान को आगे बढ़ाएंगे और यहां के लोगों के सम्मान और विकास के लिये काम करेंगे. सपा प्रमुख ने यह भी कहा कि भाजपा ने कन्नौज का विकास रोक कर नकारात्मक राजनीति की. अब वह खत्म होगी, भाईचारे का एक दौर शुरू होगा, जो कन्नौज में विकास और खुशहाली लाएगा.

नामांकन से पहले अखिलेश ने कन्नौज से नामांकन की 24 साल पुरानी एक तस्वीर 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा कि फिर इतिहास दोहराया जाएगा. अब नया भविष्य बनाया जाएगा. अखिलेश यादव पूर्व में तीन बार कन्नौज से ही सांसद रह चुके हैं. कन्नौज में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा.



### खास बातें

- नकारात्मक राजनीति खत्म कर खुशहाली लायेंगे
- 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा- फिर इतिहास दोहराया जाएगा

# अमेरिका ने यूक्रेन को हथियार की खेप भेजना शुरू किया

एजेंसी। वाशिंगटन

रूस और यूक्रेन के बीच लंबे वक्त से जारी युद्ध के बीच अमेरिका ने बुधवार को यूक्रेन को हथियार और गोला बारूद भेजना प्रारंभ कर दिया. इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने चीन, ईरान और उत्तर कोरिया पर रूस की मदद करने का आरोप लगाया. बाइडन ने यूक्रेन और इजराइल को मदद देने तथा ताइवान समेत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका और उसके सहयोगियों की सुरक्षा मजबूत करने के लिए 95.3 अरब अमेरिकी डॉलर के सहायता पैकेज संबंधी विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं.

उन्होंने विधेयक पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा कि पुतिन (रूस के राष्ट्रपति) के मित्र उन्हें लगातार साजो सामान की आपूर्ति कर रहे हैं. ईरान ने उन्हें ड्रोन भेजे. उत्तर कोरिया ने बैलेस्टिक मिसाइल और तोप के गोले भेजे हैं. वहीं, रूस के रक्षा उत्पादन को बढ़ाने के लिए चीन सामान मुहैया करा रहा है. बाइडन ने कहा कि इस प्रकार का सहयोग मिलने पर रूस ने यूक्रेनी शहरों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों को निशाना बनाते हुए हवाई हमले तेज कर दिए हैं. अपनी मातृभूमि की रक्षा कर रहे यूक्रेन के वीर जवानों पर गोला-बारूद बरसाएं हैं और अब अमेरिका यूक्रेन को युद्ध में अपनी रक्षा करने और तेज पलटवार करने के लिए आवश्यक साजो सामान की आपूर्ति करने जा रहा है.

### खास बातें

- चीन और ईरान पर रूस की मदद का आरोप लगाया
- पूरे यूरोप की रक्षा के लिए निवेश : जो बाइडन

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# फाइनांशियल एनालिस्ट बन कर बेहतर कॅरियर बना सकते हैं

रजनीश प्रसाद

फाइनांशियल एनालिस्ट एक बिजनेस इंडस्ट्री में फाइनांस क्षेत्र के रिसर्च विशेषज्ञ होते हैं. फाइनांशियल एनालिस्ट बिजनेस से जुड़े फाइनांस डेटा की जानकारी का संग्रह कर उन्हें ऑर्गनाइज़ करता है. सभी जानकारी, रिजल्ट का विश्लेषण करना, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना और भविष्य में होने वाली गतिविधियों का पूर्वानुमान लगाकर बिजनेसमैन/इंडस्ट्री एक्सपट्र्स के साथ साझा करता है. फाइनेंशियल एनालिस्ट बिजनेस में वित्तीय संकट को कम करने या उसे टालने में सहयोग करते हैं. यह किसी संगठन के लिए बाजार के ट्रेंड या किसी कंपनी की मार्केट में क्या स्थिति है, इसके बारे में संपूर्ण रिपोर्ट तैयार करते हैं. इन रिपोर्टों के माध्यम से कंपनी की वित्तीय स्थिति में सुधार कर अपने बिजनेस का कैसे विकास करें, सेवाओं को संभावित ग्राहकों तक कैसे पहुंचाए, इसकी व्यवस्था करते हैं.

### फाइनेंशियल एनालिस्ट के काम

1 एक फाइनेंशियल एनालिस्ट आगामी प्रोजेक्ट्स के लिए बजट निर्धारित करने में मदद करता है.
2. भविष्य में होने वाले खर्च और आय का अनुमान लगाकर कंपनियों को सलाह देता है.
3. फाइनेंशियल एनालिस्ट मार्केट में कहां निवेश करना चाहिए, इसकी जानकारी साझा करता है
4. बिजनेस की फाइनेंशियल स्थिति कैसे सुधारें और नुकसान को कम कैसे करें, इसकी सलाह देता है.
5. भविष्यनिधि के लिए एक लॉन्ग टर्म प्लान कैसे बनाएं, इसकी जानकारी देता है.
6. फाइनेंशियल एनालिस्ट बिजनेस से जुड़े निर्णय लेने और जानकारी देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.
7. लाभ और नुकसान से जुड़ी योजनाओं का मूल्यांकन करता है.



### फाइनेंशियल एनालिस्ट बनने के लिए जरूरी स्किल्स

1. डाटा एनालिसिस
2. फाइनेंशियल एनालिसिस
3. फाइनेंशियल मॉडलिंग
4. स्ट्रेटेजिक सोच
5. निर्णय लेने की क्षमता
6. मार्केटिंग स्किल्स
7. मैथ्स स्किल्स
8. कम्यूनिकेशन और कॉम्प्रिहेंशन
9. ईआरपी सॉफ्टवेयर का ज्ञान
10. प्रेजेंटेशन स्किल्स
11. टाइम मैनेजमेंट
12. प्रेशर वाले माहौल में काम करना
13. मल्टीटास्किंग

### सर्टिफिकेशन कोर्स

- चार्टर्ड फाइनांशियल एनालिस्ट (सीएफए)
- सर्टिफायड पब्लिक एकाउंटेंट (सीपीए)
- सर्टिफायड फाइनांशियल प्लानर (सीएफपी)
- फाइनांशियल रिस्क मैनेजर (एफआरएम)
- फाइनांशियल एंड वैल्युएशन एनालिस्ट (एफएमवीए)

### डिग्री कोर्स

- 1. बीएससी क्वांटिटेटिव फाइनांस
- 2. एमएससी एडवांस्ड फानांशियल एनालिसिस
- 3. पीजीडीएम इन फानांशियल एनालिसिस
- 4. पोस्टग्रेजुएट इन बैंकिंग एंड वेल्थ मैनेजमेंट
- 5. एमएससी इन फाइनांस

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)